हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित





खेल

**नवजोत सिंह सिद्धू ने की तारीफ : विराट कोहली 10 से 15 शतक और लगाएंगे**





देश

**आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार, योगी की मंत्री ने पत्र लिखकर खुद खोली पोल**

मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • मंगलवार • 25 फरवरी 2025 • वर्ष 27 • अंक 77 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 87,870 | ₹1,01,000 |

## आज का इतिहास

- **1995 :** भारत के असम में एक ट्रेन पर बम हमला हुआ था, जिसमें 27 सैनिक मारे गए थे।
- **2000 :** रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा भारत के साथ द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन।

## न्यूज बाइट्स

### विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के चुने गये अध्यक्ष

**नई दिल्ली (ए.)।** श्री विजेंद्र गुप्ता सोमवार को सर्वसम्मति से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक विजेंद्र गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। अध्यक्ष के लिए दूसरा प्रस्ताव कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह ने किया, जिसका मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर्थन किया। भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने भी श्री गुप्ता के लिए अध्यक्ष पद के दोनों प्रस्तावों का समर्थन किया। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर लवली ने श्री गुप्ता का नाम अध्यक्ष के लिए सदन के समक्ष रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। श्रीमती गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने श्री गुप्ता को अध्यक्षीय आसान तक पहुंचाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

### संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में महिलाओं की भागीदारी बढाना जरूरीः मुर्मु

**नईदिल्ली(ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महिलाओं के प्रभुत्व वाले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों की हिंसा कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौतों में प्रभावशाली भूमिका का उल्लेख करते हुए इन मिशनों में महिलाओं को अधिक से अधिक शामिल करने को कहा है। ग्लोबल साउथ देशों की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के एक समूह ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि शांति मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण तथा समावेशी बनाती हैं। महिला शांति सैनिकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं लिंग आधारित हिंसा के समाधान, विश्वास और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिन शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है वे हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं।

### उपभोक्ताओं को अब एक ही सिस्टम से मिलेगा बिजली बिल

**पटना (नि.सं.)।** ऊर्जा सचिव सह बिजली कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने राजस्व प्रबंधन प्रणाली (रेवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम) के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। वर्तमान में दो अलग-अलग सिस्टम-एसएपी और एनआईसी से ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं की बिलिंग प्रबंधन की जाती है। अब इन सभी को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए आरएमएस प्रणाली विकसित की गई है। नई प्रणाली के तहत पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों प्रकार की बिलिंग को भी एक ही मंच पर लाया जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को अधिक सटीक और समय पर बिलिंग की सुविधा मिलेगी। आरएमएस से बिलिंग सिस्टम डिजिटली अधिक सक्षम, निर्बाध और प्रभावी बनेगा, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा मिलेगी।

# पीएम ने 9.8 करोड़ किसानों को दी सौगात सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी

- इस योजना के तहत किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान की जाती है, ताकि खेती से जुड़े खर्चों में मदद मिल सके।



**निज संवाददाता | भागलपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। सरकार इस योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही है, जिससे खेतीबारी से जुड़े उनके खर्चों में मदद मिल सके।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और जंगलराज वालों ने बिहार को बदनाम किया। बिहार को पीछे धकेला। लेकिन, अब एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार को वहीं पहचान मिलेगा जो भगवान बुद्ध और सम्राट अशोक के समय में हुआ करती थी। पीएम मोदी ने बिहार में शुरू हुई कई योजनाओं ने नाम भी गिनाएं। उन्होंने कहा कि भागलपुर वैश्विक ज्ञान का केंद्र हुआ करता था। हम नालंदा विवि के प्राचीन गौरव को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। जल्द ही केंद्र सरकार विक्रमशिला विवि को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे हैं। इसपर काम भी शुरू हो चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वह कभी भी परिस्थितियों को बदल नहीं सकते हैं। एनडीए सरकार ने इसे बदला है। पहले यूरिया के लिए किसान लाठी खाता था। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज देखिए किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। हमने तो कोरोना काल में भी किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। आप कल्पना कीजिए अगर एनडीए सरकार न होती तो क्या होता? अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी हमारे किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती। आज भी बरौनी कारखाना बंद रहता। जो खाद की बोरी विदेशों में 3000 रुपये में मिलती है। एनडीए सरकार 300 रुपये से कम में खाद की बोरी दे रही है। हमारी सरकार किसानों की भलाई के लिए काम करती है। सीएम नीतीश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं (सीएम नीतीश) पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। यह खुशी की बात है कि बिहार से किसानों के खाते में सम्मान निधि योजना की राशि भेजी जा रही है। बिहार के किसानों के खाते में आज पैसे जाएंगे। आपको बता दें कि हमलोगों का शुरू से ही खेती किसानों पर फोकस रहा है। कृषि रोड मैप लागू होने से कृषि उत्पादन बढ़ा है। साथ ही मछली, दूध, मांस और अंडा का भी उत्पादन बढ़ा है। मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। पीएम मोदी का बिहार के विकास में काफी सहयोग मिल रहा है। इस बजट मखाना बोर्ड, ग्रीनफील्ड समेत कई सौगातें बिहार को देश के बजट में मिली। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### अब बारी बिहार के मखाना की : पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते सालों में भारत का कृषि निर्यात बहुत बढ़ा है। इसलिए किसानों को उत्पाद की ज्यादा कीमत मिल रही है। अब बिहार के मखाना की बारी है। मखाना आज देश के शहरों में सुबह के नाश्ते का प्रमुख अंग बन चुका है। मैं 365 दिन से 300 दिन मखाना खाता हूं। यह सुपरफूड है। इसलिए इस बार के बजट में मखाना बोर्ड बनाने का एलान किया गया है।

### देश के करोड़ों किसानों के खाते में पहुंचे हैं पैसे : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंगिका भाषा में लोगों को प्रणाम किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं शहीद तिलका मांझी की धरती को नमन करता हूं। बाबा अजगैबीनाथ के आशीष वाले इस धरती पर आना मेरा सौभाग्य है। आज देश के करोड़ों किसानों के खाते में पैसे पहुंचे हैं। किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की गई है। आज बिहार के 75 लाख के अधिक परिवार के किसानों के खाते में 1600 सौ करोड़ से अधिक रुपये दिए गए। हर किसान के खाते में किसान निधि की किस्त एक क्लिक पर गई है। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर या फिर बिहार में हो, किसान कल्याण हमारी पहली प्राथमिकता है। बीते दशक में हमने पूरी शक्ति से काम किया है।

# बालू लदा ट्रक ऑटो से टकराया, सात की मौत टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां नहर में गिरीं

**निज संवाददाता | पटना**

पटना के मसौढ़ी में रविवार देर रात बालू लदे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां छोटी नहर में गिर गईं। ट्रक ऊपर और ऑटो उसके नीचे था। एक्सीडेंट में ऑटो के परखच्चे उड़ गए।पुलिस ने जेसीबी से शव को बाहर निकाला। घटना मसौढी-नौबतपुर मार्ग पर धनीचक मोड़ पर की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के बाद से एक महिला और उसकी 2 साल की बच्ची अभी भी लापता हैं। जेसीबी की मदद से उन्हें ढूंढा जा रहा है।

मसौढ़ी के एसडीओ नव वैभव ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। देर रात हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत कार्य चलाया गया। गाड़ी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इधर सोमवार सुबह आक्रोशित लोगों ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग को जाम कर दिया है। करीब 3 घंटे से रोड पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ऑटो में सभी मजदूर थे और पटना से मजदूरी करके तारेगना स्टेशन पर उतरे। फिर वहां से ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पितवांस की ओर से जा रहे ट्रक का एक्सेल टूट गया और ट्रक असंतुलित होकर ऑटो से टकरा गया। इसके बाद दोनों वाहन पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। ग्रामीणों के मुताबिक, खराट गांव के मजदूर प्रतिदिन अपने गांव से ट्रेन पकड़कर पटना मजदूरी करने जाते हैं। रविवार देर रात पटना से मजदूरी करके तरेगना स्टेशन उतरे थे। वहां से ऑटो पड़कर अपने गांव खराट जा रहे थे। इसी बीच नूरा बाजार के पास हादसा हुआ। ऑटो में 9 लोग सवार थे। मृतकों में 5 लोगों की पहचान हुई है। मरनेवालों में डोरीपर निवासी मतेंद्र बिंद (25), विनय बिंद(30), उमेश बिंद(38),रमेश बिंद (52) और हांसाडीह निवासी ऑटो ड्राइवर सुशील कुमार (35) शामिल हैं। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

### कुंभ जा रहे श्रद्धालु हादसे के शिकार, चार की मौत



**निज संवाददाता | रोहतास**

रोहतास में दो सड़क दुर्घटना हुई है। दो अलग-अलग जगहों पर 4 लोगों की मौत हुई है। पहली घटना में सोमवार सुबह चेनारी थाना क्षेत्र के एनएच-2 (जीटी रोड) पर पश्चिम बंगाल से प्रयागराज कुंभ मेला जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बंगाल के बांकुरा जिले के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 48 साल के हरि सोरदार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। 50 साल के बंशी मंडल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें सुशांतो दास और काली कोरंगा भी शामिल हैं। पिकअप में कुल 14 श्रद्धालु सवार थे। सभी बांकुरा जिले के विष्णुपुर के रहने वाले हैं। चालक के मुताबिक, सबराबाद में पेट्रोल पंप से निकलते समय एक बस पिकअप की तरफ मुड़ गया। बस से बचने के प्रयास में पिकअप खड़े ट्रक से जा टकराई। दूसरी घटना तारचण्डी धाम के पास एनएच-2 जीटी रोड की है। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने दो श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के गंगाबीघा मनार गांव के इंद्रदेव प्रजापति और राम यादव प्रयागराज जा रहे थे। वे अन्य ग्रामीणों के साथ बस से यात्रा कर रहे थे। रविवार रात को बस तारचण्डी धाम में रुकी। दोनों श्रद्धालु दुकान से नारियल खरीदकर बस की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। इंद्रदेव प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल राम यादव को सदर अस्पताल ले जाया गया।

# बिहार में 15 साल से ज्यादा पुरानी गाड़ियां होंगी जब्त, अलग से लगेगा जुर्माना



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने 15 साल से अधिक पुराने वाहनों के खिलाफ प्रदेशभर में कड़ा रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सभी 38 जिलों के संबंधित अधिकारियों को टास्क सौंप दिया गया है। इस अभियान के तहत उन वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जो 15 वर्ष की निर्धारित सीमा पार कर चुके हैं और जिनके मालिकों ने अब तक उनके निबंधन का नवीकरण नहीं कराया है। सरकार ने ऐसे वाहनों के परिचालन को पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है, जिससे राज्य में प्रदूषण को नियंत्रित करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि यदि कोई 15 साल पुराना वाहन नवीनीकरण के बिना सड़क पर पाया जाता है, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

परिवहन विभाग ने इस दिशा में पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है और प्रदेश के सभी जिलों में वाहनों की जांच का कार्य तेज कर दिया गया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी अवैध वाहन बिना नवीनीकरण के सड़कों पर न चले। इस अभियान में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहनों के नवीनीकरण की कोई प्रक्रिया नहीं होगी। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार, 15 साल की अवधि पूरी कर चुके सभी सरकारी वाहनों का निबंधन अमान्य हो जाएगा। इसका मतलब यह है कि सभी सरकारी बोर्ड, निगम और राजकीय लोक उपक्रमों के वाहन भी इस दायरे में आएंगे। सरकार ने 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग (पुराने वाहनों को तोड़कर पुनः उपयोगी बनाने की प्रक्रिया) को अनिवार्य कर दिया है। इसी के तहत अभी तक राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा 2017 वाहनों को स्क्रैपिंग के लिए चिह्नित किया जा चुका है।

### पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप के लिए बनी है नीति

बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप कराने के लिए स्क्रैपिंग पॉलिसी लागू की गई है। इसके तहत पुराने वाहनों को नियमानुसार स्क्रैप कराने के बाद नए निजी वाहनों की खरीद पर वाहन के निबंधन के समय 25 प्रतिशत और व्यावसायिक वाहनों की खरीद पर 15 प्रतिशत टैक्स में छूट दी जाएगी। इसके साथ ही पूर्व से लंबित कर एवं अर्थदंड में 90 प्रतिशत और 100 प्रतिशत की छूट दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन, रेल मंत्री ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल

# यह अवॉर्ड भारतीय युवा वैज्ञानिकों व इंजीनियरों की प्रतिभा दर्शाता है : रेल मंत्री

- प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड समेत अन्य अवॉर्ड हुए वितरित

**एजेंसी | नई दिल्ली**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटी रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेज़ी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5जी तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज 5जी रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

रेल मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौते पर हस्ताक्षर

# नेट जीरो कॉर्बन की ओर बढ़ रही भारतीय रेल : अश्विनी वैष्णव

- 'नेट जीरो' कॉर्बन का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही भारतीय रेल।
- रेल मंत्री ने कहा- अब रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स से अधिक से अधिक ऊर्जा प्राप्त करना लक्ष्य।



**एजेंसी | भोपाल**

भोपाल में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में निवेशकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के विद्युतीकरण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के प्रयोग के भविष्य के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे को "नेट जीरो" कॉर्बन लक्ष्य प्रदान किया है, जिसे पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 तक रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण अनिवार्य कर दिया जाएगा। रेल मंत्री ने बताया कि विद्युतीकरण के साथ-साथ रेलवे का दूसरा प्रमुख लक्ष्य यह है कि अधिक से अधिक ऊर्जा रिन्यूएबल स्रोतों से प्राप्त की जाए। अब तक रेलवे ने कुल 1,500 मेगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स के साथ टाइअप कर लिया है। विशेष रूप से, मध्य प्रदेश सरकार के साथ 170 मेगावॉट के एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किया गया है, जो रिन्यूएबल ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंत्री ने आगे यह भी कहा कि रेलवे अब विंड और न्यूक्लियर पावर एनर्जी खरीदने के लिए भी उत्सुक है और राज्यों से अपील की कि वे रेलवे को इन स्रोतों से ऊर्जा सप्लाई करने में सहयोग दें।

रेल मंत्री ने सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्ध रिन्यूएबल, विंड, हाइड्रो या न्यूक्लियर प्रोजेक्ट से रेलवे के लिए जितनी भी ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सकती है, उसका स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस मॉडल पर मध्य प्रदेश सरकार और रेलवे मिलकर काम कर रहे हैं, वह देश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जा सकता है। इस मॉडल में पहले दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुंचते हैं और उसके पश्चात एक पीपीए (पावर परफॉर्मेंस एग्रीमेंट) साइन करते हैं, जिससे ऊर्जा सप्लाई का दायरा और विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके। मध्य प्रदेश के विकास के संदर्भ में रेल मंत्री ने उल्लेख किया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश को रेलवे के विकास हेतु ऐतिहासिक रूप से 14,745 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले मध्य प्रदेश में सालाना लगभग 29 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाया जाता था, जबकि अब यह आंकड़ा बढ़कर 230 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गया है। इससे न केवल रेलवे का कार्य गति में तेजी आई है, बल्कि उपलब्ध फंड में भी 23 गुना की वृद्धि देखी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निरंतर अधिकारियों से बातचीत कर रेलवे के विकास कार्यों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# आबादी के हिसाब से मिलेंगी ई-बसें, छह शहरों में 400 बसों का होगा परिचालन

**निज संवाददाता | पटना**



प्रदेश के शहरों को आबादी के हिसाब से ई-बसें मिलेंगी। बसों की संख्या का निर्धारण शहरों की आबादी पर निर्भर करेगा। इसमें 20 से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, जबकि 10 से 20 लाख की आबादी वाले शहरों को 100 और पांच लाख तक की आबादी वाले शहरों को 50 ई-बसें मिलेंगी। इस मानक पर फिलहाल पटना में सौ से अधिक, जबकि मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया जैसे शहरों में 50-50 बसों का परिचालन किया जाएगा। दरअसल, पिछले दिनों कैबिनेट ने छह प्रमुख शहरों पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया के लिए 400 इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन को मंजूरी दी थी। इसमें पटना के लिए 150 बसें, जबकि अन्य पांच शहरों के लिए 50-50 बसें परिचालित होंगी। इस योजना का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र और 40 फीसदी हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी। विभाग के अधिकारी के अनुसार इन छह शहरों में योजना के क्रियान्वयन के बाद राज्य के अन्य शहरों में भी चरणबद्ध रूप में पीएम ई-बस योजना लागू होगी। इसी आधार पर सूबे के बड़े और महत्वपूर्ण शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन की तैयारी है। परिवहन विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी बड़े शहरों की जरूरतों का आकलन किया जाएगा। माना जा रहा है कि यहां 25 से 50 बसों का परिचालन होगा। इसके पीछे मूल उद्देश्य शहरों में परिवहन व्यवस्था को दुरूस्त करना है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था दुरूस्त होने से सड़कों पर वाहनों का अत्यधिक दबाव नहीं होगा और सामान्य लोग भी इसका सीधा लाभ ले सकेंगे। इसके पहले विभाग प्रखंड और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था बेहतर करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना और प्रखंड परिवहन योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

# 31 मार्च तक राशन कार्ड को आधार से लिंक कराना अनिवार्य, नहीं तो कट सकता है नाम

**निज संवाददाता | पटना**

सभी राशन कार्डधारियों को अपने राशन कार्ड से आधार लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 मार्च 2025 कर दी है। यदि तय समय सीमा तक आधार से लिंक नहीं किया गया, तो राशन कार्ड में शामिल सदस्यों का नाम हटाया जा सकता है और वे खाद्यान्न लाभ से वंचित हो सकते हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत सभी राशन कार्डधारकों के लिए आधार सीडिंग अनिवार्य की गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तय की गई थी, जिसे अब 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यदि किसी राशन कार्ड में शामिल किसी भी सदस्य का आधार लिंक 31 मार्च 2025 तक नहीं कराया गया, तो उस सदस्य का नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा और 1 अप्रैल 2025 से उसे राशन का लाभ नहीं मिलेगा। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने परिवार के सभी सदस्यों की आधार सीडिंग सुनिश्चित कर लें। इस प्रक्रिया को निःशुल्क करने के लिए जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर ई-पॉस मशीनों के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन की सुविधा दी गई है। सरकार की इस पहल का मकसद जरूरतमंदों को उनके हक का राशन सुनिश्चित करना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना है।

### आधार सीडिंग के लिए दी गई सुविधाएं




राशन कार्डधारी अपने कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए किसी भी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान पर जाकर मुफ्त में यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए बायोमेट्रिक सत्यापन (फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन) के जरिए ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, सरकार ने इसे और आसान बनाने के लिए थंबप्रिंट मोबाइल लिंकिंग की सुविधा भी शुरू कर दी है। लाभार्थी अपने मोबाइल फोन से घर बैठे आधार सीडिंग कर सकते हैं।

# सात इकाइयों को 59.20 करोड़ पूंजी निवेश की मिलेगी सहमति

**पटना(नि.सं.)।** राज्य में दो करोड़ से अधिक पूंजी निवेश के स्टेज-1 के सात प्रस्तावों में 59.20 करोड़ पूंजी निवेश प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति दिलाने के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद में भेजा जाएगा। साथ ही तीन इकाइयों में 20 करोड़ 70 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दिलाने संबंधी प्रस्ताव को राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की आगामी बैठक में भेजने की अनुशंसा की गई। सोमवार को उद्योग सचिव वंदना प्रेयसी की अध्यक्षता में राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय की बैठक में यह निर्णय लिया गया। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय की बैठक में अधिकतम दो करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति दी जाती है। दो करोड़ से अधिक पूंजी निवेश प्रस्ताव को विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की बैठक में भेजा जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सदस्यता अभियान : तेलविगहा के कई लोगों ने थामा राजद का दामन

**गया।** राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले रविवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय कुशवाहा ने की। इस बीच तेलविगहा मुहल्ले के सैकड़ों लोगों ने राजद का दामन थामा। इस बीच श्री कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने 17 महीनों के शासनकाल में पांच लाख नौकरियां दी। बिहार में राजद की सरकार बनने पर दो सौ यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी सुप्रीमो पर विश्वास रख लोगों ने पार्टी का दामन थामा हैं, जिन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है उसमें रालोसपा के पूर्व साथी महादलित नेता संजय राउत, नरेश साव, विनोद दास, सोनू कुमार दास, राजेश रजक, नरेश राम, अनिल राम, रोहित राम, डॉ. अशोक कुमार, विक्रमादित्य सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक

**गया।** बीएलए की नियुक्ति और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक हुई। बैठक राजेंद्र आश्रम स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. गगन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रखंड अध्यक्षों को बीएलए नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। संगठनात्मक विस्तार और बदलाव पर भी चर्चा हुई। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, प्रखंड अध्यक्ष धीरज वर्मा, राजीव कुमार उर्फ लबी सिंह, रंजीत सिंह, शाहिद इमाम, नथुन पासवान, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार, दूधेश्वर पुतुल, रेवती रमण, बीरेंद्र कुमार, सीताराम यादव, शिव चौरसिया, विकास कुमार और शिवनाथ प्रसाद मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्र ने कहा कि निष्क्रिय प्रखंड अध्यक्षों पर कार्रवाई होगी।

### खेलने में बच्चों ने पुआल पुंज में लगाई आग

**बिहारशरीफ**|बेना थाना अंतर्गत गराई बिगहा गांव में सोमवार को खेलने के दौरान बच्चों ने पुआल पुंज में आग लगा दी। जिससे हजारों की संपत्ति का नुकसान हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित आलोक कुमार और दीपक कुमार ने बताया कि पुआल पुंज खलिहान में रखा था। समीप में खेल रहे बच्चों से उसमें आग लग गई। जिससे हजारों की संपत्ति का नुकसान हो गया।

### जनशताब्दी एक्सप्रेस में सीट को लेकर विवाद

**गया।** जनशताब्दी एक्सप्रेस में सीट को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। उपद्रवियों ने पहले दबंगई दिखाई, फिर ट्रेन पर रोड़े बरसा दिए। कांच टूट गए। हमले में दो यात्री जख्मी हो गए। एक के सिर पर गहरी चोट आई, दूसरे की गर्दन पर पत्थर लगा। घटना ईश्वर चंद्र हॉल्ट के पास रविवार की रात 10 बजे रात की है। यात्रियों ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन रेलवे प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया।

**सीट विवाद से शुरू हुआ विवादः** रेल यात्री राजीव कुमार ने बताया कि वो गोमो से जनशताब्दी में सवार हुए थे। उनकी रिजर्व सीट पर पहले से दो युवक कब्जा जमाए बैठे थे। निवेदन करने पर बदमाशों ने सीट छोड़ने से इनकार कर दिया। बोले- "पहाड़पुर उतरना है, एडजस्ट कर लो, लेकिन पहाड़पुर स्टेशन आने के बाद भी वो नहीं हटे। जब दोबारा सीट छोड़ने को कहा गया, तो वो आगबबूला हो गए। गालियां देने लगे, कहने लगे कि पूरी बोगी को गोली मार देंगे।

**चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी, कांच टूटे, चीख-पुकार मचीः** वहीं जब ट्रेन ईश्वर चंद्र हॉल्ट पर पहुंची तो बदमाश वैक्यूम कर ट्रेन से नीचे उतरे और जनशताब्दी पर पथराव शुरू कर दिया। खिड़कियां टूट गईं, अंदर बैठे यात्री दहशत में आ गए। इस हमले में दो यात्री बुरी तरह जख्मी हो गए। सिर पर चोट लगने से संतोष कुमार का खून बहने लगा, राजीव कुमार की गर्दन पर पत्थर लगा। पूरी बोगी में अफरातफरी मच गई। घायलों को गया स्टेशन पर उतारा गया, लेकिन रेलवे ने कोई मदद नहीं की। यात्री राजीव कुमार ने 139 हेल्पलाइन पर कॉल किया, लेकिन फोन रिसीव ही नहीं हुआ। बाद में ईमेल से शिकायत दर्ज कराई गई।

### 10 साल से फरार वांटेड नक्सली वीफन यादव गिरफ्तार

**गया।** गया जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सशस्त्र सीमा बल (SSB) और स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने संयुक्त अभियान में वांछित नक्सली वीफन यादव को धर दबोचा। वीफन यादव (44) पर कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे। सुरक्षाबलों ने विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया।

**छकरबंधा से पकड़ा गया मोस्ट वांटेड नक्सलीः** रविवार को 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया की 'सी' समवाय डुमरिया और एसटीएफ भदवर की टीम ने छकरबंधा गांव में दबिश दी। यहां से कुख्यात नक्सली वीफन यादव को गिरफ्तार किया गया। वह छकरबंधा थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। उसके खिलाफ गया के डुमरिया थाने में दो बड़े मामले दर्ज हैं।

**हत्या, अपहरण और आर्म्स एक्ट में था वांछितः** वीफन यादव के खिलाफ 22 सितंबर 2013 को अपराध संख्या 56/13 और 7 दिसंबर 2014 को अपराध संख्या 111/14 दर्ज हुआ था। इन मामलों में हत्या, अपहरण, दंगा, साजिश और अवैध हथियार रखने जैसी गंभीर धाराएं लगी थीं। उस पर आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत भी केस दर्ज था। वर्ष 2014 में एक व्यक्ति को उसके घर से रात को उठा ले गया था और जंगल मे गोली मार दी थी। इस मामले में पूर्व में 4 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। सुरक्षाबलों ने उसे डुमरिया थाने के हवाले कर दिया है, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**गया में नक्सलियों पर बढ़ा शिकंजाः** एसएसबी कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता के निर्देशन में सुरक्षाबलों ने यह ऑपरेशन अंजाम दिया। नक्सल प्रभावित गया जिले में सुरक्षाबलों की यह कार्रवाई बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। इससे इलाके में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

### क्रिकेट के फाइनल में एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन ने डॉक्टर इलेवन को हराया

**गया।** शहर के गांधी मैदान हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम में रविवार की सुबह बैंक ऑफ इंडिया गया अंचल के बैनर तले आउटरीच कार्यक्रम के तहत आर्थिक संपन्नता व स्वास्थ्य थीम पर एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में चार टीमें शामिल हुई, जिसमें बीओआई एकादश, डॉक्टर्स एकादश, मीडिया एकादश व गया प्रशासन की टीमों ने भाग लिया। पहला मैच डॉक्टर्स इलेवन बनाम बैंक ऑफ इंडिया के बीच खेला गया। टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंक ऑफ इंडिया ने निर्धारित 12 ओवर में 105 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर्स इलेवन की टीम ने 106 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच डॉ. विवेक कुमार रहे। दूसरा मैच मीडिया इलेवन बनाम गया प्रशासन इलेवन के बीच हुआ। मीडिया इलेवन की टीम ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन ने 117 रन बनाए। जवाब में मीडिया इलेवन की टीम 80 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच सफदर इमाम रहे। फाइनल मैच एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन बनाम डॉक्टर्स इलेवन के बीच हुआ। डॉक्टर्स इलेवन ने 12 ओवर में मात्र 53 रन ही बना पायी। जबाब में एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन की टीम पांच विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। आदित्य कुमार मैन ऑफ द मैच हुए। इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, हरि प्रपन्ना, मोती करीमी आदि मौजूद थे।

### 89वें शिवरात्रि महोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**गया।** शहर के माड़नपुर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से रविवार को 89वें शिवरात्रि महोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। मुख्य आकर्षण के रूप में विशाल शिवलिंग, शंकरजी की झांकी, रथ पर सवार श्रीलक्ष्मी-नारायण, भारत माता राष्ट्रीय ध्वज के साथ रही झांकी रही। शोभा यात्रा का शुभारंभ श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभु लाल विट्ठल, राजन सिजुआर, केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत संस्कृत के शिक्षक मालवीय जी, ब्रह्मा कुमारी शिल्पा बहन आदि ने संयुक्त रूप से किया। शोभायात्रा माड़नपुर ब्रह्मस्थान से शुरू होकर मार्कण्डेय मंदिर, दक्षिण दरवाजा होते हुए विष्णुपद मंदिर के पास रुका।

# शराब लदी स्कॉर्पियो ने पुलिस की गाड़ी में मारी टक्कर

**निज संवाददाता। गया**

गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र में शराब से लदी स्कॉर्पियो ने पुलिस की गाड़ी में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि पुलिस वाहन के दोनों एयरबैग खुल गए। ड्यूटी पर तैनात SI सोनू कुमार चोटिल हो गए। हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद धंधेबाज स्कार्पियो छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शराब से भरी स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है।

**गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने बिछाया जालः** दरअसल, सोमवार सुबह फतेहपुर पुलिस को इनपुट मिला कि झारखंड से भारी मात्रा में शराब लेकर एक स्कॉर्पियो बिहार में गुरपा के रास्ते फतेहपुर में एंट्री करने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई और गुरुपा रोड के पास चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस आगे बढ़ी, सामने से आती तेज रफ्तार स्कॉर्पियो दिखाई दी, लेकिन शराब माफिया पुलिस को देखकर भागने की बजाय सीधे उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इससे पुलिस के बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।



गनीमत रही कि फ्रंट सीट के दोनों एयर बैग खुल गए और पुलिस कर्मियों की जान बच गई।

**शराब माफियाओं ने जानबूझकर किया हमलाः** पुलिस वाहन चला रहे कर्मी ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक ने जानबूझकर टक्कर मारी। पुलिस ने उनसे बचने की कोशिश की, लेकिन माफियाओं ने सीधा धक्का मार दिया। टक्कर के बाद पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। इस हादसे में एक पुलिस अधिकारी को चोट आई है। टक्कर मारने के बाद शराब तस्कर स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और उसमें मौजूद शराब की मात्रा का आकलन किया जा रहा है। फतेहपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि तस्करों की पहचान की जा रही है। यह भी जांच हो रही है कि शराब की खेप कहां पहुंचाई जानी थी और स्कार्पियो किसकी है। इसकी जानकारी परिवहन विभाग से मांगी जा रही है।

♦ गया में एयर बैग खुलने से पुलिसकर्मियों की बची जान, मौके से तस्कर फरार, SI चोटिल

**शराब तस्करी के लिए कुख्यात है इलाकाः** दरअसल, यह इलाका शराब तस्करी के लिए कुख्यात है। कभी दर्जनों बाइक पर तस्कर फर्राटा भरते हैं, तो कभी लग्जरी गाड़ियों में माल सप्लाई होता है।

## महाशिवरात्रि पर बिहार शरीफ में निकली कलश यात्रा

**निज संवाददाता। नालंदा**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिहार शरीफ के महलपर बिचली गली में सोमवार को एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 201 महिलाओं और कन्याओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। स्थानीय महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का अनूठा संगम बन गई। ढोल-नगाड़ों की थाप और 'जय श्री राम' के जयघोष से गूंजती यह शोभायात्रा महादेव स्थान से निकलकर बाबा मणिराम अखाड़ा तक गई, जहां जलभरी की रस्म के बाद पुनः महादेव स्थान लौटी। कार्यक्रम के संयोजक सागर कुमार और आलोक कुमार ने बताया कि यह तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मोहल्ले और बिहार शरीफ की सुख-शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है।

**वर्षों से चली आ रही है परंपराः** कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, मंगलवार को सुबह 10 बजे से अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद बुधवार को भंडारे का आयोजन होगा।



♦ 201 महिला और कन्याओं ने लिया भाग, तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की हुई शुरुआत

इस अवसर पर मोहल्ले के प्रमुख युवाओं में विकास कुमार, नीरज कुमार, विक्रम कुमार, गौतम कुमार समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्थानीय निवासी शिवम कुमार ने बताया कि इस तरह के सामूहिक धार्मिक आयोजन से न केवल सामाजिक एकता मजबूत होती है, बल्कि परंपराओं का संरक्षण भी होता है। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहार शरीफ में इस तरह के आयोजन की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

## गया में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का भव्य स्वागत

**निज संवाददाता। गया**

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भव्य स्वागत हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। भारी भीड़ के बीच नड्डा कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाते रहे। जब भीड़ हद से ज्यादा बढ़ गई तो वे कार में सवार हो गए, लेकिन उत्साह देखते हुए वे फिर खड़े होकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन करने लगे। इसी बीच एक कार्यकर्ता को सुरक्षाकर्मियों ने धक्का दे दिया। वह नाराज होकर चिल्लाने लगा। जेपी नड्डा की नजर पड़ी तो तुरंत कार का गेट खोला और उसे आगे बुलाया। कार्यकर्ता ने गुलाब का फूल भेंट किया, जिसे नड्डा ने मुस्कुराते हुए स्वीकार किया। इससे कार्यकर्ताओं में जोश और बढ़ गया।

**निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे गयाः** जानकारी के मुताबिक, जेपी नड्डा एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया पहुंचे हैं। बताया



♦ कार्यकर्ता को धक्का लगने से शुरू हुई नोकझोंक, कार से उतरकर लिया तोहफा

जा रहा है कि वह कॉलेज के दोस्त और एमएलसी की बेटी की शादी में आए हैं। देर रात ही उनकी वापसी भी होनी है। मौके पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, पूर्व सांसद रामजी मांझी, हरि मांझी, पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू, किसान मोर्चा प्रभारी मनीष पंकज मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में वाहन चालकों को एक अप्रैल से पहले ड्राइविंग लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट कराना होगा। नालंदा परिवहन विभाग के अधिकारी (डीटीओ) अनिल कुमार दास ने बताया कि जो वाहन चालक अपने लाइसेंस में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं करवाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, नालन्दा में अभी तक लगभग 60 हजार से अधिक वाहन चालकों ने अपने मोबाइल नंबर का पंजीकरण नहीं करवाया है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि डिजिटल और आरटीओ में मोबाइल नंबर अपडेट होना सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है।



**हर साल 16 हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंसः** परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान एक अप्रैल से प्रारंभ होगा, जिसके तहत वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर भी रद्द किए जा सकते हैं। विभाग द्वारा नियमित रूप से इस संबंध में सूचनाएं जारी की जा रही हैं। नालंदा जिले में प्रतिवर्ष लगभग 16 हजार से अधिक नए लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाते हैं। विभाग का यह कदम डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वाहन चालकों की पहचान और संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा। विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने मोबाइल नंबर का पंजीकरण अवश्य करवा लें। यह अपडेशन ऑनलाइन माध्यम से भी किया जा सकता है, जिससे वाहन चालकों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी।

♦ नालंदा में 60 हजार वाहन चालकों से नहीं कराया अपडेट, लास्ट डेट के बाद होगी कार्रवाई

### महाराणा विचार मंच ने प्रखंड अध्यक्षों को किया सम्मानित



**गया।** शहर के कोशडीहरा में रविवार को महाराणा विचार मंच की बैठक हुई। अध्यक्षता मंच के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने की। बैठक में सर्वप्रथम जिले के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष को माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। सम्मानित प्रखंड अध्यक्षों में रविरंजन सिंह अतरी एवं मोहड़ा, अरविन्द सिंह वजीरगंज, मनोज सिंह टन्कुप्पा, वेदप्रकाश सिंह मानपुर, रोविन सिंह बोधगया,भोला सिंह कोंच, पवन कुमार सिंह टेकारी, मृत्युंजय कुमार सिंह मोहनपुर, मनीष कुमार सिंह चंदौती शामिल हैं। मौके पर सचिव गजेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभय सिंह सिरमौर, उपाध्यक्ष जीतू सिंह, राणा अजय कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, ब्रजभूषण सिंह चौहान, प्रवीण कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, बांके सिंह आदि मौजूद थे।

## नालंदा में देशी-विदेशी शराब के साथ 1 तस्कर गिरफ्तार

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में होली त्योहार के मद्देनजर दीपनगर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में पुलिस ने बड़ी मात्रा में विदेशी और देशी शराब बरामद की है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मघाड़ासराय क्षेत्र से छापेमारी के दौरान 36 बोतल (375 मिली) और 83 पैक फ्रूटी (180 मिली) बरामद की गई है। कुल जब्त की गई विदेशी शराब की मात्रा 28.440 लीटर है। इसके अतिरिक्त, ग्राम लालबाग और जमालीचक से लगभग 25 लीटर देशी चुलाई शराब भी जब्त की गई।

**एक शराब विक्रेता गिरफ्तारः** पुलिस ने जमालीचक से एक शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया है। साथ ही, एक शख्स को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। शराब धंधेबाज रामाशीष चौधरी का बेटा दिलीप चौधरी है, जबकि शराब के सेवन करने के मामलें में अशोक राउत के बेटे शशि भूषण को पकड़ा गया है। इस अभियान में PSI सुनील कुमार सहित दीपनगर थाना की अन्य पुलिस कर्मियों की टीम शामिल रही। प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि "होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने के लिए यह अभियान चलाया गया है। अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।"

## नालंदा में साइबर ठगी मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा जिले में पुलिस ने एक साइबर ठगी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कतरीसराय थाना क्षेत्र के मायापुर गांव से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तीन सगे भाई शामिल हैं। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपियों के पास से व्यापक मात्रा में साइबर ठगी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपी एशियन पेंट्स की एजेंसी देने और बजाज फाइनेंस, धनी इंस्टैंट पर्सनल लोन, अल खैर इस्लामिक लोन फाइनेंस जैसी कंपनियों के नाम पर कम ब्याज दर पर लोन देने का झांसा देकर लोगों को ठगते थे। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्ण कुमार (पिता सदन प्रसाद), और तीन भाई - विकास तांती, आकाश कुमार, और राहुल कुमार (पिता महेश तांती) शामिल हैं। सभी आरोपी मायापुर गांव के निवासी हैं। छापेमारी के दौरान कुछ अन्य संदिग्ध फरार होने में सफल रहे।

**आरोपियों के पास से मिला सामानः** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप,



पांच वाई-फाई राउटर, सात स्मार्टफोन, तीन कीपैड मोबाइल, एक प्रिंटर, तेरह एटीएम कार्ड, चार चेकबुक, तीन पासबुक, दो सिम कार्ड और इक्कीस हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। इसके अलावा, ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी वाली बड़ी संख्या में ऑर्डर शीट भी मिली हैं। थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। छापेमारी में प्रशिक्षु एसआई आदित्य कुमार, मुकुंद भारती, एएसआई रूदल पासवान, स्वीटी सोरेन सहित सशस्त्र पुलिस बल की टीम शामिल थी।

# विधानसभा चुनाव में भूमिका निभाने का ऐलान



**निज संवाददाता। गया**

बिहार की राजनीति में विश्वकर्मा समाज अब अपनी अलग ताकत दिखाने के मूड में है। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ ने गया के बालाजी नगर स्थित खुशी पैलेस में कार्यकर्ता सह जनसंवाद सम्मेलन आयोजित कर 2025 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का ऐलान कर दिया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि अब विश्वकर्मा समाज सिर्फ मजदूर नहीं रहेगा, बल्कि सत्ता का भागीदार बनेगा। उन्होंने ऐलान किया कि 2025 के अप्रैल में पटना के गांधी मैदान में विश्वकर्मा एकता महारैली होगी, जिसमें समाज अपनी एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन करेगा। बिहार में जातिगत जनगणना के अनुसार 8-9% की आबादी वाला यह समाज अब अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी तय करेगा।

**सत्ता में भागीदारी की तैयारी, रथ यात्रा से होगा जनजागरणः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह (बब्बू), जो भारत के 7वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के सुपौत्र हैं, उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक मजबूती के बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं। उन्होंने कहा कि पटना की महारैली से पहले पूरे बिहार में रथ यात्रा निकाली जाएगी, ताकि समाज को जागरूक किया जा सके। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शिलेंद्र कुमार ने कहा कि राजनीति में ताकत बढ़ाने के लिए समाज के बच्चों को शिक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही विश्वकर्मा समाज अपनी पहचान और सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक..................../दिनांक ............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :-

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 27,61,000 (सताइस लाख एकसठ हजार रूपए मात्र) | 2,76,100.00 (दो लाख छिहत्तर हजार एक सौ रूपए मात्र) | दिनांक–01.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–01.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–01.03.2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–01.03.2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1- 0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2- 30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यून्तम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत हुसैनाबाद**

PR 347036 (District) 24-25 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में एक साथ उठी दो भाइयों की अर्थी, ओवरटेक करने के दौरान सड़क हादसे में गई जान

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के मोतिहारी के चकिया थाना क्षेत्र में रविवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ. जिसमें दो ममेरे भाइयों की मौत हो गई. हादसा सेमरा गांव के पास एनएच-27 पर हुआ, जब तेज रफ्तार आर-15 बाइक ओवरटेक करने के प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया. मृतकों की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के चितहा गांव निवासी 22 वर्षीय आशुतोष कुमार और आदापुर थाना क्षेत्र के 22 वर्षीय साहिल कुमार के रूप में हुई. साहिल, आशुतोष का मामा का लड़का था. दोनों अपने बहनोई गोलू ठाकुर के घर कुआंवा गांव जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ. घटना की सूचना मिलते ही चकिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम हटवाया और यातायात बहाल किया. शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया. दुर्घटना की खबर सुनते ही मृतकों के परिवार में मातम छा गया. पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच जारी है. चकिया थानाध्यक्ष ने लोगों से सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है.

### एसकेएमसीएच के आसपास के 15 नर्सिंग होम सील, होगी एफआइआर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग के नियम कानून ताक पर रख अस्पताल का संचालन करने वालों पर नकेल कसने की कार्रवाई शुरू हो गयी है. इसी क्रम में रविवार को डीएम सुब्रत कुमार सेन के आदेश पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसकेएमसीएच के आसपास के अस्पताल पर धावा बोला. बिहार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट का उल्लंघन करने वाले 17 नर्सिंग होम को सील करने को कहा गया. दो नर्सिंग होम में मरीज एडमिट रहने के कारण तत्काल 15 नर्सिंग होम को सील किया गया है. इनके विरुद्ध अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है.दरअसल, डीएम को सूचना मिली कि एसकेएमसीएच के आस पास में अवैध अस्पताल का संचालन हो रहा है. इसके बाद एसडीओ पूर्वी, सिविल सर्जन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने एसकेएमसीएच के बाहर संचालित 17 नर्सिंग होम की जांच करने का निर्देश दिया. इस दौरान सिविल सर्जन एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल ने बिहार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत संस्थान के निबंधन, लाइसेंस, डाक्टर की विशेषज्ञता, तकनीकी स्टाफ की योग्यता / विशेषज्ञ सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों एवं शर्तों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की. जांचोपरांत सरकारी मार्गदर्शिका के तहत निर्धारित मानदंडों एवं शर्तों का उल्लंघन पाया गया.

### चाइना लीची में मंजर कम, किसान हुए निराश

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** इस बार चाइना लीची की फसल काफी कम होगी. पेड़ों पर पिछले साल से 40 फीसदी कम मंजर हैं. इसके अलावा बाढ़ प्रभावित रहे क्षेत्रों में औराई और मुशहरी में चायना लीची के पेड़ों में मंजर नहीं आये हैं. किसानों का कहना है कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ नहीं भी आयी है, वहां अधिक देर तक ठंड पड़ने के कारण मंजर में काफी कमी है. मुशहरी के किसान राजीव कुमार ने बताया कि शाही लीची ठीक है, लेकिन चाइना में काफी कम मंजर होने से हमलोग निराश हैं. जिले में लीची की फसल में 65 फीसदी चाइना होती है. कारोबार का मुख्य केंद्र यही लीची रहती है, लेकिन इस बार स्थिति अच्छी नहीं है. इससे लीची का बाजार प्रभावित होगा. मीनापुर के किसान सुबोध कुमार ने बताया कि हमारे यहां चाइना लीची में 30 फीसदी की गिरावट है. कई प्रखंडों में चाइना लीची काफी कम होगी. हमलोगों ने ऐसी उम्मीद नहीं की थी, लेकिन इस बार की स्थिति अच्छी नहीं है. जिले में लीची की फसल 12 हजार हेक्टेयर में होती है. करीब एक लाख टन लीची का उत्पादन होता है. जिसमें चाइना लीची की मात्रा सबसे अधिक होती है, लेकिन इस बार चाइना लीची का फलन कम हो रहा है. किसानों का कहना है कि पिछले साल शाही के अलावा चाइना लीची भी अमेरिका, इंग्लैंड और सऊदी अरब के देशों में भेजी गयी थी. इस बार एक्सपोर्ट कम हो जायेगा. इसका घाटा हमलोगों को उठाना पड़ेगा. जितने मंजर अभी चायना में दिख रहे हैं, वह भी बचा रहेगा, यह कहना भी अभी मुश्किल है. कांटी के किसान बबलू शाही ने बताया कि दस दिनों के अंदर चायना फसल की वास्तविक स्थिति का पता लगेगा.

### प्रयागराज होकर चलने वाली बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 28 फरवरी तक रद्द

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए भीड़ को देखते हुए हाल में कई गाड़ियों का रूट बदल दिया गया. एक बार फिर से रेलवे की ओर से कई गाड़ियों को रद्द करने के साथ पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार की गाड़ियों का मार्ग बदला गया है जिसमें अपरिहार्य कारणों से ट्रेनों के परिचालन में बदलाव की बात कही गयी है. इसमें बरौनी-अहमदाबाद को 28 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है. सोनपुर मंडल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने इस बारे में जानकारी दी. दूसरी ओर ट्रेनों के लगातार रद्द होने और डायवर्ट होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गयी है.

# सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर, नीतीश सरकार लागू करेगी कैडेर मैनेजमेंट मॉड्यूल

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी महकमों में काम करने वाले कर्मचारियों की सही संख्या बल एवं उनकी कार्य कुशलता के साथ कार्मिकों से जुड़ी अन्य जानकारियां एक क्लिक पर मिल सके, इसके लिए सरकार कैडर मैनेजमेंट मॉड्यूल लागू करने की तैयारी में है।

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के स्तर पर इस दिशा में काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। कैडर मैनेजेमेंट मॉड्यूल लागू करने के लिए मिशन के सभा कक्ष में इसे लेकर बैठक भी हो चुकी है। पिछले वर्ष 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच हुई बैठक में विभागों से कार्मिकों से जुड़ी कई प्रकार की जानकारियां मांगी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, संसदीय कार्य विभाग, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पथ निर्माण लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग समेत सात विभागों ने वांछित जानकारियां मिशन को मुहैया करा भी दी हैं, परंतु अधिकांश विभाग इस मामले में अभी पीछे चल रहे हैं। जिसके बाद विभागों को नए सिरे से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग से जो आंकड़े मांगे गए हैं उनमें सेवा संवर्ग का नाम, नियंत्रण पदाधिकारी, उप सेवा संवर्ग यदि कोई हो, पद सोपान, नियुक्ति प्राधिकार, कोटिवार कुल स्वीकृत बल, पद नाम, पे-बैंड जैसी जानकारियां हैं। सूत्रों की माने तो ऐसी जानकारियां एक प्लेटफॉर्म पर रहने से कार्मिकों के तबादला-पदस्थापन, व्यक्तिगत जानकारी, नियमित पद की जानकारी तो सरकार के पास



होगी ही तबादला, पदस्थापन, प्रोन्नति, वगैरह में भी कोई समस्या नहीं आएगी।

विभाग को नए सिरे से जानकारी देने के लिए जारी निर्देश पत्र में यथाशीघ्र जानकारी फॉर्मेट में देने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर, साइबर अपराधियों से जुड़ी जानकारी साझा करने और प्रभावी कार्रवाई के लिए जल्द ही बिहार समेत सभी राज्यों के साइबर थाने और इससे जुड़े पदाधिकारी एक पोर्टल से जुड़ेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के स्तर से माई भारत पोर्टल बनाया रहा है। अगले माह इस पोर्टल को लॉन्च करने की तैयारी है।

राज्य के 40 साइबर थानों को इससे जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आइईसी) के विशेषज्ञ, आर्थिक अपराध इकाई के अंतर्गत काम करने वाली राज्य स्तरीय साइबर सेल के चुनिंदा पदाधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। पुलिस सप्ताह के उद्घाटन सत्र में इससे संबंधित विस्तृत प्रस्तुति एनसीआईआईपीसी (नेशनल क्रिटिकल इंफॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर) के डीजी नवीन कुमार सिंह ने दी।

केंद्रीय माई भारत पोर्टल का उद्देश्य साइबर सेल से जुड़े तमाम प्रमुख पदाधिकारियों, पुलिस इकाइयों, साइबर थानों और संस्थानों को जोड़कर एक समेकित नेटवर्क तैयार करना है। इसकी मदद से किसी तरह के साइबर अपराध की घटना होने पर आपसी समन्वय की बदौलत इसका निपटारा जल्द हो सकेगा। सभी राज्यों का साइबर अपराध से संबंधित डाटाबेस तैयार हो सकेगा। किसी मामले के समाधान में विशेषज्ञों का उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

## नियोजित शारीरिक शिक्षकों को जल्द मिलेगा सरकारी टीचर का दर्जा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कार्यरत इन शिक्षकों की बल्ले-बल्ले होने वाली है. बिहार के करीब तीन हजार से अधिक नियोजित शारीरिक शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से खुशखबरी है. अब इन नियोजित शारीरिक शिक्षकों को सरकारी शिक्षक का दर्जा मिलने का रास्ता साफ हो गया है. बता दें, इन्हें स्पेशल टीचर के रूप में योगदान देने पर लगी रोक को शिक्षा विभाग ने हटा लिया है. ऐसे में अब जल्द ही इन नियोजित शारीरिक शिक्षकों को स्पेशल टीचर के रूप में प्रोविजनल अपॉइंटमेंट लेटर मिलेगा. बता दें, ये सभी शिक्षक प्रारंभिक स्कूलों में कार्यरत हैं.

शिक्षा विभाग ने इसको लेकर प्रदेश के सभी जिलों को पत्र भेजा है. साथ ही वीसी के जरिए हुई मीटिंग में भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं. ये सभी सक्षमता परीक्षा पास कर स्पेशल टीचर के रूप में कार्यरत हैं. बता दें, पहले जिलों के मार्गदर्शन मांगे जाने पर शिक्षा विभाग की तरफ से जारी लेटर में कहा गया था कि ये सभी कक्षा एक से पांच के बीच नियोजित शारीरिक शिक्षक हैं. कक्षा छह से आठ वाली सक्षमता परीक्षा में पास हुए हैं. इसलिए इन शिक्षकों को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र नहीं दिया जाएगा.



इसको लेकर शारीरिक शिक्षकों ने डेलिगेशन विभाग में आकर अपनी आपत्ति जतायी. इसके बाद शिक्षा विभाग ने इस लेटर पर पुर्नविचार किया. इसमें पाया गया है कि साल 2012 के पहले कक्षा एक से आठ तक के नियोजित शिक्षकों के लिए एक ही तरह का बेसिक ग्रेड का ही पोजिशन बनाया गया था. मतलब, पहली से पांचवीं और छठी से आठवीं तक के शिक्षकों की एक ही ग्रेड थी. इस पुनर्विचार में 2012 की नियमावली में बदलाव किया गया था. इसी आधार पर साल 2012 के पहले के नियोजित शारीरिक शिक्षक जो सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं उनको विशिष्ट शिक्षक (मूल कोटि) के रूप में प्रोविजनल अपॉइंटमेंट लेटर जारी करने का आदेश जारी हुआ है.

## वोटर लिस्ट में डिजिटल लिटरेसी का असर : 89 हजार वोटरों की ऑनलाइन इंट्री

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मतदाता खासतौर पर युवा अब बीएलओ पर निर्भर नहीं हैं. वह एनवीएसपी पोर्टल (नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल) पर ऑनलाइन आवेदन कर न सिर्फ नाम जुड़वा रहे हैं, बल्कि वोटर लिस्ट में नाम पता के त्रुटि को ठीक करा रहे हैं. 28 जनवरी 2024 से लेकर 20 फरवरी 2025 तक डेटा को देखें तो करीब 89 हजार वोटरों की ऑनलाइन इंट्री है. इसमें 51828 वोटरों ने नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, नाम हटाने के 1782 ने फार्म 7 और नाम पता, बूथ व उम्र में संशोधन के लिए 35177 ने फॉर्म आठ में आवेदन किया है. जबकि बीएलओ के माध्यम से आवेदन करने में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है. बार बार आवेदन रिजेक्ट होता है. ऑनलाइन आवेदन करने जहां एक ओर लोग घर बैठे वोटर बन रहे हैं. वहीं वोटर लिस्ट में भी गड़बड़ी की शिकायत कम आ रही है.

जिले में 11 लाख से अधिक युवा वोटर हैं. सभी 18 से लेकर 39 वर्ष आयु के वोटर हैं. इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू हो चुकी है. जिले में अगर उम्र वार मतदाता सूची पर गौर करें तो सबसे अधिक मतदाता 30 से 39 साल के हैं. इनकी संख्या 10.36 लाख के करीब है. वही दूसरे नंबर पर 40 से 49 साल के वोटर आते हैं. तीसरे नंबर पर 20 - 29 साल के मतदाता हैं. 80 साल के ऊपर के मतदाता सिर्फ 62 हजार हैं. जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 34 लाख 14 हजार 396 हैं.

वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें. एनवीएसपी पोर्टल (नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल) पर जाएं. 1950 टोल फ्री नंबर पर कॉल करें. वहीं ऑफलाइन के लिए स्थानीय बीएलओ से संपर्क करें. फॉर्म-6 भरें. मतदाता सूची में अपना नाम, बूथ पता या चुनाव के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 1950 पर डायल करें. यह कॉल सेवा मुफ्त है यदि कोई लोभ-लालच देता है तो सीधे अपने मोबाइल पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करायें.

# दस साल से फरार वांटेड नक्सली वीफन यादव बिहार में गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया जिले में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है. सशस्त्र सीमा बल और स्पेशल टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोस्ट वांटेड नक्सली वीफन यादव को गिरफ्तार कर लिया. 44 वर्षीय वीफन यादव पर हत्या, अपहरण और अवैध हथियार रखने सहित कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे.

रविवार को 29वीं वाहिनी एसएसबी, गया की 'सी' समवाय डुमरिया और एसटीएफ भदवर की टीम ने छकरबंधा गांव में दबिश दी. विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने यह ऑपरेशन चलाया और वीफन यादव को धर दबोचा. वह छकरबंधा थाना




क्षेत्र का ही रहने वाला है और गया के डुमरिया थाने में उसके खिलाफ दो बड़े आपराधिक मामले दर्ज थे.

वीफन यादव पर 22 सितंबर 2013 और 7 दिसंबर 2014 को दर्ज मामलों में हत्या, अपहरण, दंगा, आपराधिक साजिश और अवैध हथियार रखने जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई थीं. वर्ष 2014 में उसने एक व्यक्ति का अपहरण कर जंगल में गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में पहले ही चार लोग जेल भेजे जा चुके हैं. सुरक्षाबलों ने उसे डुमरिया थाने के हवाले कर दिया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

एसएसबी कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया. नक्सल प्रभावित गया जिले में यह कार्रवाई सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता मानी जा रही है, जिससे इलाके में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को करारा झटका लगा है. सुरक्षाबलों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में नक्सल विरोधी अभियान और तेज किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी.

## महेंद्र सिंह धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुके शख्स की हत्या, घर में घुसकर मारी गोली

**भागलपुर, एजेंसी।** एक और शहर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हाई अलर्ट मोड पर था। दूसरी ओर, रात 10:00 बजे शहर में मर्डर हो गया। मामला विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत टीएनबी कॉलेज परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर का है। जहां प्रभु नारायण मंडल (40) को सरकारी क्वार्टर में घुसकर सीने में गोली मार दी गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक प्रभु नारायण मंडल, पिता स्वर्गीय रूप नारायण मंडल मूलरूप से ललमटिया थाना अंतर्गत नसरतखानी का रहने वाला था। साथ ही टीएनबी कॉलेज में तृतीय वर्गीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। वह सद्भावना कप में महेंद्र सिंह धोनी के साथ क्रिकेट खेल चुका था।

वहीं, घटना स्थल पर मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शी सत्यम ने सरकारी क्वार्टर के पीछे रहने वाले टीएनबी कॉलेज के कर्मचारी शंभू नाथ झा के बेटे संजीव झा पर हत्या का आरोप लगाया है। इस घटना को सदर अस्पताल में मौजूद लोग टीएनबी कॉलेज मैं बगीचा को लेकर 12 लाख के बकाए से भी जोड़ रहे हैं। वहीं, घटना के बाद परिजनों का




रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभु नारायण चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी भी नहीं हुई थी। वहीं, घटना के बाद सदर अस्पताल में विश्वविद्यालय थाना के साथ-साथ तातारपुर थाना की भी पुलिस मौजूद थी। घटना के बाद सीटी डीएसपी भी मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल पर कमरे में मौजूद मृतक प्रभु नारायण मंडल के दोस्त सत्यम ने बताया कि भारत पाकिस्तान के मैच खत्म होने के बाद हम लोग मैच पर ही चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमलोग हर दिन साथ में ही बैठते थे। इसी बीच पास के ही क्वार्टर के रहने वाले शंभू नाथ झा का बेटा संजीव झा कमरे में पहुंचा और जेब से पिस्टल निकालकर प्रभु के सीने में गोली मार दी और वहां से फरार हो गया।

सत्यम ने आगे कहा, जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक प्रभु छटपटाने लगा। मैं उसे वहां से घसीटते हुए पहले बाहर लाया फिर अन्य लोगों को फोन कर उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन मैं अपने दोस्त को नहीं बचा पाया।

## महाकुंभ जाने के दौरान एनएच पर भीषण टक्कर, सासाराम में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**रोहतास, एजेंसी।** महाकुंभ में जाते समय रोहतास जिले में दो भीषण सड़क हादसे हुए. इन हादसों में चार लोगों की जान चली गई. पहला हादसा रोहतास में नेशनल हाईवे पर चेनारी थाना अंतर्गत सरैया के पास हुआ. जहां ट्रक और पिकअप की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. इनका इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है. वहीं दूसरी घटना एनएच 2 पर ताराचंडी धाम के पास हुई. यहां तेज रफ्तार कार ने दो श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई.

पहली घटना नेशनल हाईवे पर चेनारी थाना अंतर्गत सरैया के पास उस समय घटी जब पश्चिम बंगाल से पिकअप पर सवार होकर लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे, तभी नेशनल हाईवे पर ट्रक और पिकअप में टक्कर हो गई. पिकअप में सवार दो लोगों की मौत हो गई. मृतक पश्चिम बंगाल के बाकुड़ निवासी हरि प्रसाद सरदार और बंशी मंडल बताए जाते हैं. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है.

सदर अस्पताल के डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया कि पिकअप और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम लाया गया है.



सभी का इलाज चल रहा है.

दूसरी घटना रविवार देर रात की है. जब औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के गंगाबिगहा गांव निवासी इंद्रदेव प्रजापति और राम यादव अन्य ग्रामीणों के साथ बस से प्रयागराज जा रहे थे. इस दौरान रास्ते में ताराचंडी धाम पर जब उनकी बस रुकी तो श्रद्धालु नारियल खरीदने के लिए बस से उतर गए. नारियल खरीदकर जब वे वापस लौट रहे थे तो तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल जाते समय दम तोड़ दिया.

# कदमकुआं में छह दुकानों में लगी आग, एक की दम घुटने से मौत

**पटना, एजेंसी।** एक ट्रक के धक्के से बिजली का तार टूटने से हुए शॉर्ट सर्किट से कदमकुआं थाने के अर्पणा कॉम्प्लेक्स में शनिवार की देर रात करीब 2:30 बजे भीषण आग लग गयी, जिसमें दाऊजी मिष्ठान भंडार समेत छह दुकानें जल कर राख हो गयीं. दाऊजी मिष्ठान भंडार सुरेंद्र मित्तल की है. करीब पांच घंटे तक इस अगलगी में 50 लाख का नुकसान हुआ है. सूचना मिलने के बाद फायरकर्मी मौके पर पहुंचे और मित्तल के तीन स्टाफ को 52 मीटर ऊंची हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से बचाया. आग बुझाने के दौरान मिठाई दुकान के स्टाफ 22 वर्षीय मनीष कुमार की दम घुटने से मौत हो गयी. वह यूपी के हाथरस का था और पांच माह पहले ही यहां आया था. कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया गया है. परिवार को सूचना दे दी गयी है. मित्तल ने बताया कि 25-30 लाख का नुकसान हुआ. कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि चालक फरार हो गया है. ट्रक को जब्त कर लिया गया है.

एक प्लाई लदे ओवरलोडेड ट्रक रात को रास्ते से गुजर रहा था. अपर्णा मार्केट के पीछे गोदाम है. उसी गोदाम में ओवरलोडेड बड़ा ट्रक सामान लेकर आया था. बिजली का तार सटने के बाद फंस गया और खींचाता चला गया. इससे शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी. थोड़ी देर में ही आग धधकने लगी. इस मार्केट के ग्राउंड फ्लोर पर दाऊजी मिष्ठान भंडार के अलावा प्रतीक कुमार की खिलौने की दुकान फंजू ट्वॉय, श्याम का श्री श्याम स्टूडियो, दीपनारायण की सोफा- बेडिंग की दुकान और मिक्सिंग की दुकान है, जबकि श्रीनिवास की घड़ी की दुकान है. प्रथम तल्ले पर बैंक है. बैंक को भी खासी क्षति हुई है. आग की तपिश इतनी ज्यादा थी कि छत का सीमेंट झड़ कर नीचे गिर गया. सीढ़ी से लेकर पूरा भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इन छह दुकानों में एक भी सामान नहीं बचा. एफएसएल की टीम को बुलाया गया. जिला अग्नि पदाधिकारी मनोज नट ने बताया कि पूरे ऑपरेशन में करीब ढाई लाख लीटर पानी खर्च हुआ. मनीष की मौत दम घुटने से हुई है. तीन स्टाफ को बचा लिया गया. 52 मीटर के हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म से ऊपर से पानी की बौछार से आग बुझ पायी.

दाऊजी मिष्ठान भंडार के मालिक सुरेंद्र मित्तल जगतनारायण रोड में रहते हैं. उन्होंने बताया कि मुझे बैंक के स्टाफ ने फोन कर बताया कि दुकान में आग लग गयी है. दुकान के पास ही गोदाम है, जहां चार स्टाफ सोये हुए थे. आग लगने की बाद सभी स्टाफ जग गये और आग बुझाने लगे. आग धधक रही थी. तीन स्टाफ आग बुझा रहे थे. मनीष छत पर चला गया. गेट में ताला लगा हुआ था. नीचे आग धधक रही थी. दम घुटने से उसकी जान चली गयी.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# सरकार से भीख मांगती हूं, मेरे बेटे को खोज दे

निज संवाददाता। आरा

'मेरे बेटे गौरव को घर से गए एक साल से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अब तक वो लौटकर नहीं आया है। मैं बेटे की सकुशल वापसी के लिए प्रयागराज कुंभ नहाने गई थी। मैं सरकार से भीख मांग रही हूं कि मेरा बेटा कही भी हो, उसे लाकर मेरे गोद में बैठा दे। बेटा घर नहीं आया है, तो मैंने इस बार न छठ पूजा की, न ही दशहरा में खुशी मनाई'। दरअसल, भोजपुर का गौरव को नौकरी का झांसा देकर ईरान ले जाया गया था। साल बीत गए पर उसका पता नहीं चला। ये भी नहीं पता है कि वो जिंदा है या नहीं, पर मां जगवंती देवी को उम्मीद है कि बेटा घर लौटेगा। वक्त के साथ मां के आंखों से अब आंसू बहने बंद हो गए हैं, पर बेटे के आने की आशा अभी जिंदा है। गौरव के जीजा ने कहा कि दिल्ली दूतावास से लेकर भोजपुर डीएम तक सकुशल वापसी के लिए गुहार लगा चुके हैं। सिर्फ आश्वासन मिला



है। जब गौरव का फोन आखिरी बार आया था और 2 करोड़ रुपए मांगने की बात आई थी, तब से 6 महीने बाद एक डेडबॉडी मिली और कहा गया कि ये लाश गौरव की है। लाश के पास एक पासपोर्ट मिला था, जिसके आधार पर इसे गौरव की डेड बॉडी बताई गई। हम लोगों ने मांग की कि डेडबॉडी का फोटो दीजिए, गौरव की पहचान सिर्फ पासपोर्ट से कैसे करेंगे, उसकी लाश भेजिए। तब हम लोगों को तसल्ली होगी कि डेडबॉडी गौरव की

♦ ईरान गया युवक नहीं लौटा, मां ने पूरे साल नहीं मनाया त्योहार, महाकुंभ में वापसी की मांगी मन्नत


ही है या नहीं है। इसके बाद आज तक डेडबॉडी नहीं दी गई। अक्टूबर में कहा गया कि डीएनए टेस्ट आने के बाद पता चलेगा, रिपोर्ट आएगी तो आप लोगों को बताया जाएगा, लेकिन जनवरी के बाद भी रिपोर्ट नहीं आई। गौरव की बहन निक्की कुमारी ने कहा कि पुलिस और प्रशासन से कोई मदद नहीं मिल रही है, हम लोग थक चुके हैं और पुलिस-प्रशासन से मदद की कोई आस भी नहीं है। अब तो हम लोगों का भगवान पर ही भरोसा है। हाल ही में हम लोग कुंभ स्नान के लिए गए थे और भगवान से प्रार्थना की है कि मेरे भाई की सकुशल वापसी हो जाए।

## कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो हादसे का शिकार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा नगर पंचायत में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। कुंभ स्नान से लौट रही स्कॉर्पियो की सीमेंट लदे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 6 श्रद्धालु घायल हो गए। घटना सुबह 5 बजे दीवालगढ़ी के पास हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के दोनों अगले पहिए टूटकर निकल गए और स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा ट्रैक्टर की ट्रॉली में फंस गया। दोनो वाहन के परखच्चे उड़ गए। घायलों में भोजपुर के एकौनी गांव के निवासी विभा देवी (50), पुष्पा देवी (39), पम्मी देवी (40), प्रवीण कुमार (45), निर्मल राय (45) और मिक्की देवी (38) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

**क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को लाया थानेः** सभी जख्मी को बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज जारी है। सभी एक दिन पहले भोजपुर से प्रयगराज कुंभ स्नान के लिए गए थे। जहां से वापस लौटने के



♦ बक्सर में सीमेंट लदे ट्रैक्टर से टक्कर, 6 लोग घायल, एक की हालत नाजुक

दौरान यह हादसा बक्सर में हो गया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सभी घायलों को बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर है, जबकि अन्य खतरे से बाहर हैं। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को थाने लाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना से पहले चालक ने नींद आने की बात कही थी। यात्रियों ने उसे 10 मिनट में घर पहुंचने का भरोसा दिलाया था। सभी श्रद्धालु 23 फरवरी को प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए गए थे और वापसी यात्रा पर थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संत नरहरि जी महाराज की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**आरा**। संत शिरोमणि नरहरि जी महाराज सुनार की जयंती 23 फरवरी 2025 को प्रधान कार्यालय, जेल रोड, आरा में मनाई गई। भोजपुर जिला स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सह समाजसेवी दीपक कुमार अकेला ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान आरा शहर के सैकड़ों स्वर्णकार दुकानदार और कारीगर मौजूद रहे। संत शिरोमणि नरहरि जी महाराज के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों और शिक्षाओं को अपनाने पर जोर दिया।

### महर्षि दयानंद सरस्वती का मना जन्मोत्सव

**आरा**। जिला आर्य समाज आरा के श्रद्धानंद भवन में 23 फरवरी 2025 को महर्षि दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव और ऋषि पर्व मनाया गया। रविवार की सुबह विशेष यज्ञ हुआ। सत्यार्थ प्रकाश और महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र पर चर्चा हुई। सभा की अध्यक्षता जिला आर्य समाज आरा के प्रधान अवध बिहारी मेहता ने की। प्रधान अवध बिहारी मेहता ने कहा कि किसी भी वक्ता का व्याख्यान सुनकर उस पर मनन करना चाहिए। मुख्य अतिथि प्राकृतिक योगपीठ ट्रस्ट और अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश प्रवक्ता स्वामी विक्रमादित्य थे।

### अफ्रीका में वीकेएसयू के पूर्व वीसी को डीलिट की उपाधि

**आरा**। आरा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा राजस्थान के वाइस चांसलर एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर डॉ डीपी तिवारी को डीलिट की उपाधि मिली है। डॉ तिवारी साइप्रस इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा अदिस अबाबा इथियोपिया पूरबी-अफ्रीका में आयोजित ग्रेजुएशन सेरिमनी (कन्वोकेशन) में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लिया। साइप्रस यूनिवर्सिटी द्वारा प्रो तिवारी को प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विषय में मानद डीलिट उपाधि से सम्मानित किया गया है।

### गन पॉइंट पर नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म

**बक्सर** | बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग दलित लड़की से गन पॉइंट पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता घास काटने खेत गई थी, तभी बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। धनसोई थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यात्री कल्याण समिति की बैठक में रेल यात्रियों की सुविधा पर हुई चर्चा

**बक्सर**। रेल यात्री कल्याण समिति के बैनर तले रविवार को पुस्तकालय रोड स्थित जिला कार्यालय में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य रेल यात्री के सुविधाओं को ध्यानाकर्षित कराना, जनसाधारण रेल परिचालन की वर्तमान संख्या दो से बढ़ाकर चार करना तथा रेल परिसर एवं प्लेटफार्म को गंदगी मुक्त कराना है। ताकि रेल यात्रियों को प्रदूषण से बचाया सके और स्वछता को परिभाषित किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता अनिल सिंह ने की। मौके पर बबन, वैदेही श्रीवास्तव, मुक्तेश्वर पाडेय, रितेश श्रीवास्तव, पंकज पटेल, विरेंद्र ओझा, सुमन श्रीवास्तव, अनामिका आदि उपस्थित थे।

### धैर्यवान व्यक्तित्व के स्वामी थे पंडित मोहन तिवारी

**बक्सर**। जिले के जन-जन के प्रिय नेता बाबा के नाम से मशहूर कांग्रेस के कद्दावर नेता पंडित मोहन तिवारी की 27 वीं पुण्यतिथि बक्सर परिषदन में उनके शिष्य पूर्व प्रदेश सचिव कामेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित मोहन तिवारी अपने आदर्श अपने विचार और अपनी सोच के अकेला व्यक्तित्व थे। उनके आदर्श को हम लोग अपना कर युवा पीढ़ी समाज में वही स्थान बना सकते हैं, जो पंडित मोहन तिवारी को प्राप्त था। एक समय विधायक की कुर्सी का जिस तरह से उन्होंने त्याग किया वह एक मिसाल है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कामेश्वर पांडेय ने कहा कि मोहन तिवारी से समाज में जीने की कला जिसने सिख लिया वह समाज का प्यारा दुलारा हो जायेगा। आजीवन पढ़ने की आदत मोहन तिवारी को विवेकवान धैर्यवान एवं आत्मबल का धनी बना दिया था। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसन्न द्विवेदी, चौसा प्रखंड अध्यक्ष राजारमन पांडेय, जगदीश मिश्रा, रामस्वरूप अग्रवाल, जमाल अली, पप्पू पांडेय, शुभम तिवारी, विवेक तिवारी, अभय पांडेय, धीरेंद्र पाठक, सुरेश जयसवाल, राहुल चौबे, सत्यम, टिंकू चौबे, वीरेंद्र राम, दिनेश राय शामिल थे।

### साइकिल रैली से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**आरा**। हरित सफर अभियान के तहत दिशा एक प्रयास सामाजिक संस्था और महिला थाना, आरा ने "साइकिल पर संडे" अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की पहली कड़ी में साइकिल रैली जेपी प्रतिमा स्थल से हुई और जज कोठी, पकड़ी चौक, मौला बाग, पुरानी पुलिस लाइन होते हुए रेड क्रॉस, आरा पर समाप्त हुई। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ पर्यावरण, महिला सुरक्षा और लैंगिक अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए लोगों को सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा। संस्था का उद्देश्य केवल पर्यावरण और महिला सुरक्षा तक सीमित नहीं है। अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई जाएगी। हर रविवार को इस अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह कार्यक्रम पुलिस जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो 22 फरवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के माध्यम से समाज में अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। इस पहल के तहत प्रत्येक रविवार को साइकिल रैली आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर दिशा एक प्रयास की निदेशक डॉ. सुनीता सिंह, महिला थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी, रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता शमशाद प्रेम, लवली कुमारी, खुशी राज, खुशी, आनंद, चिराग और हर्षित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आईएमए के कैंप में मरीजों की हुई जांच

**आरा**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आरा ने रविवार को महुली गांव में फ्री मेडिकल कैंप लगाया। स्वास्थ्य विभाग ने इसमें सहयोग दिया। सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आरा के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह ने कैंप का उद्घाटन किया। कैंप में सभी विभागों के डॉक्टर मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग ने दवा वितरण की व्यवस्था की। सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, स्वास्थ्य विभाग शिविर के लिए हर संभव मदद करेगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सचिव सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता सिंह ने भी बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया। उन्होंने कहा कि गांव की महिलाएं कई रोगों से पीड़ित होने के बावजूद दूर ताला जाने एवं शर्म से इलाज नहीं करवा पाती हैं, आज शिविर में कई ऐसी महिलाओं ने खुलकर अपना इलाज कराया। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से बीमारियां नहीं आती हैं। आगे भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन विभिन्न गांव में सिविल लगाएगा। टीबी और शुगर जांच की सुविधा दी गई। डिजिटल एक्स-रे भी उपलब्ध था। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. ए अहमद की देखरेख में टीबी से जुड़े कार्य किए गए। शिविर में डॉ. विकास कुमार जैन, डॉ. केके सिंह, डॉ. वीके राय, डॉ. साजिद ईशा, डॉ. कुमार अमरेंद्र आनंद, डॉ. डीएन उपाध्याय, डॉ. नरेश प्रसाद और डॉ. चौधरी ने लोगों की जांच की।

## बरमेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर तैयारी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के प्रसिद्ध बरमेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर एक लाख श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना है। भीड़ प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने कई अहम कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने डीडीसी महेंद्र पाल के साथ मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक की। बैठक में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। प्रशासन ने ब्रह्मपुर चौरस्ता से मंदिर तक के रास्ते को नो व्हीकल जोन घोषित किया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। मंदिर में जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अव्यवस्था



♦ DM-SP ने लिया सुरक्षा का जायजा, मंदिर मार्ग को बनाया नो व्हीकल जोन

फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में एसडीएम डुमरांव राकेश कुमार, एसडीपीओ डुमरांव अफाक अख्तर अंसारी और मंदिर प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। डीएम और एसपी ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के सुचारू दर्शन और जलाभिषेक के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

## भोजपुरी और भक्ति गानों पर मैट्रिक परीक्षार्थियों का डांस, वीडियो

निज संवाददाता। आरा

आरा में मैट्रिक के परीक्षार्थियों का डांस करते वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों के हाथों में प्रश्न पत्र और एडमिट कार्ड है, जो DJ लदे हुए गाड़ी के पीछे भोजपुरी गानों पर डांस करते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो शहर के अलग-अलग जगहों का है। पहला वीडियो आरण्य देवी का है, जिसे सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया है। यह वीडियो तीन दिन पहले यानी 20 फरवरी को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया है। वायरल वीडियो में छात्र कूद-कूदकर डांस करते दिख रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो को एडिट कर अपने



इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक करीब साढ़े तीन हजार यूजर्स ने शेयर किया है।

**मॉडल स्कूल सेंटर से निकले थे छात्रः** वहीं, दूसरा वीडियो 22 फरवरी को बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि छात्र मीरगंज मोहल्ले स्थित मॉडल स्कूल सेंटर से परीक्षा

♦ भोजपुर में एडमिट कार्ड-क्वेश्चन पेपर लेकर DJ की धुन पर थिरके स्टूडेंट्स, वीडियो बनाते दिखे लोग

देकर निकले थे। सेंटर से बाहर DJ बज रहा था। इसी दौरान DJ की धुन पर छात्रों ने खूब डांस किया। दरअसल, 17 फरवरी से शुरू हुई मैट्रिक 25 फरवरी तक चलेगी है। हालांकि, ज्यादातर स्टूडेंट्स की परीक्षा 22 फरवरी को ही समाप्त हो गई है। अब वैसे छात्रों की परीक्षा है, जिन्होंने वैकल्पिक विषय और व्यावसायिक विषय लिया है।

## उत्कर्ष आनंद पर फायरिंग मामले में चस्पाया गया इश्तेहार

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के नवादा थाना पुलिस ने विष्णुनगर-बैंक कालोनी इलाके में एक सेवानिवृत शिक्षक पुत्र आनंद को गोली मारे जाने के मामले में वांछितों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को पुलिस ने कांड में वांछित उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी राकी सिंह के घर पर इश्तेहार चस्पाया। साथ ही सरेंडर नहीं करने पर कुर्की करने की चेतावनी दी गई। इस केस में पुलिस पूर्व में दो आरोपितों को जेल भेज चुकी है।

**12 मई 2024 का है मामलाः** बता दें कि 12 मई



2024 की रात बदमाशों ने नवादा थाना क्षेत्र के विष्णुनगर- बैंक कालोनी मोहल्ला निवासी सह रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह के 29 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष आनंद को गोली मारी थी। काफी करीब से चार गोली मारी गई थी। जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिसके बाद इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। इसे लेकर जख्मी उत्कर्ष आनंद के पिता सह रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह क द्वारा नारायणपुर थाना क्षेत्र के सितुहारी गांव निवासी गजेंद्र कुमार उर्फ अविनाश एवं दो अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज के उपरांत पुलिस ने गजेंद्र कुमार उर्फ अविनाश एवं उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी

♦ 2024 में रिटायर्ड प्रिंसिपल के बेटे को मारी थी चार गोली, सरेंडर नहीं करने पर कुर्की की चेतावनी

अप्राथमिकी आरोपित ऋषि कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने राकी कुमार नाम इस कांड में आया था। उसी समय से राकी कुमार वांछित चल रहा है। रविवार को कांड के आइओ अनिल राय पुलिस बल के साथ सरथुआं गांव पहुंचे एवं वांछित के घर पर इश्तेहार चस्पाया। इधर,थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि सरेंडर नहीं करने पर कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी।

## बक्सर में गंगा पर 732 मीटर लंबा पीपा पुल



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गंगा नदी पर नैनीजोर गांव और उत्तर प्रदेश के हल्दी गांव के बीच पीपा पुल का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। 16.47 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस पुल की लंबाई 732 मीटर है। इसमें 60 पीपा सेट का उपयोग किया जा रहा है। प्रशासनिक स्वीकृति में देरी के बावजूद महाशिवरात्रि से पहले पुल को आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। पीपापुल के कर्मचारी लखीन्द्र कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए काम तेजी से किया जा रहा है।

**कई गांवों को जोड़ता है पुलः** पुल बक्सर और बलिया जिलों के कई गांवों को जोड़ता है। इससे बिहार के बक्सर, भोजपुर, छपरा, सिवान और उत्तर प्रदेश के बलिया के लाखों लोगों को फायदा होगा। पुल से यात्रा का समय और खर्च दोनों कम होंगे। पीपापुल निगम के नियम के अनुसार बरसात और बाढ़ के मौसम में जून-जुलाई में पुल को खोल दिया जाता है। निर्माण काम अक्टूबर से नवंबर तक पूरा कर लिया जाता है। पुल से नाव से यात्रा करने के जोखिम से लोगों को मुक्ति मिलेगी।

## भोजपुर में हथियार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना पुलिस ने सईयां के डेरा गांव स्थित एक सामुदायिक भवन में छापेमारी कर दो देशी पिस्तौल,पांच कारतूस एवं चार खोखा बरामद किया है। हालांकि, पुलिस को देख तीनों अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इसकी जानकारी भोजपुर एसपी राज ने दी है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इधर, एसपी राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि करनामेपुर थाना क्षेत्र के सईयां के डेरा गांव स्थित सामुदायिक भवन में तीन बदमाश एकत्रित होकर घटना कारित करने का षड्यंत्र रच रहे है। इसके बाद करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देख तीनों बदमाश रात के



अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले। पुलिस ने छापेमारी के दौरान सामुदायिक भवन से दो देशी पिस्तौल,पांच कारतूस एवं चार खोखा बरामद किया है। इस मामले में करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि तीनों अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी की है।पुलिस गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

**देसी कट्टा और एक कारतूस भी बरामदः** वहीं गड़हनी थाना पुलिस ने अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार

♦ सामुदायिक भवन के पास अपराध की योजना बना रहा था, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दबोचा

किया है।गिरफ्तार थाना क्षेत्र के गड़हनी पुल के समीप एक रेस्टोरेंट के पास से हो सकी। पुलिस ने उसके पास एक देसी कट्टा और एक कारतूस भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि सिंह गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनाढ़ गांव का निवासी है। इसकी जानकारी एसपी राज ने दी।

**आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्जः** एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गड़हनी पुल के समीप रेस्टोरेंट के पास एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है।

## सरेंजा प्रीमियर लीग का रोमांचक फाइनल




निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सरेंजा पंचायत में आदर्श युवा क्लब की ओर से आयोजित सरेंजा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। विधायक संजय कुमार तिवारी, पूर्व जिला पार्षद डॉ मनोज कुमार यादव और जिला पार्षद पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मुकाबला किंग कोबरा और देशी कोबरा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर देशी कोबरा ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। किंग कोबरा ने 16 ओवर में 162 रन बनाए। टीम की ओर से शिवम कुमार ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 31 गेंदों में 86 रन ठोके। लक्ष्य का पीछा करते हुए देशी कोबरा की टीम 92 रन पर ढेर हो गई। किंग कोबरा की ओर से शिवम कुमार ने 4 और दिलीप कुमार ने 3 विकेट लिए। शिवम कुमार को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया था, इसमें प्रत्येक टीम ने 6-6 मैच खेले। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक तिवारी ने खेल भावना पर जोर दिया। पूर्व जिला पार्षद डॉ यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते है। मैच में कॉमेंट्री का कार्य उपेंद्र यादव और सोनू पुजारी ने किया। अंपायरिंग की जिम्मेदारी राकेश श्रीवास्तव और विमलेश यादव ने संभाली।

## भूखों का पेट भर रहा रोटी बैंक, मदद के लिए आप भी आगे आएं

**बक्सर**। बक्सर शहर में रोटी बैंक अनूठा कार्य कर रही है। हर रोज स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में सैकड़ों भूखों, असहायों, दिव्यांगों को पेट भरने का कार्य रोटी बैंक कर रही है। नित्य दिन रात्रि 8 बजे रेलवे स्टेशन परिसर में लोगों को बैठाकर पुड़ी, सब्जी, रोटी आदि खिलाया जाता है। भूख के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम में शामिल रासबिहारी ओझा व ओमजी यादव ने बताया कि हमारी संस्था तो असहायों, गरीबों, लाचार, मंदबुद्धि और दिव्यांगों का पेट भरने का कार्य कर रही है, आप भी चाहे तो इस कार्य में आगे आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक इंसानियत का बैंक है। मानवता का बैंक है। यह असहाय, लाचार, जरूरतमंद लोगों को भोजन के साथ-साथ कपड़ा, कंबल आदि पहुंचाने का एक माध्यम है।

# भागलपुर में विकास कार्यों के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ




भागलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में एक भव्य जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं और बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री ने मंच से प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह धरती महान योद्धा अंगराज कर्ण, महर्षि मेंहीं, भगवान वासुपूज्य और शहीद तिलका मांझी की रही है। उन्होंने इस पावन भूमि की महिमा का बखान करते हुए भागलपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों के खातों में भेजी। उन्होंने बटन दबाकर 22,000 करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए, जिसमें बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवारों को 1,600 करोड़ रुपये का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है और उनकी आय बढ़ाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज जो पैसा सीधे किसानों के खाते में जा रहा है, वह पहले बिचौलियों की जेब में चला जाता था, लेकिन अब पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों को उनका हक मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि राजग सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आधुनिक बीजों को बढ़ावा दिया है, खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की है और किसानों को राहत देने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। पहले यूरिया के लिए किसानों को लंबी लाइनों में लगना पड़ता था, लेकिन अब यह स्थिति बदल चुकी है। केंद्र सरकार ने यूरिया की किल्लत को खत्म किया और बरौनी खाद कारखाने को फिर से चालू किया। उन्होंने कहा कि आज भारत में किसानों को जो खाद सस्ती दरों पर मिल रही है, वह सरकार द्वारा दी जा रही भारी सब्सिडी की वजह से संभव हो सका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर राजग सरकार न होती तो किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलता। इस योजना को शुरू हुए अभी सिर्फ छह साल हुए हैं और अब तक करीब 3.70 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय उनके हाल पर छोड़ देती थीं, लेकिन 2014 के बाद इस स्थिति को बदला गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 1.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए भी बड़े कदम उठाए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए सहकारी समितियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इससे बिहार के लाखों किसानों को सीधा फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में हर दिन 30 लाख लीटर दूध सहकारी संघों द्वारा खरीदा जा रहा है, जिससे राज्य के किसानों को हर साल 3,000 करोड़ रुपये की आमदनी हो रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में उत्कृष्टता केंद्र और बरौनी में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना की भी जानकारी दी, जिससे लाखों किसानों और युवाओं को रोजगार मिलेगा। अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं और नारीशक्ति के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बिहार के विकास को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश में रेल, सड़क और बुनियादी ढाँचे से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट तेज़ी से पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे केंद्र और राज्य में राजग सरकार को समर्थन दें, ताकि बिहार और देश को आगे ले जाने का संकल्प पूरा किया जा सके। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। सभा में बड़ी संख्या में किसानों और आम जनता की उपस्थिति देखी गई, जो प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए उमड़ी थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बिहार की जनता को महाशिवरात्रि की अग्रिम शुभकामनाएँ भी दीं और राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# इंटर एजी के छात्रों को पढ़ाएंगे बीएयू के वैज्ञानिक

निज संवाददाता। भागलपुर

सूबे में आईएससी कृषि के 1520 छात्रों को बीएयू पढ़ाई कराएगा। प्रत्येक वर्ष राज्य के हर जिले के एक हाईस्कूल में 40 छात्रों का नामांकन लिया जाता है। शिक्षक नहीं होने के कारण बिना पढ़ाई किये छात्र आईएससी कृषि पास हो जाते हैं। बीएयू राज्य के सभी चयनित हाई स्कूल के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई कराएगा। इसे लेकर शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

छात्रों को इंटर्नशिप करने का मौका भी दिया जाएगा। आईएससी कृषि के छात्रों के लिए स्नातक में 50 प्रतिशत सीट रिर्जव रखा जाता है। राज्य में कृषि सेक्टर की बढ़ती संभावना को देखते हुए वर्ष 2015 में कृषि शिक्षा को विस्तार देने की राज्य सरकार ने योजना बनाई थी। इसमें बिहार के प्रत्येक जिले में आईएससी एजी की पढ़ाई शुरू की गयी थी। सभी जिले में एक-एक प्लस टू स्कूलों में पढ़ाई शुरू की गयी थी। पिछले नौ वर्ष से किसी भी स्कूल में एग्रीकल्चर के एक भी नियमित शिक्षक नहीं हैं। 2023 में शिक्षा विभाग ने एग्रीकल्चर के शिक्षकों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजा था। जिले के हाईस्कूल तुलसीपुर की प्राचार्य मधु कुमारी ने कहा कि हमारे यहां प्रत्येक वर्ष 40 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जाता है। पर शिक्षक नहीं हैं।


## असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

(अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)

निविदा सं० – 92 दिनांक – 22.02.2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन NCD, कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त DRE 2024 -2025 के आलोक विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन हेतु प्राप्त आवंटन की राशि से Medicine एवं Equipment एवं अन्य राज्य द्वारा प्राप्त Specification के अनुरूप क्रय हेतु अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि–लिफाफा पद्वति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से शीलबंद निविदा सिविल सर्जन, सदर अस्पताल गढ़वा पिन कोड – 822114 के नाम से निबंधित या स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से निम्न शर्तो के साथ जिला स्वास्थ्य समिति गढवा में आमंत्रित की जाती है।

| S.N | NAME OF WORK | RATE CONTRACT FOR Medicine एवं Equipment ,अन्य सामग्री |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 25 February 2025 , From 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 5 MARCH 2025 , Till 05:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 6 MARCH 2025 , 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favoring - DRHS Flexi Pool Garhwa | Rs. 50,000.00 (Fifty Thousand) |
| 05 | Application Fee(Non Refundable ) favoring - DRHS Flexi Pool, Garhwa | 5,000.00 (Five Thousand) |
| 06 | Venue for Getting & Submission of Tender Document | Civil Surgeon, Garhwa Sadar Hospital Campus, Garhwa 822114 |
| 07 | Contract No. of Procurement Officer | 7903284328, 7903074534 |
| 08 | Mode of Submission | Through Registered / Speed Post Only |

निविदा संबंधित कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट **http://garhwa.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

जिला नोडल पदाधिकारी, गढ़वा। — असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

**PR 347053 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D**

## पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-एएसटीई-टीईएलई-बीडीसी-25, दिनांक 21.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-एएसटीई-टीईएलई-बीडीसी-25 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बंद होने की तारीख 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। कार्य का नामः अनुसूची ए-बीएलवाई-बीडीसी एवं एसएचई-टीएके टीटीआर 60 किग्रा 1 इन 12 कुल-03 सेटः टीएफआर आरसीडी-बीटीएनजी, बीजेडएल-आरसीडी, केएएन-बीडीएजी कुल-10.217 किमी। अनुसूची बी-डीडीजे-डीकेएई, एडीएल-डीकेएई टीटीआर 60 किग्रा 1 इन 12 कुल-8 सेट। अनुसूची सी-टीएसआर(पी) एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई कुल-1.300 किमी तथा टीडब्ल्यूएसईजे 60 किग्रा एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई कॉर्ड-कुल 2 सेट। अनुसूची डी-पीडब्ल्यूपी सं. 31037 ऑफ 2024-25 टीआरआर (पी)-44.841 किमी। हावड़ा मंडल के तहत बीएलवाई-बीडीसी, बीएलवाई-एसकेजी, बीडब्ल्यूएन-केएएन, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई, एचडब्ल्यूएच-एसआरसी, केएएन-यूडीएल, एसएचई-जीओजीटी, एसकेजी-बीडब्ल्यूएन अनुभाग में टीआरआर(पी) के लिए एस एंड टी सब एस्टीमेंट। अनुसूची ई-हावड़ा मंडल में एचडब्ल्यूएच-एसआरसी, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई कॉर्ड, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई एलएलएच अप, एसकेजी-बीडब्ल्यूएन बीडब्ल्यूएन अप लाइन, बीडब्ल्यूएन-केएएन बीडब्ल्यूएन पीएफ लाइन, एनएचटी-बीडीएजी पीकेआर डाउन, बीएलवाई-बीडीसी बीडीसी डाउन, बीडीसी-केडब्ल्यूएई बीडीसी अप, बीडीसी-एसकेजी बीडीसी लाइन-3 का टीटीआर डॉयमण्ड क्रॉसिंग 60 किग्रा 1 इन 8.5 - 30 सेट। अनुसूची एफ-हावड़ा मंडल के एजेड-एनएचटी अप, बीएलवाई-एसकेजी डाउन-1, बीडब्ल्यूएन-केएएन डाउन-1 में एफ-टीएसआर (पी) कुल किमी. - 25.292 किमी। अनुसूची जी-हावड़ा मंडल में बीडीसी-एसकेजी बीडीसी लाइन, बीडीसी एसटीएन लिमिट, बीडब्ल्यूएन-केएएन बीडब्ल्यूएन डाउन एडीवी लूप, बीडब्ल्यूएन एसएनटी लिमिट, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई, एचडब्ल्यूएच-एसआरसी एचडब्ल्यूएच बी लाइन, केएएन-एसएनटी बीडीएच कॉमन लूप, एनएचटी-बीडीएजी केएलपी अप लूप, एसएचई-टीएके टीएके अप लूप, एसकेजी-बीडब्ल्यूएन डीएसएल शेड लाइन में जी-सीटीआर (एस) कुल किमी-40.119 किमी। विज्ञापित मूल्यः रु. 2,47,16,396.84; बयाना राशि/बोली सुरक्षाः रु. 2,73,600; निविदा दस्तावेज की कीमतः रु. शून्य; निविदा अपलोडिंग की तारीख/समयः 21.02.2025 को शाम 04.09 बजे। प्रस्ताव की वैधताः 60 दिन। समापन अवधिः 15 महीने। बोली शुरू होने की तारीखः 03.03.2025; बोली की शैलीः प्रत्येक अनुसूची मद के लिए एकल दर। संविदा का प्रकारः कार्य। संविदा की श्रेणीः व्यय। बोलियों के लिए रैंकिंग क्रमः न्यूनतम से उच्चतम। व्यय का प्रकारः पूंजी (कार्य)। आईपीएएस खाता इकाईः 0202-पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच पूर्व रेलवे।

(HWH-625/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

पत्रांक............../दिनांक.................

**Very Short Tender Notice for E-Procurement**

**IMPORTANT INFORMATION**

**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (6th Call)**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Hussainabad town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,19,36,142.00 Operation & Maintenance Cost: 1,21,77,720.00 Total: 3,41,13,862.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | 3,41,140.00/- (Rupees Three Lakhs Forty One thousand one hundred forty.) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | 10,000.00/- (Rupees Ten Thousand Only); non- refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 25.02.2025 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 25.02.2025 at 5:00 PM |
| 8 | Start date for seeking clarification | 25.02.2025 |
| 9 | End date for seeking clarification | 27.02.2025 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 27.02.2025 at 03:00 PM, e-Procurement Cell, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD. |
| 11 | Bid submission Start date | 25.02.2025 at 03:00 PM |
| 12 | Bid submission end date | 04.03..2025 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 05.03.2025 at 5.00 PM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name & Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 16 | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) Mobile No-9835206770 |

I. Complete bid document is available on website http://Jharkhand tenders.gov.in
ii. Other details can be seen in the bidding SBD document
iii. For clarification regarding e tender and document you may contact to nodal officer Mobile no- 9835206770
iv. Only e tender will be accepted

**PR 347083 District(24-25)#D** — **Administrator Hussainabad Nagar Panchyat**

## योजना एवं विकास विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 20/2024–25

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण –(योजना/शीर्ष/मद का नाम) :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना | | | | | |
| 1 | औरंगाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत गुलजारबाग में कब्रिस्तान घेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 18.66 | 37400.00 | 5000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 03 माह |
| | आकाँक्षी जिला कार्यक्रम (ADP) | | | | | |
| 1 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय कुटुम्बा का जीर्णोद्धार कार्य। | 20.41 | 40900.00 | 5000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 03 माह |
| | कुल राशि :– | 39.07 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 20.02.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.03.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

PR- 020092 (Planning) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## पूर्व रेलवे

सीनि. डीईएन/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच। 357_2024-25, दिनांक 21.02.2025, कार्य का विवरणः बर्द्धमान-बीडब्ल्यूएन में ट्रैफिक सुविधा कार्य (कार्य हिस्सा)। अनुमानित लागतः रु. 6,67,53,433.19; बयाना राशिः रु. 4,83,800। समापन अवधिः 12 महीने। निविदा प्रपत्र की कीमतः शून्य। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 17.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-628/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-आरपीएच-25, दिनांक 21.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-आरपीएच-25 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बंद होने की तारीख 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। कार्य का नामः अनुसूची ए-हावड़ा मंडल के तहत बीडीसी-केडब्ल्यूएई डाउन, बीडीसी-एसकेजी, बीएलवाई-एसकेजी, बीडब्ल्यूएन-केएएन, केएएन-एसएनटी में कुल किमी.-35.658 किमी का टीएसआर (पी)। अनुसूची बी-टीआरआर (पी)-बीडीसी-केडब्ल्यूएई अप 8-9.800 कुल 1.8 किमी। अनुसूची सी-टीआरआर (पी)-बीडीसी-केडब्ल्यूएई अप एवं केएएन-एसएनटी अप कुल 1.759 किमी। अनुसूची डी-टीएसआर (पी)-बीडीसी-केडब्ल्यूएई डाउन 10.400-11.670 कुल-1.270 किमी एवं केएएन-एसएनटी अप एवं डाउन टी/आउट स्लीपर 60 किग्रा 1/12, एसईजे स्लीपर 60 किग्रा ब्रिज डेक स्लीपर बीडीसी-केडब्ल्यूएई डाउन 10.400-11.670 कुल-1.270 किमी। अनुसूची ई-हावड़ा मंडल के तहत बीएलवाई-बीडीसी, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई कॉर्ड, केएएन-एसएनटी, केडब्ल्यूएई-एजेड अनुभाग में सीटीआर(पी) कार्य के लिए 23.712 किमी एस एंड टी सब एस्टीमेट। अनुसूची एफ - हावड़ा मंडल के केएएन-एसएनटी डाउन, एसएनटी-एनएचटी डाउन, एनएचटी-बीडीएजी डाउन में टीएफटीआर-18.145 किमी। अनुसूची जी-हावड़ा मंडल के एजेड-एनएफके अप, बीडीसी-केडब्ल्यूएई डाउन, बीएलवाई-एसकेजी डाउन, बीडब्ल्यूएन-केएएन पीएफ-3, केएएन-एसएनटी अप, केडब्ल्यूएई-एजेड, एजेड-एसएनटी लाइन, एनएचटी-बीडीएजी अप, एसकेजी-बीडब्ल्यूएन डाउन एचबीसी, एसएनटी-एनएचटी डाउन में टीआरआर (पी) कुल किमी. 38.613 किमी। अनुसूची एच-टीआरआर(पी)-केएएन-एसएनटी अप, एसएनटी-एनएचटी, एनएचटी-बीडीएजी कुल 1.728 किमी। अनुसूची I-हावड़ा मंडल के एजेड-एनएचटी अप, बीएलवाई-एसकेजी डाउन-1, बीडब्ल्यूएन-केएएन डाउन-1 में टीएसआर (पी) कुल किमी-30.035 किमी। विज्ञापित मूल्यः रु. 2,26,90,108.57; बयाना राशि/बोली सुरक्षाः रु. 2,63,500; निविदा दस्तावेज की कीमतः रु. शून्य; निविदा अपलोडिंग की तारीख/समयः 21.02.2025 को शाम 05.09 बजे। प्रस्ताव की वैधताः 60 दिन। समापन अवधिः 15 महीने। बोली शुरू होने की तारीखः 03.03.2025; बोली की शैलीः प्रत्येक अनुसूची मद के लिए एकल दर। संविदा का प्रकारः कार्य। संविदा की श्रेणीः व्यय। बोलियों के लिए रैंकिंग क्रमः न्यूनतम से उच्चतम। व्यय का प्रकारः पूंजी (कार्य)। आईपीएएस खाता इकाईः 0202-पूर्व-रेलवे-एचडब्ल्यूएच पूर्व रेलवे।

(HWH-624/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कार्यालय:–असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पलामू

Email ID:-civilsurgeonpalamu@gmail.com

TenderNo.__________(DHS) Date:_________

**Very Short Tender Notification**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer Palamu invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for rate Contract of AERB Compliance for SDH Chhatarpur, Hussainabad& CHC Bishrampur.

**The Blank Tender Documents with Detail conditions can be obtained from office**

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | रेडियोलोजी मशिनों एवं एक्स रे कक्ष को AERB मापदण्डो के अनुसार अपग्रेड करने जाने के संबंध में। |
| 2 | Date/Time of start of Submission of Bids | 24.02.2025 |
| 3 | Last Date/Time for receipt of bids | 03.03.2025 |
| 4 | EDM in favoring DIST RURAL HEALTH SOCITY Palamu | Rs.5000 (Five Thousand) |
| 5 | Application Fee (Non-Refundable) in favoring DIST RURAL HEALTH SOCITY Palamu | Rs.500 (Five Hundred) |
| 6 | Venue for getting & submission of tender document | District Health Society Civil Surgeon Office. Palamu Pin Code-822101 |
| 7 | Contact Number | 7070002631 |
| 8 | Affidavit Tender Fee and EMD हाथों हाथ जमा करने की अंतिम तिथि | 03.03.2025 up to 5:00PM |

PR 347077 (District) 24-25 (D) — **Civil Surgeon Cum CMO Palamu**

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND, URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**

**E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY | TENDER FEE (2% OF ESTIMATE COST) | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 1 | 9 | UDD/NPB/34/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD over kachcha road using GSB with two CULVERT from Sant Tulsidas Gate to house of Rina Kunwar in ward-9 under BNP. | 2102500.00 | 42050.00 | 5000.00 | 45 day |
| 2 | 16 | UDD/NPB/35/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD on kachcha road WITH BOX CULVERT from house of Kaushal Chandrawanshi to house of Bullu Chandrawanshi in ward-16 under BNP. | 1278845.00 | 25577.00 | 5000.00 | 45 day |
| 3 | 1 | UDD/NPB/36/ 2024-25 | Construction of PCC ROAD on kachcha road With DRAIN in middle from house of Suresh Ram to house of Suryavanshi Ram in ward-1 under BNP. | 1023434.00 | 20469.00 | 5000.00 | 45 day |
| 4 | 9 | UDD/NPB/37/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from Aanganbadi to house of Asarfi Ram in ward-9 under BNP. | 1826611.00 | 36532.00 | 5000.00 | 45 day |
| 5 | 5 | UDD/NPB/38/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Ramkumar Chaudhary to Vidya Niketan in ward-5 under BNP. | 1669745.00 | 33395.00 | 5000.00 | 45 day |
| 6 | 13 | UDD/NPB/14/ 2024-25 (2nd Call) | Construction of R.C.C drain from house of Rafique ansari to Aahar via house of Salim ansari in ward no 13 | 1343863.00 | 26877.00 | 5000.00 | 45 day |
| 7 | 6 | UDD/NPB/39/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from Medininagar main road to Bishrampur main road via house of Kiran Devi in ward-3 under BNP. | 1180186.00 | 23604.00 | 5000.00 | 45 day |
| 8 | 3 & 9 | UDD/NPB/40/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Gopal Ram to house of Arvind kumar in ward-3 and 9 under BNP. | 1179969.00 | 23599.00 | 5000.00 | 45 day |
| 9 | 19 | UDD/NPB/41/ 2024-25 | Construction of R.C.C DRAIN from house of Sukan Bhuinya to house of Israil Ansari in ward-19 under BNP. | 1113182.00 | 22264.00 | 5000.00 | 45 day |
| 10 | | | Date Of Publication Of Tender On Website | 26.02.2025, 11:00 AM | | | |
| 11 | | | Date Start Of Online Submission Of Bids | 26.02.2025, 11:00 AM | | | |
| 12 | | | Last Date/Time Of Online Submission Of Bids | 06.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 13 | | | Date Of Bid Opening | 07.03.2025, 11:00 AM | | | |
| 14 | | | Name & Address Of Office Inviting Tender | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 15 | | | Contact No. Of Procurement Officer | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 16 | | | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 06584 299971 | | | |

NOTE: - 1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

**PR 347142 District(24-25)#D** — प्रशासक, नगर परिषद बिश्रामपुर

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर धमाल मचाया

**फरीदाबाद एजेंसी।** सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। शानदार प्रस्तुति देकर छात्राओं ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।स्कूल प्राधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विद्यालय की 18 छात्राओं ने छोटी चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा और राजस्थान की लोक संस्कृति से परिचय कराया। अध्यापिका किरण, नीतू, रेखा, सुदेश ने छात्राओं के साथ मेले में सहभागिता करते हुए सुंदर कार्यक्रम का मंचन किया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पहले भी शिक्षा का अधिकार पर नुक्कड़ नाटिका, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए है। विद्यालय के छात्रों और छात्राओं ने पेंटिंग, निबंध और विभिन्न अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते। उन्होंने कहा कि सभी के परिश्रम के बिना यह सब संभव नहीं था। भविष्य में ओर अधिक मेहनत से विद्यार्थियों के चहुमुंखी विकास में सहयोग मिलेगा।

### राजस्थान के बोरवेल में गिरे बच्चे की मौत, रेस्क्यू टीम ने सोमवार को निकाला बाहर

**झालावाड़ , एजेंसी।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 5 साल के बच्चे प्रह्लाद की मौत हो गई है। रेस्क्यू टीम ने 13 घंटे बाद उसका शव बोरवेल से बाहर निकाल लिया। रात भर चले ऑपरेशन के बाद भी प्रहलाद की जान को नहीं बचाया जा सका। प्रहलाद बोरवेल में 30 फीट नीचे फंसा हुआ था। शुरुआत में बच्चे की आवाज सुनाई दे रही थी। लेकिन पथरीला इलाका होने के कारण बचाव कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को सुबह करीब 4 बजे बच्चे को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। रविवार को बोरवेल में बच्चे के गिरने की सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया था और पाइप के जरिए बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाई गई थी। इसके साथ ही झालावाड़ से मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम देशी जुगाड़ करके भी बच्चे को निकालने की कोशिश कर रही थी। वहीं कोटा से भी एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन सारी कोशिशें के बाद भी बच्चे की मौत हो गई। डग थाना अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि पाडला गांव निवासी कालू लाल का बेटा प्रहलाद 150 फीट गहरे बोरवेल के पास खेलते समय अचानक उसमें गिर गया था। लेकिन वह 30 फीट की गहराई में जाकर फंस गया था। सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया और बोरवेल के आसपास भी जेसीबी मशीनों की मदद से गड्ढे करवाए गए। जानकारी में सामने आया कि जिस बोरवेल को ढकने के लिए पत्थर रखा हुआ था बच्चा उसी पत्थर के साथ बोरवेल में गिर गया।

### `एरोप्लेन में बम होने की धमकी, रोम डायवर्ट किया गया विमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आ रहे एक विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद उसे रोम के लिए डायवर्ट कर दिया गया। इटली की समाचार एजेंसी एएनएसए की खबर के अनुसार विमान में बम रखे होने की कथित धमकी मिलने के बाद उड़ान का मार्ग बदल दिया गया। न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आने वाली अमेरिकन एयरलाइंस की एक उड़ान का मार्ग बदलकर उसे रोम भेज दिया गया। 'फ्लाइटरडार24डॉटकॉम' वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। इटली की समाचार एजेंसी एएनएसए की खबर के अनुसार विमान में बम रखे होने की कथित धमकी मिलने के बाद उड़ान का मार्ग बदल दिया गया। अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या एए292 न्यूयॉर्क के जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 22 फरवरी को रवाना हुई थी। इसे दिल्ली पहुंचना था। लेकिन, विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद इसका मार्ग बदलकर इसे रोम भेज दिया गया। शीघ्र ही रोम में उतरने की उम्मीद है। अमेरिकन एयरलाइंस की वेबसाइट पर उपलब्ध उड़ान की स्थिति के अनुसार, उड़ान एए292, 22 फरवरी को रात 8ः14 बजे न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे से रवाना हुई। स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5ः30 बजे इटली के फिमिसिनो में लियोनार्डो दा विंची रोम फिमिसिनो हवाई अड्डे पर इसके पहुंचने की उम्मीद है। उड़ान की स्थिति और मार्ग बदलने के कारण के बारे में पूछताछ करने पर अमेरिकन एयरलाइंस तथा संघीय विमानन प्रशासन से फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है।

# प्रयागराज महाकुंभ पहुंचा न्यायिक जांच आयोग, मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की जानेगा सच्चाई

**प्रयागराज , एजेंसी।**
प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ के बाद जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित की गई है सरकार की तरफ से गठित न्यायिक जांच आयोग सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचा है। न्यायिक आयोग मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ मामले की सच्चाई जानेगा। आयोग जांच के बाद सरकार को रिपोर्ट सौंपेगा।

दरअसल, महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ मच गई थी जिसके चलते कई लोगों की जान चली गई थी। कई लोग घायल भी हुए थे। जांच के लिए योगी सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया। हाईकोर्ट के रिटायर जस्टिस हर्ष कुमार की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय आयोग पूरे मामले की जांच कर रहा है। आयोग अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। इस महाकुंभ भगदड़ पर योगी सरकार पर विपक्ष लगातार हमलावर है। भगदड़ लेकर योगी सरकार पर समाजवादी पार्टी कई आरोप लगाए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर



भगदड़ में मौतों का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया है। सदन भी इस मामले को उठा चुके हैं।

आपको बता दें कि सनातन धर्म के इतिहास में सर्वाधिक श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले महाकुंभ में आस्था का सैलाब रुकने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को लगातार नौवें दिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। रविवार को रात आठ बजे तक 1.32 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसमें शनिवार तक स्नान करने वाले 60.74 करोड़ श्रद्धालुओं को जोड़ लिया जाए तो रविवार तक कुल 62.06 करोड़ आस्थावान स्नान कर चुके थे।

ऐसा पहली बार हो रहा है कि माघी पूर्णिमा बीतने के 11 दिन बाद इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बना हुआ है। 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 2.06 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी। उसके बाद 13 फरवरी को 85.46 लाख और 14 फरवरी को 96.98 लाख लोगों ने डुबकी लगाई थी। उसके बाद 15 फरवरी से श्रद्धालुओं के आने की रफ्तार बढ़ी तो रविवार तक तांता लगा हुआ है। रविवार को भी पूरे दिन संगम क्षेत्र के काली मार्ग और गंगा पथ तो झूंसी जीटी रोड पर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन संगम में स्नान का उत्साह ऐसा है कि किसी के चेहरे पर शिकन तक नहीं पड़ रही। रविवार को सुबह आठ बजे तक 31.70 लाख, दस बजे तक 51.73 लाख, 12 बजे तक 70.92 लाख, दो बजे तक 87.73 लाख, चार बजे तक 1.03 करोड़ व छह बजे तक 1.18 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके थे।

# दोस्तों की खातिर भड़का दूल्हा, दुल्हन के सामने लिया फैसला, बिगाड़ दिया शादी का माहौल

**मैनपुरी एजेंसी।** यूपी के मैनपुरी के किशनी क्षेत्र में जयमाला का कार्यक्रम पूरा होने के बाद दुल्हन को दूल्हे के साथ खाना खिलाया जा रहा था। दुल्हन आई तो दूल्हे के दोस्त दूल्हे के पास पहले से बैठे थे। दुल्हन के घर वालों ने दोस्तों से हटने के लिए कहा तो दूल्हा नाराज हो गया और वहां से भाग निकला। रातभर उसकी तलाश हुई रिश्तेदारों और परिजनों ने ढूंढा। सुबह वह मिल गया तो पुलिस और परिजनों ने उसे समझाया। इसके बाद वह शादी करने के लिए लौट आया और शादी की रस्में पूरी होने के बाद बारातियों और दुल्हन को लेकर रवाना हो गया। पूरे घटनाक्रम की इलाके में चर्चा है।

इटावा के पांडुआ निवासी अमन पुत्र निर्भय सिंह की बारात शनिवार की देर शाम मैनपुरी के एक मैरिज होम में आई थी। सबकुछ ठीक चल रहा था। स्टेज पर जयमाला के कार्यक्रम के दौरान दूल्हे के दोस्त शोर मचाने लगे तो दुल्हन पक्ष ने उन्हें स्टेज से नीचे उतार दिया। इससे दूल्हे को गुस्सा आ गया। तब कुछ नहीं हुआ लेकिन जैसे ही दूल्हा दुल्हन के साथ खाना खाने के लिए पहुंचा तो स्टेज से उतारे गए दोस्त दूल्हे के पास पहुंच गए। दुल्हन आई तो उसके घरवालों ने दूल्हे के दोस्तों को फिर से हटने के लिए कहा।

इसी बात से दूल्हा फिर नाराज हो गया और बारात छोड़कर भाग निकला। सुबह रिश्तेदारों की मदद से परिजनों ने उसे ढूंढ लिया। पुलिस ने पहले दुल्हन और फिर दूल्हे पक्ष की अलग-अलग बात सुनी और फिर दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद दोनों पक्ष तैयार हो गए। रविवार की शाम 3 बजे शादी की सारी रस्में पूरी करवाई गईं और दुल्हन को दूल्हे के साथ विदा कर दिया गया। वहीं मैनपुरी के एलाऊ थाना क्षेत्र में हुई एक अन्?य घटना में शादी में दावत खाने गए युवक को डीजे पर दूसरा गाना सुनने की फरमाइश भारी पड़ गई। गांव के ही लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी जमकर मारपीट की जिससे उसकी एक बांह टूट गई। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# फरीदाबाद में बिल्डर के घर आयकर विभाग की रेड, 100 करोड़ की संपत्ति मिली; कैश-जूलरी भी बरामद

**फरीदाबाद एजेंसी।**
फरीदाबाद में आयकर विभाग की दिल्ली टीम ने शहर के एक नामी रियल एस्टेट बिल्डर के घर और कार्यालय पर छापा मारकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का खुलासा किया है। यह छापेमारी तीन दिनों तक चली। इस दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में नकदी, जूलरी और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए।

आयकर विभाग को कारोबारी के टैक्स में गड़बड़ी के साथ करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर आयकर विभाग की टीम ने बिल्डर के घर और दफ्तर समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। इस दौरान अधिकारियों ने करोड़ों रुपये की संपत्ति, जमीनों के दस्तावेज, बैंक लेन-देन की डिटेल और अन्य महत्वपूर्ण फाइलों को जब्त किया। इसके अलावा, बिल्डर के ठिकानों से लाखों रुपये की नकदी और करोड़ों की जूलरी भी बरामद की गई।

आयकर अधिकारियों ने बिल्डर के मोबाइल फोन और लैपटॉप को जब्त कर लिया। इनमें मौजूद डेटा की गहन जांच की जा रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं बिल्डर ने कर चोरी या अन्य वित्तीय अनियमितताएं तो नहीं की



हैं। प्रारंभिक जांच में अधिकारियों को कई अहम सुराग मिले हैं, जिनकी बारीकी से जांच जारी है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग अब बिल्डर के व्यावसायिक साझेदारों और अन्य वित्तीय लेन-देन की भी गहराई से जांच करेगा। अधिकारियों को संदेह है कि इस पूरे नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। जब्त दस्तावेजों और संपत्तियों की विस्तृत जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी को लेकर अभी तक बिल्डर की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं, आयकर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। शहर में इससे पहले सेक्टर-35 स्थित अशोका एंक्लेव में आयकर की छापेमारी हो चुकी है। राजस्थान आयकर की टीम ने मौके से करीब नौ करोड़ की जूलरी और करीब तीन करोड़ की नकदी के साथ ही करीब 12 लॉकर कब्जे में लिए थे। जिनकी जांच की जा रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई कर चोरी की आशंका के चलते की गई थी। बिल्डर निदेशकों के चार बैंक खाते सीज कर दिए गए थे।

# न्यू गुरुग्राम के दादी सती चौक को जाम मुक्त करने की तैयारी

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की तरफ से द्वारका एक्सप्रेस वे से आईएमटी मानेसर की तरफ जा रही मुख्य सड़क के बीच स्थित दादी सती चौक को जाममुक्त करने की तैयारी की जा रही है। इस चौराहे पर स्मार्ट यातायात सिग्नल लगाया जा रहा है, जो यातायात दबाव के मुताबिक काम करेगा।



अगले तीन से चार दिन के अंदर यह यातायात सिग्नल लगा दिया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि इस सिग्नल के लगने के बाद इस चौराहे पर यातायात व्यवस्था बेहतर हो जाएगी। इस चौराहे पर सेक्टर-81 से लेकर 95 तक वाहन आते हैं। दिल्ली-जयपुर हाइवे पर खेड़की दौला टोल को बचाने के लिए वाहन चालक रामपुरा रोड का इस्तेमाल करते हैं।

दादी सती चौक पर आने के बाद वाहन चालक द्वारका एक्सप्रेस वे या गुरुग्राम-पटौदी हाइवे की तरफ निकल जाते हैं। दिनभर में इस चौराहे से करीब एक लाख वाहन निकलते हैं। सुबह और शाम के समय इस चौराहे पर यातायात जाम की समस्या बन जाती है। यातायात पुलिस के आग्रह पर जीएमडीए की तरफ से इस चौराहे पर स्मार्ट यातायात सिग्नल लगाया जा रहा है। इससे उम्मीद है कि आने वाले समय में वाहन चालकों जाम से मुक्ति मिलेगी। चौक के आसपास लगती सड़कों की हालत बदतर है। इस वजह से भी इस चौराहे पर यातायात जाम की समस्या बनती है। द्वारका एक्सप्रेसवे से दादी सती चौक और यहां से आईएमटी मानेसर तक सड़क पर गड्ढे हैं। जीएमडीए ने चौक से लेकर आईएमटी मानेसर तक नए सिरे से सड़क निर्माण का ठेका 49.49 करोड़ रुपये में एक कंपनी को सौंप दिया है। भविष्य में इस चौराहे पर जीएमडीए की फ्लाईओवर बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री की तरफ से फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी दी जा चुकी है। द्वारका एक्सप्रेस वे से आईएमटी मानेसर की तरफ फ्लाईओवर बनाया जाएगा। जीएमडीए ने इस योजना के तहत डीपीआर और टेंडर दस्तावेज तैयार करने के लिए एक सलाहकार कंपनी को काम सौंपा हुआ है।

# आंगनबाड़ी भर्ती में भ्रष्टाचार, योगी की मंत्री ने पत्र लिखकर खुद खोली पोल

**लखनऊ, एजेंसी।**
यूपी के बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार विभाग एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पंजीरी सिंडीकेट खत्म किए जाने के बाद विभाग अब अपने अधिकारियों की कारस्तानी को लेकर चर्चाओं में है। विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने खुद निदेशक आईसीडीएस को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार को उजागार किया है। इस पत्र को लेकर हड़कंप मचा हुआ है, माना जा रहा है कि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई हो सकती है।

उन्होंने पत्र लिखकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्तियों में भ्रष्टाचार की बात कही है। विभागीय राज्य मंत्री के इस पत्र को उच्च स्तर पर गंभीरता से लिया गया है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार विभाग अपने कारनामों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहा है। चाहे भर्तियां हो या फिर पात्रों को समय से लाभ देना इसकी शिकायतें लागातार उच्च स्तर पर मिलती रहती हैं। अब विभागीय राज्य मंत्री द्वारा पत्र लिखा जाना चर्चाओं में है। ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडेय भी



नियम-51 के तहत विधानसभा में भर्ती में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर इस पर चर्चा की मांग कर चुके हैं। यूपी के बाल विकास सेवा एवं पुष्टहार विभाग एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर चर्चाओं में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पंजीरी सिंडीकेट खत्म किए जाने के बाद विभाग अब अपने अधिकारियों की कारस्तानी को लेकर चर्चाओं में है। विभाग की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने खुद निदेशक आईसीडीएस को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार को उजागार किया है। इस पत्र को लेकर हड़कंप मचा हुआ है, माना जा रहा है कि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई हो सकती है।

# महाशिवरात्रि के बाद दिल्ली में बदलेगा मौसम लगातार तेज धूप के चलते तापमान में काफी वृद्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में दो दिन बाद मौसम बदलने के आसार हैं। फरवरी माह में लगातार तेज धूप के चलते तापमान में काफी वृद्धि हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग सवा डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन तापमान में बढ़ोतरी का रुख रहेगा, इसके बाद बूंदाबांदी के चलते तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। बुधवार के बाद मौसम में बदलाव होगा और पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इससे अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट हो सकती है।

दिल्ली में जनवरी के बाद फरवरी का महीना भी इस बार सामान्य से ज्यादा गर्म रहा है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में दिल्ली में सामान्य से कम बारिश हुई है। इसके चलते हवा में नमी भी कम है और मौसम में गर्मी भी ज्यादा है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री के बीच रह सकता है।

**गुरुवार को बारिश-** मौसम विभाग ने बुधवार को महाशिवरात्री के बाद दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। बारिश की वजह से तेज धूप से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आएगा। इससे अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के लोग तेज धूप का सामना कर रहे हैं और दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

**अगले सात दिनों का पूर्वानुमान-** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर बादल छाए रहेंगे। इसके बाद गुरुवार से मौसम बदल जाएगा। आसमान पर बादल छाए रहेंगे जिससे हल्की बारिश होने के आसार हैं। शुक्रवार और शनिवार को भी बूंदाबांदी की संभावना है। इस दौरान बादलों का डेरा रहेगा और 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। रविवार को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

# इस बार ठंड में पलूशन ने खूब किया परेशान, 26 दिन ग्रैप-4 के साए में रही दिल्ली

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र को पिछले जाड़े से ज्यादा सख्त प्रदूषण पाबंदियां इस बार झेलनी पड़ी। प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने के चलते इस बार कुल मिलाकर 26 दिन ग्रैप चार की पाबंदियां लगाई गईं, जबकि पिछले साल ऐसे दिनों की संख्या सिर्फ 14 रही थी। हालांकि, इन पाबंदियों के बावजूद पिछले साल से इस बार प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहा। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मानसून को छोड़कर अन्य महीनों में प्रदूषण का स्तर



सामान्य से अधिक रहता है, लेकिन जाड़े के दिनों में प्रदूषण का स्तर ज्यादा हो जाता है। इसे देखते हुए अक्तूबर महीने से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप लागू कर दिया जाता है। ग्रैप में प्रदूषण के बढ़ने पर पाबंदियों के अलग-अलग स्तर लागू किए जाते हैं। इन पाबंदियों में मुख्य तौर पर दिल्ली और दिल्ली से सटे हुए चार एनसीआर जिले गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम को शामिल किया जाता है।

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ने के कारण सुप्रीम कोर्ट भी खासा नाराज हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने लगातार प्रदूषण बढ़ने पर कठोर टिप्पणियां की। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 से ऊपर होने पर आयोग की ओर से ग्रैप तीन और सूचकांक 400 से ऊपर होने पर ग्रैप चार की पाबंदियां लगाई गईं।

पता हो कि ग्रैप तीन में सभी निजी निर्माण व ध्वस्तीकरण पर रोक, बीएस तीन पेट्रोल और बीच चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध जैसे उपाय शामिल हैं। जबकि, ग्रैप चार में वाहनों पर प्रतिबंधों को अन्य श्रेणियों में विस्तार देने के साथ-साथ सभी तरह के निर्माण-ध्वस्तीकरण कार्यों पर प्रतिबंध का प्रावधान है।

# नौवीं के छात्रों को पंजाबी, उर्दू और संस्कृत में एक विषय का चुनना होगा

**फरीदाबाद , एजेंसी।** अगले से सत्र में राजकीय विद्यालयों में नौवीं कक्षा में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी छह की बजाय सात विषयों की पढ़ाई करेंगे। विद्यार्थियों को संस्कृत, पंजाबी और उर्दू में से एक भाषा को भी चयनित करना होगा। इसे लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार के फैसले का प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन फरीदाबाद और हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने स्वागत किया। इससे छात्रों की इन भाषायी विषयों में पकड़ मजबूत होगी। हरियाणा बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अभी तक नौवीं कक्षा के छात्र अंग्रेजी, हिंदी, अंक शास्त्र (गणित), विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषय होते थे। इसके अलावा व्यवसायिक विषय, शारीरिक शिक्षा, कला, संगीत में से एक विषय चुनना होता था। अब अगले सत्र से छात्रों को इन विषयों के अलावा संस्कृत, पंजाब व उर्दू भाषा में से किसी एक विषय को वैकल्पिक तौर पर चुनना होगा। बता दें कि

शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करने में जुटा है। इसी के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार त्रिभाषा फार्मूले की लंबे समय से मांग थी। अब उसे लागू किया जा रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# भारत पर कम असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फिर कहा है कि भारत अमेरिकी प्रॉडक्ट्स पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है और वह इस मामले में जैसे को तैसा की नीति पर कोई समझौता नहीं करने वाले। हालांकि उनके इस रुख पर कई वजहों से सवाल उठ रहे हैं, लेकिन अगर उनकी यह नीति बिना संशोधन या अपवाद के अमल में आती है तो भी जानकारों के मुताबिक भारत के लिए ज्यादा चिंता की बात नहीं है। ट्रंप का व्यापार घाटे के सिलसिले में बार-बार भारत का नाम लेना थोड़ी हैरत इसलिए पैदा कर रहा है क्योंकि वास्तविक आंकड़ा अन्य कई देशों के मुकाबले काफी कम है। हालांकि, अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है, लेकिन दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे की राशि 2024 में 35.3 बिलियन डॉलर दर्ज की गई थी, जो भारत की ओर झुकी थी। वियतनाम, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को यह पॉलिसी ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती है, जो अमेरिकी व्यापार घाटे में ज्यादा बड़ा योगदान करते हैं।। भारत के पक्ष में सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी इकॉनमी आज भी मुख्यतया घरेलू डिमांड से संचालित होती है। दूसरी बात यह कि अमेरिका में भारत के निर्यात का ज्यादा बड़ा हिस्सा सर्विस सेक्टर (जैसे-इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी सेवाएं) से जुड़ा है, जो फिलहाल ट्रंप प्रशासन के निशाने पर नहीं है। ऐसे में अगर विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ के मामले में सख्त रवैया अपनाया भी जाता है तो अन्य देशों के मुकाबले भारत पर इसका प्रभाव काफी कम होगा। दवा क्षेत्र को लेकर जरूर थोड़ी चिंता दिख रही है। भारत को दवाओं के निर्यात से जो आमदनी होती है, उसमें अमेरिका का योगदान 30त्न से अधिक है। भारत से वहां सस्ती जेनेरिक दवाएं भेजी जाती हैं, जिनकी बदौलत अमेरिकी लोगों के इलाज का खर्च कम होता है। ऐसे में अगर इन पर टैरिफ बढ़ाया जाता है तो वहां के लोगों को नुकसान होगा। जाहिर है, भारत के लिए इस मामले में जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है। वैसे भी, इस मामले में अभी बहुत सी चीजें साफ नहीं हैं। ट्रंप रोज ही टैरिफ को लेकर कुछ न कुछ बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन अमेरिका किन फैसलों को लागू करता है, बहुत सारी बातें उससे तय होंगी। बड़ी बात यह भी है कि अगर ट्रंप ने जवाबी टैरिफ की नीति पर अमल किया तो इससे अमेरिकी इकॉनमी को तो नुकसान होगा ही, वैश्विक ग्रोथ में भी कमी आएगी यानी इससे किसी का भला नहीं होगा।

# पश्चिम बंगाल में कितनी बढ़ गई मुस्लिम आबादी...बांग्लादेश सीमा से सटे जिलों में क्यों घटे हिंदू

(दिनेश मिश्र)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने पश्चिम बंगाल की धरती से कहा है कि हमें हिंदू समाज को एकजुट और संगठित करने की जरूरत है...समस्याओं की प्रकृति क्या है, इसके बजाए यह महत्व रखता है कि हम उनका सामना करने के लिए कितने तैयार हैं। भागवत ने रविवार को कहा था कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। लोग अकसर पूछते हैं कि हम केवल हिंदू समाज पर ही ध्यान क्यों देते हैं और मेरा जवाब है कि देश का जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है। भागवत ने कहा कि देश का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था। उन्होंने कहा कि भारत एकजुट नहीं है, यह भावना अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने आरएसएस की रैली को अनुमति नहीं दी थी। इस पर संघ ने कलकत्ता हाईकोर्ट का रास्ता खटखटाया था, जिसने उन्हें रैली की इजाजत दी। जानते हैं कि पश्चिम बंगाल समेत सीमावर्ती इलाकों में मुस्लिमों की आबादी कितनी बढ़ चुकी है। उन्होंने ये बातें तब कही हैं, जब अगले साल बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ये भी जानते हैं कि क्या आरएसएस की चिंता यही है

**बंगाल, असम और उत्तराखंड के बॉर्डर इलाकों में बढ़े मुस्लिम :** भागवत के बयान से काफी पहले बीते साल जुलाई में ऋस्स के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर वीकली ने कहा है कि भारत के बॉर्डर इलाकों में मुस्लिमों की आबादी बढ़ रही है। ऐसे में एक व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है। मुखपत्र के संपादकीय में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्यों में सीमाओं पर अवैध विस्थापन की वजह से अप्राकृतिक तरीके से आबादी बढ़ रही है।

**बंगाल में ऐसे बढ़ते गए मुस्लिम और घटती गई हिंदू आबादी :** 2011 की जनगणना के अनुसार, पूरे देश में हिंदू आबादी में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में 1.94 फीसदी गिरावट आई है। वहीं, पूरे देश में मुस्लिम आबादी 0.8 फीसदी बढ़ी है। जबकि इस दौरान मुस्लिम आबादी बढ़कर 1.77 फीसदी हो गई है, जो अच्छी खासी बढ़ोतरी है। ये आंकड़े 2011 की जनगणना के मुकाबले हैं। बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। आज बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुसलमान हैं।

> *किन वजहों से बढ़ रही है यह आबादी, यह घुसपैठ तो नहीं दोनों राज्यों की पुलिस रिपोर्ट में मुस्लिमों की आबादी बढ़ने के पीछे यह संकेत दिया गया है। सीमाई इलाकों में काफी समय से घुसपैठ चल रही है। बाहर से आने वाले लोग ज्यादातर मुस्लिम हैं। असम के मुख्यमंत्री ने तो सुप्रीम कोर्ट में सीमा से घुसपैठ की बात स्वीकार की। यही हाल बंगाल के बारे में भी कहा जाता है। ममता सरकार पर ये आरोप लगते रहे हैं।*

**बंगाल में बांग्लादेश सीमा पर ज्यादा है मुस्लिम आबादी :** दरअसल, पश्चिम बंगाल में मुसलमान एक वोटर के रूप में पार्टियों के लिए महत्वपूर्ण बने हुए हैं। मुस्लिम वोटर कुछ क्षेत्रों में फोकस ही नहीं है, बल्कि जगह-जगह फैले हुए भी हैं। बांग्लादेश सीमा से सटे बंगाल के जिलों में मुस्लिमों की आबादी ज्यादा है। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर दिनाजपुर में तो कहीं-कहीं इनकी आबादी 50 फीसदी से भी ज्यादा है। इनके अलावा दक्षिण और उत्तर 24 परगना जिलों में इनका असर ज्यादा ही है। विधानसभा की 294 सीटों में से 70 से 100 सीटों पर इस तबके के वोट निर्णायक हैं। साल 2006 तक राज्य के मुस्लिम वोट बैंक पर वाममोर्चा का कब्जा था। हालांकि, उसके बाद इस तबके के वोटर धीरे-धीरे ममता की तृणमूल कांग्रेस की ओर आकर्षित हुए और साल 2011 और 2016 में इसी वोट बैंक की बदौलत ममता सत्ता में बनी रहीं।

**बंगाल के इन जिलों में मुस्लिम आबादी हिंदुओं से ज्यादा :** 2011 की जनगणना के अनुसार, बंगाल के मुर्शिदाबाद में करीब 47 लाख मुस्लिम आबादी है, जबकि 23 लाख हिंदू हैं। वहीं, मालदा में 20 लाख मुस्लिम हैं, जबकि 19 लाख हिंदू हैं। उत्तरी दीनाजपुर में 15 लाख मुस्लिम हैं, जबकि 14 लाख हिंदू हैं।

**मुर्शिदाबाद में मुस्लिम आबादी बढ़कर 75 फीसदी :** कभी बंगाल की राजधानी रहा मुर्शिदाबाद अब मुस्लिम बहुल इलाका है। यहां 2011 की जनगणना के मुताबिक कुल मुस्लिम आबादी बढ़कर 66.27 फीसदी है, जबकि हिंदू आबादी 33.21 फीसदी रह गई है। आरएसएस की चिंता इसी बात की रही होगी। 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी घट गई बीते साल लोकसभा चुनाव से पहले एक रिपोर्ट आई, जिसकी चुनाव के दौरान खूब चर्चा हुई। इसमें कहा गया था कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसदी घट गई। इसी दौरान मुसलमानों की आबादी में 43.15 फीसदी बढ़ोतरी हुई। हिंदुओं की आबादी घटने का सिलसिला पड़ोसी हिंदू बहुल नेपाल में देखने को मिला है। साथ ही म्यांमार में भी बहुसंख्यक बौद्धों की आबादी में गिरावट आई है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच जनसांख्यिकी बदलाव के अध्ययन के बाद यह रिपोर्ट दी है। इन देशों में बहुसंख्यक उन्हें माना गया है, जिनकी आबादी 75 फीसद से अधिक है। मुस्लिम बहुल 38 देशों में मुस्लिम आबादी बढ़ी रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में 65 सालों में बहुसंख्यकों की आबादी में 22 फीसदी की कमी आई है। लेकिन यह सिलसिला मुस्लिम बहुसंख्यक देशों पर लागू नहीं होता है। मुस्लिम बहुल 38 देशों में मुस्लिम आबादी बढ़ी है। नेपाल सीमा से सटे इलाकों में 32 फीसदी बढ़े मुस्लिम 2022 में गृह मंत्रालय को भेजी गई यूपी और असम पुलिस की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यूपी और असम में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास के इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ती जा रही है। यूपी के नेपाल बॉर्डर से लगे पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, महराजगंज, बलरामपुर और बहराइच समेत 7 जिलों के बारे में कहा गया है, जहां मुस्लिम आबादी बीते 10 साल के दौरान 32त्न तक बढ़ गई है। सामान्य से 20 फीसदी ज्यादा बढ़ी मुस्लिम आबादी यूपी और असम पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी 2011 के मुकाबले 32 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वहीं, पूरे देश में यह बदलाव 10 प्रति. से 15 प्रतिशत के बीच है। यानी, मुस्लिम आबादी सामान्य से 20 प्रतिशत ज्यादा बढ़ी है। बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र का दायरा 100 किमी तक हो इन रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि सुरक्षा एजेंसियों और राज्यों की पुलिस ने आबादी में इन बदलावों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील है।

# तेल, टैरिफ, टेस्ला... भारत के पीछे क्यों पड़े हैं ट्रंप कहीं अमेरिका के लिए ही भारी न पड़ जाएं फैसले

पिछले साल नवंबर में जब डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता था, तब लग रहा था कि भारत के लिए सब सही होगा। शपथ ग्रहण तक भी लगभग सब सही रहा, लेकिन पिछले कुछ दिनों से ट्रंप बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए हैं जो भारत के लिए सही नजर नहीं आ रहे। यही नहीं, उन्होंने भारत का नाम लेकर भी कई अजीब बयान दिए हैं। शपथ लेने के बाद ट्रंप ने रूस की कुछ कंपनियों पर बैन लगा दिया था। इसका उद्देश्य चीन पर रूसी तेल की रोक लगाना था। लेकिन ट्रंप के इस फैसले से भारत पर भी असर पड़ा। भारत अभी तक रूस से सस्ती दर पर तेल खरीद रहा था। लेकिन अमेरिका की ओर से रूस कंपनियों पर बैन लगने के बाद अब भारत को अमेरिका से महंगी कीमत पर तेल खरीदना होगा। सरकारी तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) ने भी कहा है कि मार्च 2025 से वह रूस से तेल खरीदना कम करने जा रही है। टैरिफ को लेकर ट्रंप भारत पर कुछ ज्यादा ही सख्त नजर आ रहे हैं। वह भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कह चुके हैं। यह बात उन्होंने उस दिन कही थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर थे और अगले दिन ट्रंप से उनकी मुलाकात होनी थी। हालांकि जानकारों का कहना है कि अमेरिका के इस टैरिफ का भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। वहीं ट्रंप ने कहा है कि वह मेटल पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। यह टैरिफ भारत पर भी लगेगा। अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क की कार कंपनी टेस्ला भारत में एंट्री करने को तैयार है। उन्होंने इसके लिए भारत में भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मस्क भारत में टेस्ला की कार बेचना चाहते हैं, लेकिन ट्रंप ऐसा नहीं चाहते। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। उन्होंने कहा अगर एलन मस्क भारत में प्लांट लगाते हैं तो यह अमेरिका के साथ बहुत गलत होगा। ट्रंप ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट को बंद करके उसे विदेश मंत्रालय में शामिल करने का ऐलान किया है। इसे बंद करने से भारत के कई कार्यक्रमों को बड़ा झटका लग सकता है। दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में एसएआईडी के ऑफिस हैं।

# बलात्कार पर लड़कों के साथ बातचीत से आएगा बदलाव

(नमिता भंडारे)

देश के सबसे विकसित और साक्षर राज्य केरल में पिछले दिनों एक 18 वर्षीय दलित एथलीट ने खुलासा किया कि 13 साल की उम्र में उसका पहली बार यौन शोषण किया गया और अब तक 64 पुरुष उसकी अस्मत से खिलवाड़ कर चुके हैं। उसने अपने साथ पांच बार सामूहिक दुष्कर्म की भी बात कही। पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है और वह लड़की फिलहाल एक आश्रय-गृह में है। उम्मीद की जा सकती है कि उसे वहां जरूरी परामर्श व देखभाल मिल रही होगी। उस लड़की का शोषण करने वाले पुरुष आखिर कौन हैं उनकी उम्र 17 से 47 साल के बीच है। वे सब उसके पड़ोसी, पिता के दोस्त या खेल प्रशिक्षक हैं। यह वारदात दक्षिण फ्रांस के एक अन्य भयावह अपराध की याद दिलाती है, जिसमें डोमिनिक पेलिकॉट नामक शख्स अपनी 40 वर्षीया पत्नी को करीब दस साल तक ड्रग्स देता रहा और बेहोशी की हालत में उसका बलात्कार करवाता रहा। 70 से अधिक पुरुषों ने उससे दुष्कर्म किया। कहा जाता है, सिर्फ तीन पुरुषों ने ऐसा करने से इनकार कर दिया, हालांकि उनमें से किसी ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा की बीमारी, जिसमें यौन हिंसा शामिल है, किसी भौगोलिक सीमा, उम्र, शिक्षा के स्तर और आय से परे है। यह हमारे समय की सबसे खराब महामारियों में एक है कि दुनिया भर में हर तीन में से एक महिला किसी न किसी तरह यौन हिंसा का शिकार बनती है। भारत में हर दिन बलात्कार के 86 मामले दर्ज किए जाते हैं। जब बलात्कार की कोई घटना इतनी भयावह होती है कि वह 'राष्ट की अंतरात्मा को झकझोर' दे, तब हमारे माननीय तुरंत मरहम-पट्टी जैसे उपायों में जुट जाते हैं। चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में 19 साल की एक छात्रा के साथ यौन-उत्पीड़न के बाद दबाव में आए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पिछले हफ्ते दो ऐसे विधेयक पेश किए, जिनमें यौन अपराधों के लिए सजा बढ़ाने के प्रावधान हैं। पश्चिम बंगाल में भले ही वहां के हाईकोर्ट ने आरजी कर बलात्कार व हत्या मामले में दोषी को उम्र कैद की सजा सुना दी है, लेकिन राज्य सरकार ने जघन्य बलात्कार के मामलों में मृत्युदंड को अनिवार्य बनाने वाला विधेयक सर्वसम्मति से पास कर दिया है। हालांकि, मृत्युदंड से भी यह अपराध कहां रुक सका है दिल्ली में वर्ष 2012 के सामूहिक बलात्कार मामले के बाद संसद ने ऐसा ही कानून बनाया है। मगर कुछ हुआ है, तो सिर्फ अपराध के मामले बढ़े हैं। मसलन, साल 2012 में जहां बलात्कार के 24,923 मामले दर्ज किए गए थे, वहीं 2022 में ये बढ़कर 31,516 हो गए। जाहिर है, जब सख्त कानून से भी बात न बने, तो हमें उससे बेहतर समाधान का प्रयास करना चाहिए। यह प्रयास है क्या हमें पुरुषों से बात करनी चाहिए। वे सभी लोग, जिनसे हम रोज मिलते हैं। सबसे जरूरी तो यह है कि हमें लड़कों से बात करनी चाहिए। यह कारगर हो सकता है। उत्तर प्रदेश में किशोरों के साथ एक गैर-सरकारी संस्थान 'ब्रेकथ्रू' द्वारा किए गए पायलट कार्यक्रम में पाया गया कि लड़कों से बात करने से उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आया। न केवल उन्होंने लड़कियों को अधिक सम्मान देना शुरू कर दिया, बल्कि वे घरेलू कामों में अपनी मां और बहनों की मदद भी करने लगे। साफ है, हमें 'विषाक्त मर्दानगी' की अवधारणा पर चिंतन करना चाहिए। अपने देश में बहुत से लड़के ऐसे हैं, जो एक भयावह समझ के साथ विकसित हो रहे हैं। मर्दों को कमजोर नहीं दिखना चाहिए, उन्हें समूह में रहना चाहिए, लड़कियों से बदसलूकी की सोच उनके अंदर पनपती रहती है। लिहाजा, जब तक हम लड़कों से बात नहीं करेंगे, कुछ भी नहीं बदलेगा। स्कूली पाठ्यक्रमों में, गैर-सरकारी व सरकारी संस्थाओं द्वारा इस बाबत कदम उठाने की जरूरत है। यह एक कठिन चुनौती है, क्योंकि सोशल मीडियाके मंच भी इसी विषाक्त मर्दानगी से भरे पड़े हैं। 'स्वयं' की निर्देशक अमृता दासगुप्ता कहती हैं कि पुरुष हिंसक पैदा नहीं होते। यह समाज और सामाजीकरण की प्रक्रिया है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5653

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5652

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5653



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1987 को यह देश एक गणराज्य घोषित हुआ (2)
3. 1980 को इस देश ने संविधान को अंगीकार किया (3)
6. विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
7. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
9. जब सूर्य कन्या राशि में हो, श्राद्ध पक्ष (4)
11. रिश्ता, संबंध (2)
13. गुलुबंद को यह भी कहते है (4)
15. किसी आपत्ति, आदि से बचाव, हिफाजत (2)
16. हाथ, कर, एक प्रकार का नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
17. प्राप्त करना, लब्ध करना (2)
18. ताश के खेलों का एक प्रकार, सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
19. ध्यानचंद नाम इस खेल से जुड़ा है (2)
20. एक संवादहीन फिल्म जिसमें कमलहासन के साथ अमला थी (1987)(3)
22. यह इंडोनशिया का सबसे अधिक जनखंख्या वाला द्वीप है (2)
24. कुल संख्याओं का जोड़, परिकलन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (निधन 3 मार्च 1982)(8)
2. फतह हासिल करना, विजय प्राप्त करना (3)
3. बात का सहीअर्थ न समझना, बात समझने में धोखा खा जाना (6)
4. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
5. फख्र, घमंड, विलास चेष्टा, नखरा (2)
8. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
10. गहरा दुख, शोक (2)
12. खींचकर कड़ा करना, फैलाना (3)
14. थका हुआ, शिथिल, अशक्त (2)
17. शुद्ध, पवित्र, स्वच्छ (3)
18. दस्तावेज लिखित, कलमबंद, तहरीरी (3)
21. मर्यादा, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
23. फरियादी, मुकदमेबाज, मुद्दई (2)

### वर्ग पहेली 5652 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | गु | डा | के | श |
| स | ना | थ | | ग | ल | | ह |
| | | प | हे | ली | | प | ना |
| श | प | थ | | | स | गा | ई |
| ह | त | | त | ल | वा | र | |
| र | वा | | मा | त | लि | | ख |
| या | र | | शा | | या | प | न |
| र | | र | ई | स | | ता | न |

# आज का राशिफल

## मेष

आज करियर में लाभ का दिन है और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपके अंदर भोग-विलास की भावना बढ़ सकती है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आपका सहयोग देखने को मिलेगा। व्यापारियों के लिए दिन तरक्की से भरा होगा। जो आगे चलकर फायदेमंद साबित होंगे। शाम से रात तक अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## वृष

आज दिन कुछ कठिनाइयों से भरा हो सकता है और आपके काम में बाधाएं आ सकती हैं। सांसारिक सुख और नौकर-चाकरों से असहयोग मिल सकता है। परिवार से भी कोई अच्छी खबर मिलने की उम्मीद कम है। शाम को आपकी स्थिति में सुधार होगा और कारोबार में कोई बड़ी डील कर सकते हैं। आपके सम्मान में वृद्धि के योग हैं। पड़ोसियों से सहयोग मिलेगा।

## मिथुन

आज रविवार का दिन काम के प्रति लगन से भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए कामों में निवेश करने का मौका मिलेगा। परिवार में थोड़ा मनमुटाव हो सकता है। शाम के समय वाहन खराब होने से अचानक खर्च बढ़ सकता है। इस समय धैर्य रखें, जल्दबाजी में कोई काम न करें।

## तुला

आज आप कई गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। इस समय आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी। शाम से देर रात तक भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और आप प परिवार के लोगों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपकी बुद्धि नए-नए कामों की खोज में लगी रहेगी। दूसरे की कमियों को नजरअंदाज करें तो आपको लाभ होगा और आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## वृश्चिक

आज दिन शुभ होगा और आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होने से मन माफी प्रसन्न होगा। आप अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे। गरीबों की मदद करेंगे और आपकी वाकपटुता से लोगों को लाभ होगा और साथ ही आपकी काफी तरक्की होगी। शाम से देर रात तक आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा और आपको प्रसन्नता होगी। और आपका काम भी काफी बढ़ सकता है।

## धनु

आज दिन शुभ है और आपको परिवार के लिए कुछ जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आपका कुछ समय सामाजिक कार्य में भी बीतेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में थोड़ी कमी आ सकती है। बेहतर होगा कि आप अपने मन की बात किसी को न बताएं। आपको रुका हुआ धन मिल सकता है। आपके स्वास्थ्य में थोड़ी गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए खानपान का ध्यान रखें।

## कर्क

आज अधिक परिश्रम के कारण थोड़ी थकान हो सकती है। राज्य और समाज से सहयोग मिलेगा। परिवार से भी शुभ समाचार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के अधिकारों में वृद्धि होगी और जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आपके साहस और पराक्रम की लोग प्रशंसा करेंगे। आपका भाग्य साथ देगा और ऑफिस में आपके प्रदर्शन की सराहना होगी।

## सिंह

आज दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी कारण से कुछ अनचाहे खर्च का भी सामना करना पड़ सकता है और इसमें आपका बजट गड़बड़ हो सकता है। शाम के समय कोई खुशखबरी मिलने से उत्साह बढ़ेगा। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

## कन्या

आज दिन शुभ है और आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको रात के वक्त कुछ अनचाहे खर्च का सामना करना पड़ सकता है और इस कारण से आप काफी मजबूर हो जाएंगे।

## मकर

आज दिन तरक्की से भरा होगा। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपका कोई मुकदमा चल रहा है तो उसमें आपको सफलता मिलने की पूरी संभावना है। धन लाभ होगा। शाम से देर रात तक का समय ईश्वर भक्ति और पुण्य कार्यों में बीतेगा। आपको खुशी का अनुभव होगा।

## कुंभ

आज दिन भविष्य की नई संभावनाएं लेकर आ रहा है और आपकी आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपके परिवार का नाम रोशन होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से काम में सफलता मिलेगी। शाम का समय संगीत और सैर-सपाटे में बीतेगा। आपको कहीं से नौकरी के लिए नया प्रस्ताव मिल सकता है। जो भी फैसला लें काफी सोचकर करें।

## मीन

आज दिन मिलाजुला रहेगा। अशांति और उदासीनता के कारण आप थोड़ा भटक सकते हैं। अगर आपका प्रमोशन होने वाला है तो वो जरूर होगा। अचानक कोई चिंता हो सकती है, लेकिन आप अपनी वाकपटुता से उसे दूर कर लेंगे। शाम तक आप दूसरे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। रात में अचानक मेहमानों के आने से थोड़ी असुविधा हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### कैरम में सहजाद आलम बने विजेता, अभिषेक सिंहदेव उपविजेता

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला के अपना चौक स्थित कैरम क्लब की ओर से सात दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. फाइनल मुकाबला अभिषेक सिंहदेव व सहजाद आलम के बीच खेला गया. इसमें सहजाद आलम विजेता घोषित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह में जलेश कवि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया. सिंगल कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 फरवरी को हुआ था, जिसमें 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया. विजेता को पांच हजार, उपविजेता को तीन हजार व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. तीसरे स्थान के लिए इश्तियाक अहमद बनाम राजेश साहू के बीच खेला गया, जिसमें इश्तियाक अहमद विजेता रहा. उसे एक हजार दिया गया. राइजिंग प्लेयर के तौर पर गुलशन, नदीम, शुभम एवं विवेक को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया. प्रतियोगिता का अंपायर के रूप में रवि, राजकुमार, संतोष,चेतन, उत्तम, संदीप, बापी ,निजामुद्दीन, गुड्डू सेन तथा स्कोरिंग के रूप में बिट्टू, बुधे एवं पिंकू वोसा ने अहम भूमिका निभायी.

### रांची के 33 रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट होंगे बंद, नगर निगम के नए आदेश से मचा हड़कंप

**रांचीधनबाद, एजेंसी।** नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में संचालित 33 रूफटार बार व रेस्टूरेंट को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रुपेण बंद करने का आदेश दिया गया है। 33 रूफटॉप बार और रेस्टूरेंट के संचालकों की ओर से संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में शनिवार को अपर प्रशासक संजय कुमार की कोर्ट से यह आदेश पारित किया गया है। अपर प्रशासक के कोर्ट में रांची नगर निगम क्षेत्र में संचालित 36 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों के विरुद्ध अनधिकृत निर्माण वाद चल रहा था। जांच के दौरान मात्र तीन रूफटाप बार व रेस्टूरेंट का नक्शा स्वीकृत पाया गया। शेष 33 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट संचालकों की ओर से संतोषप्रद साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। इन 33 रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों को अनधिकृत संरचना के पुनरीक्षण के लिए आदेश की तिथि से 30 दिनों के अंदर झारखंड भवन उपविधि–2016 के तहत विहित प्रक्रिया बीपीएएमएस के तहत भवन प्लान का आवेदन देने के लिए निर्देश दिया गया है। यदि संबंधित आदेश से 30 दिनों के अंदर संबंधित रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालकों की ओर से भवन उपविधि के विहित प्रपत्र में आवेदन नहीं दिया गया तो 30 दिनों के अंदर संबंधित संरचना को हटाना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि संचालक की ओर से 30 दिनों की अवधि के अंदर संबंधित संरचना नहीं हटाया गया तो रांची नगर निगम की ओर से संरचना को हटा जाएगा। साथ ही संबंधित संरचना को हटाने में हुए व्यय की वसूली संबंधित रूफटाप बार व रेस्टूरेंट के संचालक से की जाएगी।

### शिवरात्री पर बाबा भोले को चढ़ाया जाता है सिंदूर, सिर्फ इस मंदिर में है यह परंपरा

**देवघर, एजेंसी।** साल में एक बार सिर्फ महाशिवरात्रि के दिन बाबा बैद्यनाथ के विग्रह पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा है। बैद्यनाथ धाम में भगवान शिव के साथ माता पार्वती भी विराजमान हैं। इस बार फरवरी 26 को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। बैद्यनाथ मंदिर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि शिवरात्रि के दिन होने वाली पूजा को लेकर तैयारी पूरी कर ली है।
महाशिवरात्रि के दिन पट सुबह चार बजे आम भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। वहीं, रात के नौ बजे तक श्रद्धालु जलार्पण और दर्शन कर सकेंगे। परंपरा के अनुसार, इस दिन श्रृंगार पूजा नहीं होता है, इसलिए पट खुलते ही श्रद्धालुओं की पूजा शुरू हो जाती है। देवघर में हर वर्ष फागुन चतुर्दशी तिथि यानी शिवरात्रि के मौके पर चार पहर में माता पार्वती व बाबा भोलेनाथ का अभिषेक पूजन होता है। इसके बाद चार पहर का पूजा शुरू किया जाता है। प्रत्येक पहर में बाबा बैद्यनाथ के विग्रह पर बेलपत्र से सिंदूर दान किया जाता है। पूरे भारतवर्ष में यह परंपरा कहीं भी नहीं है। सिर्फ बाबा बैद्यनाथ धाम में ही यह परंपरा निभाई जाती है। बता दें कि जब माता सती ने अपना शरीर का त्याग कर दिया, उसके बाद उनके शरीर को भोलेनाथ अपने कंधे पर लेकर भ्रमण करने लगे। इसके बाद भगवान विष्णु को सभी देवता ने आग्रह किया कि भोलेनाथ को इस मोह से मुक्ति मिले और उनका क्रोध शांत हो इसके लिए उपाय करें।

# विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं देगा सत्तापक्ष

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष को सत्तापक्ष हावी होने का मौका नहीं देगा। रविवार को सत्तापक्ष के विधायकों की संयुक्त बैठक में इस बाबत रणनीति बनी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। उन्होंने सभी विधायकों को हर हाल में सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

झामुमो, कांग्रेस, राजद के विधायकों की डॉ. श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बैठक हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नए विधायक और अनुभवी सदस्य बेहतर तालमेल और परस्पर सहयोग व समन्वय से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लें। सदन में जनहित में विषयों का निष्पादन कराने में सत्तापक्ष सकारात्मक रूप से सहयोग करे। बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू सहित झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा-माले के विधायक शामिल हुए।

बैठक के बाद राज्य सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सदन के सुचारू संचालन की पूरी तैयारी है। सत्तापक्ष ने सत्र को लेकर कमर कस ली है। विपक्ष के हर सवाल का



जवाब मंत्री देंगे। बजट सत्र में वित्तीय विधेयक भी आएंगे। ऐसी स्थिति में विपक्ष मतदान की मांग करा सकता है। सभी विधायकों को सत्र के दौरान रोजाना सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि मंत्रियों को विषयों का अध्ययन एवं समाधान के साथ सदन में आने को कहा गया है। जोर विषयों के निष्पादन पर रहेगा। सभी सदस्य एक-दूसरे को पूरा सहयोग करेंगे। विपक्ष के सवालों और सकारात्मक सुझावों को सरकार स्वीकार करेगी।

सोमवार से विधानसभा सत्र की शुरुआत हो रही है और हमेशा की तरह यह बजट सत्र भी हंगामेदार होने की संभावना है। सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से सत्र को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। सभी दलों ने अपने-अपने मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की रणनीति बनाई है और इसी क्रम में हंगामा होता है।कई बार हंगामा इतना बढ़ जाता है कि लोगों को सदन की मर्यादा तक की चिंता नहीं रहती।

विधायी कार्यों के साथ-साथ राजनीति चलती रहे तो कहीं से भी किसी को आपत्ति नहीं है। सदन की मर्यादा प्रभावित होने से ना सिर्फ झारखंड की छवि खराब होती है, बल्कि राजनीतिक दल भी सवालों के घेरे में आते हैं।सार्वजनिक तौर पर कोई भी राजनीतिक दल हंगामा करने को सही नहीं मानता, लेकिन मुद्दों के प्रति इन दलों की प्रतिबद्धता ही हंगामा का बड़ा कारण बनती है। कई बार हंगामे के कारण सदन चल नहीं पाता और इससे आम लोगों का काम काज प्रभावित होता है। सदन में विधायक अपने-अपने क्षेत्रों का मुद्दा उठाते हैं, ताकि समस्याओं का समाधान हो सके। हंगामे के कारण समाधान का रास्ता भी बाधित हो जाता है।

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारी कर ली है। सत्ताधारी गठबंधन की ओर झामुमो, कांग्रेस और राजद विधायक दल की बैठक अलग-अलग हुई तो देर शाम संयुक्त बैठक भी हुई।दूसरी ओर, भाजपा ने भी अपने विधायकों को रविवार को ही बुलाया और प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पार्टी ने रोजगार और महिलाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरने का निर्णय लिया है। पेपर लीक प्रकरण, जेपीएससी अध्यक्ष का नहीं होना आदि विषयों पर राज्य सरकार के खिलाफ सदन में मुद्दा उठाने का निर्णय लिया है।

दूसरी ओर, झामुमो और कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर विपक्ष को करारा जवाब देने की तैयारी में है। राजनीतिक दलों की इन्हीं तैयारियों के बीच कहीं ना कहीं जनता का काम अटक जाता है। हंगामा होने से ना सिर्फ मुद्दे नतीजे तक नहीं पहुंच पाते हैं, बल्कि समय और पैसा भी बर्बाद होता है।

## झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा, 100 दुकान और गोदाम, 7 से ही आता है किराया



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले की झरिया बाजार समिति की दुकानों पर दबंगों का कब्जा है. यहां लगभग 30 गोदाम व दुकान हैं. इसके अलावा 70 के आसपास छोटी दुकानें है. इसमें मात्र छह से सात गोदामों से बाजार समिति को किराया आता है. शेष गोदामों व दुकानों पर दबंगों का कब्जा है. यहां जनप्रतिनिधि भी दुकानों को कब्जा करने में पीछे नहीं हैं. स्थानीय दबंग के अलावा जनप्रतिनिधियों का दर्जनों दुकानों पर अवैध कब्जा है. बाजार समिति के पदाधिकारियों की सांठ-गांठ से स्थानीय दबंग हर माह लाखों रुपये भाड़ा वसूलते हैं. यह राशि दबंग या अधिकारियों की जेब में जाता है. शुक्रवार को बाजार समिति के सचिव विपुल कुमार ने झरिया बाजार समिति का निरीक्षण किया. इस क्रम में कई दुकानों पर अवैध कब्जा का मामला सामने आया. इसके अलावा जिनके नाम से गोदाम-दुकान आवंटित है, उन्होंने भी इसे किराया पर दे रखा है. अवैध कब्जाधारियों व भाड़े पर चल रही दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है. इन्हें नोटिस भेजा जा रहा है.

झरिया बाजार समिति में अवैध शराब का कारोबार चलता है. 1986 में झरिया बाजार से फल व सब्जी कारोबारियों को यहां शिफ्ट कराने के लिए दुकानें बनायी गयी. अब यहां अवैध शराब की फैक्ट्री चल रही है. इसके अलावा चरस, गांजा व अफीम भी बिकता है.

## बच्चों को पढ़ाई संग सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों की शिक्षा दें



**राजनगर, एजेंसी।** राजनगर प्रखंड( हेंसल ) के डांगरडीहा साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश चंद्र मिश्र ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के बारे में भी बताना चाहिए. कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए.

अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरायकेला ज़िला छऊ नृत्य के लिए दुनियाभर में विख्यात है. ऐसे में ज़िले के हर स्कूल के एनुअल फंक्शन में छऊ नृत्य की प्रस्तुति होनी चाहिए.इस अवसर पर फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी प्रैक्टिकल लैब का उद्घाटन किया गया. कहा गया कि लैब का उद्घाटन होने से बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में मदद मिलेगी. साथ ही 45 कंप्यूटर वाले एक अत्याधुनिक लैब का भी उद्घाटन किया गया. वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में बीइओ नवल किशोर सिंह, बीपीओ ममता कुमारी, जिला परिषद सदस्य अमोदिनी महतो, मुखिया निर्मला सरदार, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे.

# हेमंत सरकार ने मनरेगा मजदूरों को दी खुशखबरी, अब मिलेगा पहले से डेढ़ गुना अधिक भुगतान

**रांचीधनबाद, एजेंसी।** झारखंड के मनरेगा श्रमिकों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें पहले की तुलना में अब कम काम करने पर भी उतनी ही राशि मिलेगी, जितनी पूर्व में मिल रही थी।

नई गणना के अनुसार अब पहले की तुलना में डेढ़ गुना कम काम करने पर भी उतना ही मेहनताना मिलेगा, जितना पूर्व में मिलता था। पूर्व में मनरेगा मजदूरों को 73 सीएफटी मिट्टी काटने पर एक दिन की हाजिरी मानी जाती थी, लेकिन अब यह आंकड़ा 50.4 सीएफटी पर सीमित हो गया है। दिव्यांग जनों और महिलाओं के लिए आंकड़ा और भी कम हो गया है, इन्हें एक दिन की मजदूरी के लिए अब कम मेहनत करना होगा। मनरेगा के तहत टाइम एंड मोशन स्टडी (टीएमएस) के माध्यम से पूरे देश में मजूदरी तय की जा रही है।

झारखंड में इसके माध्यम से यह निर्धारित हो चुका है कि अब एक दिन की हाजिरी के लिए मजूदरों को 50.4 सीएफटी मिट्टी काटना होगा। जाहिर बात है कि मेहनत कम करना होगा। आंकड़ों की तुलना करें तो पहले से 45 प्रतिशत कम मेहनत पर ही एक दिन की हाजिरी निकल जाएगी।

इस प्रकार मजदूरों के पूर्व की तुलना में डेढ़ गुना अधिक तक भुगतान होने की



संभावना बन गई है। हेमंत सोरेन सरकार लगातार इसके लिए केंद्र से संपर्क में थी और इन्हीं प्रयासों के आधार पर यह सफलता मिली है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय में सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी इस मामले में राज्य सरकार के पक्ष को सुना और झारखंड की दावेदारी को लेकर सकारात्मक रुख अख्तियार किए रहे।

झारखंड के अधिकतर ग्रामीण इलाकों में पठारी और पहाड़ी इलाके शामिल हैं। इन इलाकों में मिट्टी कोड़ने का काम बहुत ही मेहनत का है। सामान्य मैदानी इलाकों से कहीं अधिक यहां के श्रमिकों को मेहनत करनी पड़ती है और यह प्रमाणित होने के बाद झारखंड के मजदूरों को यह लाभ मिलेगा। - मृत्युंजय वर्णवाल, मनरेगा आयुक्त।

वहीं दूसरी ओर बिसरा के बंडामुंडा में नव निर्मित अपार्टमेंट में शनिवार की शाम एसी फिट करने के दौरान दूसरी मंजिल से गिरने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई है।

घटना की सूचना मिलने पर बंडामुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और मजदूर के शव को अपने कब्जे में लेकर एंबुलेंस के जरिए पोस्टमार्टम के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया।

मजदूर की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अपार्टमेंट में मजदूर से बगैर सुरक्षा के काम कराया जा रहा था। जिसके कारण मजदूर दूसरी मंजिल से काम करते समय गिर गया। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# निकाल लीजिए गर्म कपड़े, इतना गिरेगा तापमान, 7 जिलों में बिजली कड़केगी, बारिश होगी, होगा वज्रपात

**धनबाद, एजेंसी।** अगर आप झारखंड में हैं और गर्म कपड़े रख दिये हैं, तो एक बार फिर से अपने गर्म कपड़ों को बाहर निकाल लीजिए. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड में एक बार फिर ठंड बढ़ने वाली है. दरअसल, 24 घंटे के दौरान 2 से 3 डिग्री तक तापमान में गिरावट का अनुमान मौसम केंद्र ने जताया है. इसकी वजह से लोगों को ठंड का अहसास होने लगेगा. साथ ही राज्य के 7 जिलों में बिजली कड़कने, बारिश और वज्रपात का अलर्ट भी जारी कर दिया गया है.

मौसम केंद्र ने कहा है कि कोल्हान प्रमंडल के सभी 3 जिलों और संताल परगना के 4 जिलों में सोमवार (24 फरवरी) को कुछ जगहों पर हल्की बारिश होगी. मेघ गर्जन के साथ



वज्रपात होने की भी संभावना है. मौसम केंद्र के मुताबिक, कोल्हान के सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम जिले में मौसम खराब रहेगा. संताल परगना के दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिले में भी गरज के साथ बारिश एवं वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है.

मौसम विभाग ने तापमान का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि झारखंड में अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट हो सकती है. इसके बाद अगले 4 दिन तक इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है. इससे पहले मौसम विभाग ने कहा था कि 23 फरवरी को झारखंड के पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा हुई.

मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि गांगेय पश्चिम बंगाल से दक्षिणी छत्तीसगढ़ और ओडिशा तक एक ट्रफ गुजर रहा है. यह ट्रफ समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है. इसका असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है. इसकी वजह से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. बंगाल से सटे संताल परगना और ओडिशा से सटे कोल्हान में बारिश, वज्रपात होने की संभावना है.

मौसम विभाग ने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में कहीं-कहीं गरज और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में हुई. यहां 37.4 मिलीमीटर वर्षापात हुआ.

## मजदूरों के सुख-दुख में परिवार की तरह सदैव खड़ा रहता है किम्स यूनियन : संग्राम सिंह



**बोकारो, एजेंसी।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ-किम्स यूनियन का वार्षिक मिलन समारोह रविवार को सिटी पार्क के वनभोज स्थल पर हुआ. किम्स यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह ने कहा = किम्स यूनियन सदा मजदूर हित में मजदूर के साथ रहती है. मजदूरों के सुख-दुख में किम्स यूनियन एक परिवार की तरह सदैव खड़ा रहती है. अध्यक्षता किम्स यूनियन के अध्यक्ष भीम सिंह ने की. आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया.

कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी सहित अधिशासी निदेशकों की टीम, बोकारो जनरल अस्पताल के विभिन्न विभागों के चिकित्सक, विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष शामिल हुए. जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी, एयरटेल यूनियन के महामंत्री एके पांडेय, एचएमएस के रमाकांत वर्मा, युवा मजदूर संघ के महामंत्री अनिरुद्ध राय भी सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित थे.

कार्यक्रम में बीपी सिंह, अनिल सिंह, केके उपध्याय, सुनील चौधरी, आरएन मिश्रा, रंजेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, सौरभ पटेल, पवन पांडेय, सुजीत राय, उमाशंकर, सीपी अग्रवाल, वाइके सिंह, राजा जनक, राजीव सिंह, सुजीत राय, प्रवीण कुमार, कार्तिक राय, सिकंदर बादशाह, मधेस सिंह, शहंशाह परवेज, ललित, मनोज पाठक, मनोज दुबे, ओम प्रकाश सिंह, महाराज, आशुतोष झा, आशुतोष सिंह, जय सिंह, कृष्णा महतो, उत्तम झा उपस्थित थे.

# प्रदेश में भाजपा की नेतृत्व संकट, प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में हो रही देरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सत्ता में वापसी का सपना टूटने के बाद भी भाजपा का द्वंद्व खत्म नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव के तीन महीने बाद भी अभी तक नेता प्रतिपक्ष का नाम तय नहीं हो पाया है, जबकि सोमवार से बजट सत्र की शुरुआत भी होने जा रही है। इसी चक्कर में प्रदेश अध्यक्ष की उम्मीदवारी पर भी पर्दा पड़ा हुआ है, जिसके दावेदारों की लंबी लाइन है। सब कुलबुला भी रहे हैं, क्योंकि इंतजार लंबा हो रहा है।

फिलहाल इतना तय है कि पहले नेता प्रतिपक्ष का चेहरा सामने आएगा, उसके बाद ही प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की बारी आएगी। मगर द्वंद्व इसलिए कि नेता प्रतिपक्ष का रास्ता भी प्रदेश अध्यक्ष से होकर ही गुजर रहा है।

दरअसल, झारखंड में ओबीसी और आदिवासी समुदाय की बड़ी आबादी है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दोनों को साध कर आगे बढ़ना चाहता है। विधानसभा में नेता के लिए भाजपा के पास विकल्प सीमित है।

आदिवासी समुदाय से सिर्फ दो विधायक हैं। बाबूलाल मरांडी एवं झाविमो से आए चम्पई सोरेन। बाबूलाल अभी प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। यदि उन्हें सदन के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी




जाती है तो फिर प्रदेश अध्यक्ष किसी ओबीसी या सवर्ण को दिया जा सकता है। ऐसे में मजबूत दावेदार रघुवर दास हैं, जिनकी क्षमता पर किंतु-परंतु नहीं है।

ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर हाल में झारखंड की राजनीति में सक्रिय होने वाले रघुवर को अगर राष्ट्रीय कमेटी में जगह दी जाती है तो प्रदेश अध्यक्ष के बाकी दावेदारों के बीच इतनी रस्साकशी है कि केंद्रीय नेतृत्व को भी सोचना पड़ सकता है। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल बहुत तेजी से उभरकर ऊपर आए हैं। संगठन पर राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा की अच्छी पकड़ है। आरएसएस के साथ अच्छे समन्वयक भी हैं।

तीन दशकों से भाजपा के विभिन्न पदों पर काम करते आ रहे आदित्य साहू की दावेदारी भी किसी से कम नहीं है। हाल के दिनों में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की संभावनाओं को भी संबल मिला है। केंद्रीय नेतृत्व की उलझन किसी सवर्ण नेता को भी लेकर भी है। लोकसभा चुनाव में राजपूत समुदाय से किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया गया था। ऐसे में चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह या रांची के विधायक सीपी सिंह को भी बड़ी जिम्मेवारी देने पर विचार किया जा सकता है।

हालात बता रहे कि विधानसभा चुनाव में शिकस्त के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में दिलचस्पी लेना कम कर दिया है। झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर 2024 को आया था। इस हिसाब से पूरे तीन महीने गुजर गए। इस दौरान प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी सिर्फ एक बार रांची गए और हार की समीक्षा कर लौट आए। दोबारा जाना जरूरी नहीं समझा है।

इसी तरह चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने भी झारखंड से मुंह मोड़ लिया। किसी को मतलब नहीं रह गया है। यही कारण है कि सदस्यता अभियान में भी सुस्ती दिख रही है। अभी तक बूथ कमेटियों के गठन का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेता भी तेजी नहीं दिखा रहे हैं।

# चांडिल में इको कॉटेज के नाम पर दुबारा विस्थापित नहीं होंगे ग्रामीण



**चांडिल/चौका, एजेंसी।** चांडिल प्रखंड के डिमुडीह, केसरगाड़िया एवं बोराबिंदा के ग्रामीणों ने विस्थापित ग्राम सभा सशक्तिकरण मंच के बैनर तले रविवार को चांडिल डैम में प्रस्तावित आइलैंड इके कॉटेज का विरोध किया. ग्रामीण रामसिंह मुर्मू ने बताया कि किसी भी हाल में डिमुडीह, केसरगाड़िया एवं बोराबिंदा क्षेत्र को पर्यटक स्थल बनने नहीं देंगे. उन्होंने कहा कि जब चांडिल डैम बना उस समय रोजगार देने का वादा किया था. अभी तक विस्थापितों को रोजगार नहीं मिला है.

विकास के नाम पर सिर्फ लूट हो रही है. दलाल लोग विस्थापितों को ही शोषण कर रहे हैं. आज विस्थापित मत्स्यजीवी सहकारी स्वावलंबी समिति के लोग 500-600 आदमी के सदस्य के नाम पर 5-6 लोग ही समिति चला रहे हैं. उसमें जो भी सदस्य हक और अधिकार की मांग करते हैं उसे हटा दिया जा रहा है. खाली विभागीय पदाधिकारी से मिलकर बंदरबांट की जा रही है. आज चांडिल डैम का पूर्ण विकास होता और यहां के विस्थापितों की चिंता रहती तो आज विस्थापित परिवार के लोग पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि जगह नहीं जाना पड़ता. सिर्फ यहां पर विकास के नाम पर विस्थापितों को दिग्भ्रमित करने की काम किया जाता है. विकास के नाम पर विस्थापितों को ठगने का काम किया जाता है. अब यह नहीं होने देंगे. विस्थापितों को दूसरी बार विस्थापित नहीं होने देंगे. ग्रामीण मकरा सोरेन ने बताया कि 16 फरवरी को राज्य के पर्यटक मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक सविता महतो एवं विभाग के पदाधिकारी व प्रतिनिधि आये थे. पर्यटक स्थल का निरीक्षण किया था. इसका ग्रामीणों को पता तक नहीं था. इसमें बताया गया था कि केशरगाड़िया में जो टापू है उसमें आइलैंड कॉटेज बनेगा. इसका किसी भी ग्रामीणों को पता नहीं है. वहां पर आदिवासियों का जाहरेथान है. यहां आदिवासी समाज पूजा पाठ करते आ रहे हैं. ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी हाल में यहां पर पर्यटक स्थल बनने नहीं देंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### 28 फरवरी तक संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा मार्च में वेतन, दिया गया आदेश



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी के उन राज्य कर्मचारियों को फरवरी के वेतन का भुगतान मार्च में नहीं किया जाएगा जिन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पार्टल में नहीं दिया है। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दे देना है। प्रदेश में जिन भी कर्मचारियों ने यह ब्योरा नहीं दिया है उनका फरवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा।

मालूम हो कि सभी कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 को ही अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। इसके बाद संपत्ति का ब्योरा देने की यह तिथि बार-बार बढ़ाई जाती रही है। जनवरी और फरवरी के पहले सप्ताह में यह तिथि दो बार बढ़ाई गई है।

**सीएम ने दिए थे ये निर्देश -** सीएम ने निर्देश दिए थे कि सर्विस बुक को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सर्विस बुक के रूप में परिवर्तित करते हुए सभी तरह के अवकाश और एसीपी आदि संबंधी कार्य भी 1 जनवरी 2024 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं। वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर)मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दाखिल की जाए। स्थानांतरण की स्थिति में कार्यमुक्त किए जाने और कार्यभार ग्रहण करने की कार्यवाही भी मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से की जाए। इस डेट को दो बार बढ़ाया जा चुका है।

### हादसों में जा रही जान, फिर भी नाबालिगों के हाथ में थमा रहे दोपहिया की कमान



**अलीगढ़ , एजेंसी।** हाथरस हादसे में तीन भाई-बहनों सहित चार की मौत से सिस्टम के साथ-साथ अभिभावकों पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। न तो ट्रिपलिंग पर पुलिस वाले रोक रहे हैं न लगातार हो रहे हादसों के बावजूद अभिभावक ही बच्चों को वाहन देने से बाज आ रहे हैं। पिछले पांच साल में हादसों में 258 नाबालिगों की मौत हो गई है। उसके बावजूद नाबालिग व नवयुवा ट्रिपल राइडिंग कर फर्राटा भरते फिर रहे हैं। नया कानून लागू होने के बाद एक साल में अलीगढ़ जिले में अब तक 37 नाबालिगों के चालान हुए हैं। ट्रिपलिंग राइडिंग पर भी 15,670 चालान हुए हैं। कहने को हम सिस्टम को भला बुरा कहते रहें। लेकिन, जवाबदेही तो हमारी भी बनती है कि अपने नाबालिग बच्चों के हाथों में वाहन न थमाएं। अगर घर का नवयुवा दोपहिया लेकर फर्राटा भर रहा है और ट्रिपलिंग कर रहा है तो उसे हिदायत दें। नए कानून के बाद नाबालिगों के हाथों में वाहनों की रोकथाम के प्रयास होते रहते हैं। प्रयास बिना चालान समझाने व हिदायत देकर छोड़ने का रहता हैं। जो नहीं मानते या कई बार नियम तोड़ते दिखते हैं, तब चालान किया जाता है। अब नए सिरे से इस दिशा में अभियान छेड़ा जाएगा। ट्रिपलिंग पर लगातार कार्रवाई जारी है। - मुकेश चंद्र उत्तम, एसपी यातायात

**क्या है नया कानून -** 1 जून 2024 से यूपी में 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन चलाते मिले तो वाहन मालिक व अभिभावक पर कार्रवाई का आदेश है। बीएनएस के तहत 25,000 रुपये तक जुर्माना, वाहन को 12 माह के लिए सीज व अपराध करने वाले बच्चे 25 साल की उम्र तक लाइसेंस लेने के लिए अयोग्य घोषित किए जाएंगे।

# अक्षय कुमार ने संगम में लगाई डुबकी, बोले- शानदार इंतजाम है

**प्रयागराज , एजेंसी।** प्रयागराज में चल रही महाकुंभ के 43वें दिन भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। अभिनेता अक्षय कुमार भी प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद संगम में पवित्र डुबकी लगाई। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद, अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा कि मैं यहां इतनी अच्छी व्यवस्था करने के लिए सीएम योगी जी को धन्यवाद देता हूं।

### मैं सारे कर्मचारी और पुलिस का धन्यवाद करता हूं: अक्षय

अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा, बहुत ही अच्छा लगा। यहां पर बहुत ही अच्छी व्यवस्था है मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं...इस कुंभ में सभी बड़े-बड़े लोग आ रहे हैं और जो इंतजाम किया गया है वो बहुत ही अच्छा है। मैं सारे कर्मचारी और पुलिस का धन्यवाद करता हूं।





### महाशिवरात्रि के पहले ट्रेनों में उमड़ी भीड़, रेलवे ने चलाई सौ से अधिक स्पेशल ट्रेनें

महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पहले प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। रविवार को भी प्रयागराज आने वाली ट्रेनों में खचाखच भीड़ रही। इस दौरान यात्रियों में धक्का-मुक्की भी होती रही। देर शाम तक प्रयागराज के स्टेशनों से 102 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा चुका था, इसमें सर्वाधिक 50 स्पेशल सिर्फ प्रयागराज जंक्शन से चलीं।

महाशिवरात्रि के पूर्व महाकुंभ नगर में बाहर से आने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है। कई नियमित ट्रेनें निरस्त होने की वजह से स्पेशल ट्रेनों से काफी संख्या में यात्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। शनिवार 22 फरवरी की ही बात करें तो 338 ट्रेनों का संचालन संगम नगरी के स्टेशनों से हुआ।

इसमें 149 स्पेशल ट्रेनें शामिल रहीं। रविवार को भी स्नान के बाद वापसी करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी, झूंसी स्टेशनों पर खूब रही। इस वजह से इन चारों ही स्टेशनों से देर शाम तक क्रमशः 50, 16, 11 एवं 12 स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा चुका था। इसके अलावा शहर के सभी स्टेशनों से 106 रेगुलर ट्रेनें भी चलाई गईं।

रविवार दोपहर एक बारगी जानसेनगंज चौराहे पर जब भीड़ का रेला बढ़ा तो कुछ देर के लिए वहां लोगों को रोका भी गया। जंक्शन के आश्रय स्थल से लोगों को प्लेटफार्म पर लगी स्पेशल ट्रेनों में भेजा जाता रहा। इसके बाद ही जानसेनगंज से लोगों को लीडर रोड होते हुए जंक्शन भेजा जाना शुरू किया गया।

इस दौरान प्रयागराज आने वाली लंबी रूट की कई ट्रेनों में यात्रियों की खूब भीड़ आई। लालगढ़-सूबेदारगंज, जम्मू मेल, संगम एक्सप्रेस, देहरादून एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के आरक्षित कोच में उपलब्ध बर्थ के मुकाबले दो गुना से ज्यादा यात्री यहां उतरे। लंबी दूरी की ट्रेनों में चढ़ने के लिए भी यात्रियों को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी। कई ट्रेनों के कोच में लगी इमरजेंसी खिड़की से भी यात्री अंदर घुसते दिखाई दिए। बिहार जाने वाली ट्रेनों के शौचालय में भी यात्री घुस गए। दानापुर जा रही मिथिलेश यादव ने बताया कि उन्होंने इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी।

सीमांचल एक्सप्रेस में उन्होंने चढ़ने के लिए आरपीएफ कर्मियों की मदद मांगी। तब कहीं जाकर वह ट्रेन में चढ़ सकीं। बिहार के गया शहर जाने वाले आरपी रस्तोगी ने बताया कि जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रेस निरस्त हो जाने की वजह से वह अब स्पेशल ट्रेन से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन जाएंगे। वहां से कोई दूसरी ट्रेन पकड़कर गया के लिए रवाना होंगे।

# जिसने मारा है पीठ पर खंजर, दोस्त तो है मगर... दोस्ती पर बाराबंकवी का शेर, मायने हैं बहुत गहरे



**आगरा , एजेंसी।** ताज महोत्सव के तहत सूरसदन प्रेक्षागृह में रविवार की शाम कुल हिंद मुशायरे में नामचीन शायरों ने अपने कलाम से वाहवाही लूटी। डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने फरमाया 'मैं तो मामूली सा मिट्टी का दिया हूं फिर भी लोग करते हैं हवाओं से शिकायत मेरी, जिसने मारा है पीठ पर खंजर, दोस्त तो है मगर पुराना नहीं'। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने शमा रोशन कर मुशायरे का आगाज किया।

शायर कलीम समर ने कुछ यूं बयां किया, 'मरने से क़ब्ल बीवियां मेरी बची थीं तीन, जो कुछ भी जायदाद थी तीनों में बांट दी'। सदारत कर रहे डॉ. हिलाल बदायूंनी ने अर्ज किया 'मुकद्दर में हमारे कब है बिस्तर, सफर में नींद पूरी कर रहे हैं'। सलीम अमरोहवी ने पेश किया 'उसने वादा किया है आने का, राह हम क्यों ना उम्रभर देखें'। शाहिद अंजुम ने अपने शेर से ऊंचाइयों पर पहुंचाया 'हवा किसी की तरफ देर तक नहीं रहती, चराग़ सोच रहे हैं हवा हमारी है'। डॉ. नदीम शाद ने कुछ यूं कहा 'ये नाक़दरी हमारी इसलिए है, तेरा होने में जल्दी कर गए हम'।

डॉ. साबिर बेहटवी ने कलाम पढ़ा 'भले ज़रा सा हो लेकिन ज़रूर होता है, बुलंदियों पे पहुंचकर ग़ुरूर होता है'। कुंवर जावेद ने बयां किया 'सितम तो ये है उसी से दुआ सलाम नहीं, वो जिसके घर के बराबर में घर हमारा है'। डॉ. सबा बलरामपुरी ने यह सुनाकर दाद पाई 'ना सितारे फूल जुगनू ना तो आफताब आए, तेरी मुंतज़िर हैं आंखें इन्हें तेरा ख़्वाब आए'। अतुल अजनबी, दाऊद इकबाल ने भी अपनी रचनाओं से वाहवाही लूटी।

देर रात तक मुशायरा चलता रहा। संचालन शायर अमीर अहमद एडवोकेट ने किया। तरुण पाठक, कर्नल जीएम ख़ान, डॉ. त्रिमोहन तरल, अब्दुल क़ुद्दूस ख़ां, हरीश चिमटी, भरतदीप माथुर, ज़ाकिर सरदार, पूनम ज़ाकिर, डॉ. नसरीन बेगम, मोहम्मद हुसैन, समी आगाई, महमूद उज्जमा, शिवराज यादव आदि ने शायरों का इस्तकबाल किया।

# जामा मस्जिद में पुताई- सजावट के लिए मांगी अनुमति, कमेटी ने ASI को भेजा पत्र... डीएम बोले- लगी है रोक

**संभल , एजेंसी।** संभल की जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने एएसआई के मेरठ कार्यालय को पत्र भेजा है। इसमें जामा मस्जिद की पुताई व सजावट किए जाने के लिए अनुमति मांगी गई है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली ने कहा है कि रमजान माह से पहले जामा मस्जिद में सफाई, पुताई व सजावट कराई जाती है। यह वर्षों से कराई जाती है।



इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। इस कार्य को कराने पर एएसआई द्वारा भी कोई आपत्ति नहीं की गई है। लेकिन 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद शांति व्यवस्था कायम रखने और किसी तरह का विवाद उत्पन्न न हो। इसलिए सफाई, पुताई और सजावट की अनुमति दी जाए।

जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने बताया कि जल्द ही एएसआई के मेरठ कार्यालय से अनुमति मिलने की उम्मीद है। उसके बाद सफाई, पुताई और सजावट का कार्य कराया जाएगा। मालूम हो जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में पांच लोगों की जान चली गई थी। 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इसके बाद से ही जामा मस्जिद और उसके आसपास पुलिस-प्रशासन की निगरानी रहती है। मस्जिद समिति द्वारा मरम्मत की अनुमति मांगे जाने पर डीएम राजेंद्र पेंसिया ने स्पष्ट किया कि यह संरचना पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एएसआई की संपत्ति है। इस पर किसी भी तरह की कार्रवाई पर कोर्ट ने रोक लगा रखी है।

डीएम ने बताया कि एसडीएम को मस्जिद की सफाई और पेंटिंग के लिए एक आवेदन मिला था, जिसे बिना किसी संशोधन के एएसआई को भेज दिया गया है। मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रहा है। फिलहाल, इस पर कोई निर्णय एएसआई द्वारा ही लिया जाएगा।



# शाहजमाल कब्रिस्तान में मिट्टी डालने पर हंगामा, पुलिस से नोकझोंक

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना देहलीगेट क्षेत्र के शाहजमाल कब्रिस्तान में मिट्टी डालने पर 23 फरवरी को विवाद हो गया। मिट्टी डालकर कब्रों को नुकसान पहुंचाने के आरोप पर भाजपाई विरोध जताने थाने पहुंच गए। उन्होंने मुतवल्ली पर झूठी सूचना फैलाने को लेकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उनकी देहलीगेट इंस्पेक्टर से नोकझोंक हो गई। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। 24 फरवरी तड़के शाहजमाल स्थित कब्रिस्तान में नगर निगम के चार डंफर मिट्टी डालकर चले गए। कब्रिस्तान के मुतवल्ली मुईन ने कहा कि मिट्टी से कुछ कब्र भी खराब हो रही हैं। जिसके बाद पुलिस ने मिट्टी को हटवा दिया। इधर, भाजपाइयों को सूचना मिली की कब्रिस्तान में मिट्टी डालकर रास्ते को अवरुद्ध किया जा रहा है। विरोध में भाजपाई देर शाम थाना देहली गेट पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। हंगामे की खबर पर एएसपी मयंक पाठक पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई कराने का भरोसा दिया। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मंत्री हर्षद हिंदू ने कहा है कि मुतवल्ली मुईन सार्वजनिक भूमि को अवैध कब्रिस्तान बनाकर उस जगह पर अवैध निर्माण कराकर शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में पहले भी मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# कांवड़ यात्रा: मुरादाबाद में रात आठ बजे से हाईवे पर नहीं चलेंगे वाहन

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सोमवार रात आठ बजे से दिल्ली हाईवे पर जीरो ट्रैफिक लागू कर दिया जाएगा। यह व्यवस्था 26 फरवरी की शाम पांच बजे तक लागू रहेगी। हाईवे पर सभी प्रकार के वाहनों का संचालन रोक दिया जाएगा। इस दौरान केवल कांवड़ियों के जत्थे और उनके वाहन को ही आने-जाने की अनुमति रहेगी। इस दौरान वाहनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सोमवार रात आठ बजे से मुरादाबाद से दिल्ली, मेरठ की ओर जाने वाले सभी वाहन बिलारी, सिरसी, सम्भल, गवां, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद होकर दिल्ली जाएंगे। यह वाहन इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। मेरठ जाने के लिए वाहन हापुड़ से मेरठ जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात आठ बजे से बुधवार रात की शाम पांच बजे तक हाईवे पर जीरो ट्रैफिक कर दिया जाएगा।



**इन वाहनों से गुजारे जाएंगे वाहन -** अमरोहा से रामपुर, बरेली की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन कैलशा, बागड़पुर, डींगरपुर तिराहा, पाकबड़ा से डींगरपुर, कुंदरकी, बिलारी, शाहाबाद होकर रामपुर जाएंगी और इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। मुरादाबाद से बिजनौर या हरिद्वार आने जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन काशीपुर तिराहा, ठाकुरद्वारा भूतपुरी चौराहा (अफजलगढ़), शेरकोट, धामपुर, नहटौर होते हुए बिजनौर या हरिद्वार जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे। बिजनौर या धामपुर से मुरादाबाद, रामपुर या बरेली की तरफ जाने वाले हल्के वाहन स्योहारा, सूरजननगर, ठाकुरद्वारा, भोजपुर एवं काशीपुर तिराहा से दलपतपुर जीरो प्वाइंट होते हुए एनएच-9 से जाएंगे और इसी मार्ग से वापस आएंगे।

**चौरासी घंटा और झारखंडी मंदिर पर 150 पुलिसकर्मी तैनात -** महाशिवरात्रि को देखते हुए नागफनी थाना क्षेत्र के चौरासी घंटा और झारखंडी मंदिर पर 150 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दोनों मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। मझोला क्षेत्र के ऋणमुक्तेश्वर मंदिर, नया मुरादाबाद महाकालेश्वर मंदिर में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है।

# छावनी के फूलों ने लूटी महफिल... जीते 48 पुरस्कार; अंतिम दिन पुष्प प्रदर्शनी देखने उमड़े लोग

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में सुंदर, आकर्षक और सुगंधित फूलों से सजी पुष्प प्रदर्शनी में अंतिम दिन भी लोगों की भीड़ उमड़ी। रविवार सुबह 10 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था, जो शाम तक जारी रहा। रंग बिरंगे फूल देख लोग फोटो खिंचवाने से खुद को नहीं रोक पाए। शाम को पुरस्कार वितरण में कैंट बोर्ड ने 48 श्रेणियों में पदक जीते। सुंदर पुष्पों से सजी प्रदर्शनी को देखने के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार समेत कई अधिकारी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आयोजित प्रदर्शनी में बहुत ही सुंदर फूल सजे हैं। शहर में ऐसे आयोजन बहुत कम होते हैं। सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचती रही। वहीं किड्स जोन में भी पूरे दिन बच्चों की भीड़ रही। रंग-बिरंगे गुब्बारों से बच्चे खेलते रहे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बताया कि पुष्प प्रदर्शनी में बहुत ही सुंदर पुष्प लाए गए हैं। इन फूलों ने तीन दिन में शहर के लोगों का मनमोह लिया है। यहां कई असाधारण




वैरायटी के पौधे और पुष्प रखे गए हैं, जिन्हें लोगों ने बहुत ही मेहनत से तैयार किए है। महापौर उमेश गौतम ने कहा कि हर वर्ष बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी लगाई जाती है। शहर भर के लोग यहां आकर अपने पुष्पों को प्रस्तुत करते हैं। बरेली वासियों के लिए यह बहुत ही सुखद क्षण होता है। इसे देखकर दुखी चेहरों पर भी मुस्कान आ जाती है

जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि यहां पर सुंदर फूलों से सजी प्रदर्शनी लगाई गई है है। वर्षों पुराने बोन्जाई के पौधे बहुत ही सुंदर तरीके से सजाए गए हैं। सालों की मेहनत के बाद यह पौधे तैयार किए गए हैं। प्रदर्शनी के लिए सभी को बधाई। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि यह रविवार बेहद खूबसूरत है। दोपहर में यहां आना बहुत ही सुंदर अनुभव रहा। फूलों की तमाम वैरायटी यहां देखने को मिली हैं। इतनी वैरायटी कम ही देखने को मिलती हैं। हर वर्ष ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन होते रहना चाहिए। डीआरएम इज्जतनगर, डीएम आवास, बरेली क्लब, बीबीएल स्कूल, जीआरएम समूह, एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज, आईवीआरआई, जाट रेजीमेंट, क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ, आईजी कार्यालय, मॉडर्न ज्वैलर्स, एमजेपीआरयू, बरेली कॉलेज, डॉ. ममता सिंह, बीएल एग्रो, केसीएमटी, रितु जैन, हर्ष बिल्ला, फ्लावर नर्सरी, राकेश कुमार, केशव गुप्ता, नीरज मैसी, मो. कैफ, आदित्य सिंह, आरिफ हुसैन, सीओ ऑफिस, विवाह, रितु जैन, डॉ. शोभना टंडन, निकिता अग्रवाल। तीन दिन तक चली पुष्प प्रदर्शनी में शहर की विभिन्न संस्थाओं व लोगों ने सालों से सहेजे गए रंग-बिरंगे फूलों को सजाया। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। इसके बाद बारी आई विजेताओं के चयन की। रविवार की शाम निर्णायक मंडल ने इसका परिणाम घोषित किया। शाम को शहर के गण्यमान्य लोग पहुंचे। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. आलोक खरे, डॉ. संजय कुमार गर्ग, डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने कहा, इस बार पिछले वर्ष से अधिक पुष्प प्रदर्शनी में आए हैं। मौसम अनुकूल होने के चलते पुष्प तीन दिन बाद भी खिले रहे।

इसके बाद महापौर उमेश गौतम पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन मंच पर पहुंचीं। उन्होंने पुष्प प्रदर्शनी के पहले, दूसरे व तीसरे विजेता की घोषणा की। इसमें पहला पुरस्कार बरेली छावनी परिषद को मिला। उन्होंने अलग-अलग श्रेणी में 48 पुरस्कार जीते। दूसरा पुरस्कार जेएलए बरेली ने 19 श्रेणियों में और तीसरा गंगाशील ग्रुप ऑफ नर्सिंग ने 11 श्रेणियों में जीता।

# मार्च में चावल से ज्यादा दिया जाएगा मोटा अनाज

- **एफसीआई गोदामों से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचना शुरू**

**अलीगढ़ , एजेंसी।** घुन लगे चावल और गेहूं, राशन के खाद्यान्न की कालाबाजारी पर घिरने के बाद राशन में मोटे अनाज की मात्रा बढ़ा दी गई है। मार्च माह में राशन में चावल कम दिया जाएगा, बाजरा अधिक दिया जाएगा। अलीगढ़ में गेहूं और चावल में घुन लगने का मामला सुर्खियों में है। हाल में शासन की टीम ने निरीक्षण भी किया। इसके बाद बदलाव किया गया है। मार्च माह में उपभोक्ताओं को चावल से ज्यादा मोटा अनाज (बाजरा) मिलेगा। एफसीआई के गोदामों से कोटेदारों तक खाद्यान्न पहुंचना शुरू हो गया है। होली के त्योहार को देखते हुए तीन-चार मार्च तक खाद्यांन दुकानों तक पहुंच जाएगा। पांच मार्च से कोटे की दुकानों से उपभोक्ताओं को राशन का वितरण शुरू हो जाएगा।



# कंगना की बहन रंगोली की टिप्पणी पर वर्षों बाद तापसी ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री कंगना रनौत की बहन रंगोली चंदेल और अदाकारा तापसी पन्नू के बीच लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। सोशल मीडिया पर दोनों कई बार आमने-सामने आ चुकी हैं। साल 2019 में रंगोली ने तापसी पन्नू को कथित तौर पर कंगना रनौत की सस्ती कॉपी तक कह डाला था। उनकी इस टिप्पणी के कई वर्ष बाद हाल ही में तापसी पन्नू ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### मुझे कंगना जितनी फीस नहीं मिलती

तापसी पन्नू ने अपनी आलोचना पर काफी संयमित तरीके से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुस्सा जाहिर करने के बजाय शांत रहकर और परिपक्वता से जवाब दिया। हाल ही में एबीपी न्यूज से बातचीत में अभिनेत्री ने पुराने विवाद पर अपनी बात रखते हुए अपना नजरिया बताया। तापसी ने कहा, शायद मैं सस्ती हूं, क्योंकि मुझे कंगना रनौत जितनी फीस नहीं मिलती। अगर मुझे इतनी प्रतिभाशाली अभिनेत्री की कॉपी कहा जाता है, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। हमारे शब्द हमारी परवरिश को दिखाते हैं तापसी पन्नू ने इसके अलावा यह भी कहा कि कोई इंसान किस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करता है, वह उसकी परवरिश को दिखाता है। उन्होंने कहा, हम जैसे बोलते हैं, वही हमारे व्यक्तित्व को दिखाता है। मैं किसी भी महिला के बारे में ऐसी बातें कभी नहीं कह सकती, जिसने अपनी मेहनत से अपना सफर तय किया हो। तापसी ने इसके अलावा बॉलीवुड के भी कई मसलों पर बात की। उन्होंने बॉलीवुड में लगातार होने वाले पक्षपात पर बोलते हुए कहा कि उन्होंने महिला-केंद्रित फिल्मों के साथ अक्सर गलत व्यवहार किए जाने के तरीके के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

### सोशल मीडिया फॉलोअर्स नहीं, प्रतिभा को महत्व मिले

अभिनेत्री ने फिल्मों में कास्टिंग के फैसलों में और ब्रांड एंडोर्समेंट पर सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि किसी को केवल उसकी प्रतिभा से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी सोशल मीडिया उपस्थिति से। वह चाहती हैं कि निर्माता सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या के बजाय व्यक्तित्व और प्रतिभा को महत्व दें।



# खुद को इस बंधन में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी

रजिया सुलतान, क्या कसूर है अमला का और गुड़ से मीठा इश्क जैसे शोज में पंखुड़ी अवस्थी ने मुख्य भूमिका निभाई है। ऐक्ट्रेस को इंफ्लूएंसर की जिंदगी काफी इंफ्लूएंस करती हैं क्योंकि वह ऐक्टिंग के साथ स्क्रिप्ट राइटिंग, विडियो शूट और एडिटिंग भी करते हैं। ट्विन्स मॉम बनकर एक तरफ वह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं तो जल्द एक बार फिर से छोटे पर्दे पर नई पारी शुरू करने जा रही हैं।

### जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है

जुलाई 2023 में मेरे ट्विन्स हुए थे। उनके आने के बाद पूरी जिंदगी ही बदल गई। जब पहली बार पता चलता है कि मां बनने वाले हो, तभी से जिंदगी बदलने लगती है। हालांकि, जब आप बच्चे को जन्म देते हो, तब तो जिंदगी 360 डिग्री घूम जाती है। आपके सोचने, काम करने के तरीके सब बदल जाते हैं। आपकी जिंदगी बस बच्चों के इर्द-गिर्द ही हो जाती है। आपका सारा ध्यान उनकी परवरिश पर होता है। यह एक फुल टाइम जॉब है। दो बच्चों की परवरिश करना कठिन टास्क है लेकिन नामुमकिन नहीं।

### जल्द ही टीवी पर नजर आने वाली हूं


मैं जब प्रेग्नेंट हुई थी, उस वक्त वैसे भी 10 महीने का लंबा गैप हो गया था। मैं चाहती थी कि फिर से काम पर लौट जाऊं। डिलिवरी के एक महीने बाद ही मैंने एक ऐड शूट कर लिया था। उसके बाद मेरे पास कई टीवी सीरियल्स को लेकर कॉल आए लेकिन बच्चे बहुत छोटे थे और मैं अपना सारा समय काम को नहीं दे सकती थी। इस वजह से कुछ ब्रैंड एंडोर्समेंट ही किए, ताकि ऐक्टिंग से मेरा हल्का-फुल्का जुड़ाव रहे। अब डेढ़ साल हो गए हैं तो मैं फिर से टीवी में लौटने के लिए तैयार हूं। अब मैं थोड़े लंबे समय तक चलने वाले किरदार करूंगी। अभी जल्द ही एक मेरा शो आने वाला है।

### काम को लेकर खुद को किसी बंधन में नहीं बांधा

मैंने 2019 में फिल्म की थी, जो कि 2020 में रिलीज हुई थी। उसके बाद ही लॉकडाउन लग गया था। फिर दो साल तक कुछ नहीं हुआ। यह मेरी पहली फिल्म थी लेकिन उसके बाद मेरे पास बहुत सारी फिल्मों और वेब शोज के लिए कॉल आए। हालांकि, उनसे इतना संतुष्ट नहीं थी इसलिए मैं वापस टीवी करने लगी क्योंकि वहीं से आई थी। मैं अपने काम को लेकर रिजिड नहीं हूं कि यही करना है, ये नहीं करना है। बस अच्छा कैरेक्टर और कहानी होनी चाहिए। मैंने खुद को इस तरह के बंधनों में नहीं बांधा है कि टीवी बहुत हो गया, अब फिल्में ही करूंगी। मुझे लगता है कि मैं ऐक्टर हूं और मुझे लगातार काम करते रहना पड़ेगा, ताकि मैं अपने हुनर को और निखार सकूं।

### काम ही आपको ऊपर ले जा सकता

सोशल मीडिया अब बहुत बड़ा हो चुका है। यह अच्छा है। अब तो कई लोग इस पर निर्भर हैं। यहां तक कि ऐक्टर्स के प्रमोशन में भी यह बहुत काम आता है। पहले ऐसा नहीं था। सिर्फ आपका काम ही आपको ऊपर ले जा सकता था। आजकल तो बहुत सारे इंफ्लूएंसर भी ऐक्टिंग करने लगे हैं। ऐसा नहीं कि वो ऐक्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। वो भी अच्छा काम कर रहे हैं, बस इसकी प्रैक्टिस चाहिए। मुझे लगता है कि थोड़ा डिसएडवांटेज है कि ऐक्टर सिर्फ ऐक्टिंग पर ही फोकस कर पाता है और सेट पर ही एंजॉय कर पाता है। इंफ्लूएंसर बहुत सारे काम कर लेते हैं। वो विडियो शूट करते हैं, उसे एडिट करते हैं, स्क्रिप्ट बनाते हैं।




# इब्राहिम अली-खुशी कपूर स्टारर नादानियां 7 मार्च को रिलीज होगी

इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर स्टारर फिल्म 'नादानियां के निर्माताओं ने रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म 7 मार्च को ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफिलक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। नादानियां' इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म है। वहीं, खुशी कपूर की यह 'द आर्चीज', 'लवयापा' के बाद तीसरी फिल्म है। नेटफिलक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने गुरुवार को इसकी घोषणा की और लिखा, कुछ कुछ होता है ऐसी नादानियां देखकर, 7 मार्च को सिर्फ नेटफिलक्स पर नादानियां रिलीज हो रही है। 'नादानियां' में इब्राहिम अली के किरदार का नाम अर्जुन मेहता है। वहीं, खुशी कपूर के किरदार का नाम 'पिया जय सिंह' हैं। 'नादानियां' जेन जेड के रोमांस, प्यार और उसमें आने वाले मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म 'नादानियां' के दूसरे ट्रैक 'गलतफहमी' को रिलीज किया है। फिल्म का गाना प्यार के बीच आने वाली मुश्किलों को दिखाता है। इंस्टाग्राम हैंडल पर गाना शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, उन लोगों के लिए जिन्होंने प्यार किया, खोया और कभी समझा नहीं पाए! 'गलतफहमी' गाना रिलीज हो चुका है। 'गलतफहमी' गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने गाने के बोल लिखे हैं। ट्रैक को आवाज तुषार जोशी और मधुबंती बागची ने दी है। इब्राहिम ने कहा, 'गलतफहमी' में कुछ ऐसा है जिससे आप जुड़ सकेंगे। यह वास्तविक है और दिल टूटने के दर्द को दिखाता है। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। यह प्यार और नुकसान का एक ऐसा पहलू है जो भरोसेमंद है। खुशी ने कहा, 'गलतफहमी' ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और यह 'नादानियां' एल्बम के मेरे पसंदीदा ट्रैक में से एक है। मुझे विश्वास है कि दर्शक गलतफहमी के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं लोगों के बीच इसे पेश करके काफी खुश हूं। शौना गौतम के निर्देशन में बनी 'नादानियां' को धर्मा एंटरटेनमेंट के तहत करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने तैयार किया है। यह फिल्म प्यार के कॉन्सेप्ट को एक नए मोड़ के साथ पेश करती है। इस फिल्म इब्राहिम अली खान, खुशी कपूर के साथ अभिनेत्री महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# जूनियर एनटीआर प्रशांत नील की फिल्म की शूटिंग शुरू

निर्देशक प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का फैंस को लंबे समय से इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग आज (20 फरवरी) हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शानदार तरीके से शुरू हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस शेड्यूल में बड़े पैमाने पर एक एक्शन सीन फिल्माया जाएगा, जिसमें 2,000 से अधिक जूनियर कलाकार हिस्सा लेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म का प्रोडक्शन इतना भव्य होगा कि यह दर्शकों को दंग कर देगा। वहीं, रिपोट्स के मुताबिक एनटीआर जूनियर अगले शेड्यूल में शूटिंग में शामिल होंगे। उनके किरदार को लेकर फैंस की उत्सुकता हर दिन के साथ अब आसमान छूती जा रही है। सेट से फिल्म के पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर सामने आई है। फोटो में देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा कि सीन किसी विरोध प्रदर्शन का है। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। इसके जरिए मेकर्स अगले साल संक्रांति के मौके पर दर्शकों को एक शानदार तोहफा देने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में प्रशांत नील के पहले की टीम के सदस्य जुड़े रहेंगे। प्रशांत नील अपनी पिछली फिल्मों के लिए लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने केजीएफ, केजीएफ चैप्टर 2 और सलार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लोगों का दिल जीता है।अपनी आगामी फिल्म में वह एनटीआर को एक नए अवतार में दर्शकों के सामने पेश करेंगे।



# एक्टर रणदीप हुड्डा ने 'जाट' की डबिंग शुरू की



सरबजीत, सुल्तान, जन्नत 2, एक्सट्रैक्शन, लाल रंग और हाईवे में अपने काम के लिए मशहूर एक्टर रणदीप हुड्डा ने बुधवार को अपनी अगली फिल्म जाट के लिए डबिंग शुरू कर दी। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है और यह एक रोमांचकारी सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म में सनी देओल, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी हैं। सभी एक्टर अपनी भूमिकाओं में अपनी यूनीक इंटेंसिटी और डेप्थ लाते हैं, जिससे एक मनोरम सीन देखने का अनुभव सुनिश्चित होता है। फिल्म की एक्शन कोरियोग्राफी अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट ने की है, जो रोमांचक युद्ध के सीन प्रदान करती है। फिल्म में थमन एस. द्वारा रचित साउंडट्रैक और फोटोग्राफी के निर्देशक के रूप में कैमरे के पीछे ऋषि पंजाबी हैं। यह फिल्म एक उच्च-स्तरीय प्रोडक्शन के लिए मंच तैयार करती है, जिसे सटीकता और जुनून के साथ तैयार किया गया है। इसका संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है, जबकि अविनाश कोला का प्रोडक्शन डिजाइन दर्शकों को फिल्म की मनोरंजक दुनिया के दिल में ले जाएगा। मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा बनी यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। पिछले साल की शुरुआत में, रणदीप ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता वी.डी. सावरकर पर आधारित ऐतिहासिक बायोपिक 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' के साथ निर्देशन में कदम रखा था।



# रॉकेट..., बर्लिन जैसी सीरीज के बाद हीरो ही नहीं, विलन के रोल भी करने हैं

**इश्वाक सिंह ने पाताल लोक, बर्लिन और रॉकट बॉयज जैसी वेब सीरीज और फिल्मों से खास पहचान बनाई। खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, इंडस्ट्री में आए बदलाव और आगे की योजनाओं पर खुलकर बात की।**

### पाताल लोक 2 और बर्लिन की सफलता के बाद करियर में क्या बदलाव पा रहे हैं?

जब लोग आपके काम को पसंद करते हैं तो अच्छा लगता है। जब सिर्फ परफॉर्मेंस ही नहीं, बल्कि पूरी फिल्म या शो सराहा जाता है तो खुशी बढ़ जाती है। यह अहसास धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। जब काम में बिजी होते हैं तो पूरा मजा लेने का मौका नहीं मिलता, जो शायद अच्छा ही है। वरना इंसान हवा में उड़ने लगे लेकिन इस पल को एंजॉय कर रहा हूं। इस इंडस्ट्री में हर सफलता आपको अगले मुकाम तक ले जाती है। मैं इस सफर को पूरी तरह जी रहा हूं।

### मेकर्स की तरफ से क्या अब अलग तरह की अप्रोच आपको देखने को मिल रही है?

बदलाव तो आया है। अब जो ऑफर मिल रहे हैं, वो पहले से काफी अलग हैं। जब कोई प्रोजेक्ट सफल होता है तो मेकर्स को भरोसा हो जाता है कि मैं अलग-अलग तरह के रोल कर सकता हूं। जो भी किरदार मिले, वो मेकर्स की सोच और भरोसे की वजह से ही हैं। पाताल लोक के बाद बर्लिन की जो पूरी तरह अलग थी। चाहता हूं कि लोग मुझे सिर्फ हीरो के रूप में न देखें, बल्कि विलन के रूप में भी पहचान बनाऊं।

### क्या कभी डर लगा कि एक ही तरह के किरदार करने से टाइपकास्ट न हो जाएं?

ऐसा तो कभी नहीं लगा। अच्छे फिल्ममेकर्स जानते हैं कि अगर कोई एक्टर एक रोल बखूबी निभा सकता है तो वह और भी किरदार उतनी ही शिद्दत से कर सकता है। थिएटर से शुरुआत की थी। थिएटर में यह आम बात है कि 17 साल का लड़का 60 साल के व्यक्ति का रोल कर सकता है लेकिन जब फिल्मों में काम शुरू किया तो देखा कि यहां लुक को बहुत अहमियत दी जाती है। यह मेरे लिए नया था लेकिन अब समझ आया कि यह कितना जरूरी है।

### किन निर्देशकों के साथ काम करना चाहेंगे?


इंडस्ट्री के सभी दिग्गज निर्देशकों के साथ काम करना चाहूंगा। जैसे करण जौहर, अनुराग कश्यप, राम गोपाल वर्मा। हालांकि नए डायरेक्टर्स के साथ भी काम करने में उतना ही मजा आता है। नए फिल्ममेकर्स की सोच और अप्रोच अलग होती है। अनुभवी निर्देशकों के साथ काम करके अनुशासन और सीखने का मौका मिलता है, जबकि नए निर्देशकों के साथ काम करने में अलग तरह का रोमांच होता है। वो एक्सपेरिमेंट करने की आजादी देते हैं।

### खलनायक के गाने पालकी में होके सवार के नए वर्जन का अनुभव कैसा था?

जब इस गाने का ऑफर मिला तो शुरुआत में इसे हल्के में लिया लेकिन जब ऑफर एक्सेप्ट करके सेट पर पहुंचा और पूरा गाना सुना तब समझ आया कि यह कितना पेपी और एनर्जेटिक सॉन्ग है। इसका निर्देशन, कोरियोग्राफी और सेटअप शानदार था। पूरी टीम में जबरदस्त जोश था।

# फिल्म दीवानियत में दिखाई देंगे हर्षवर्धन राणे

साल में 2016 हुई रिलीज हर्षवर्धन राणे की फिल्म सनम तेरी कमस को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरस रहे हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर खूब अच्छा परफॉर्म कर रही है। सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता के बाद हर्षवर्धन एक अन्य प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। दरअसल उनकी नई फिल्म का एलान हो गया है, जिसका नाम दीवानियत है। इसकी जानकारी हर्षवर्धन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा... दीवानियत फिल्म कहानी है, प्यार और हार्टब्रेबेक की ये कहानी साल 2025 में सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है, वहीं अमूल मोहन और अंशुल मोहन इसके निर्माता हैं। एक्ट्रेस को लेकर भी कोई खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


चैम्पियंस ट्रॉफी: 2025

# कोहली ने वनडे में पूरे किए 14000 हजार रन





वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

| रन | बल्लेबाज | देश |
|---|---|---|
| 18426 | सचिन तेंदुलकर | भारत |
| 14234 | कुमार संगकारा | श्रीलंका |
| 14085* | विराट कोहली | भारत |
| 13704 | रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया |
| 13430 | सनथ जयसूर्या | श्रीलंका |

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन की पारी खेली और इसके दम पर वो इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए जहां पहले रिकी पोंटिंग मौजूद थे। कोहली ने अपनी पारी के दम पर पूर्व कंगारू कप्तान व दिग्गज बल्लेबाज पोंटिंग को पछाड़ दिया और उन्हें चौथे नंबर पर धकेल दिया।

## कोहली ने तीसरे नंबर पर किया कब्जा

इंटरनेशनल क्रिकेट में कोहली से पहले सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पोंटिंग थे जिन्होंने 560 मैचों में 27,483 रन बनाए थे, लेकिन विराट कोहली ने 547 मैचों में 27,503 रन बनाकर उन्हें चौथे नंबर पर धकेल दिया और तीसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। अब कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं जबकि दूसरे स्थान पर कुमार संगकारा हैं।

## कोहली बने प्लेयर ऑफ द मैच

आपको बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था और फिर ये टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर आउट हो गई। इसके बाद टीम इंडिया ने विराट कोहली की नाबाद शतकीय पारी साथ ही श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत को 6 विकेट से जीत दिला दी। श्रेयस ने 56 रन बनाए तो वहीं भारत ने 42.3 ओवर मे 4 विकेट पर 244 रन बनाकर मैच जीत लिया। विराट कोहली को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बैटर**

सचिन तेंदुलकर- 34,357 रन
कुमार संगकारा- 28,016 रन
विराट कोहली- 27,503 रन
रिकी पोंटिंग- 27,483 रन
महेला जयवर्धने- 25,957 रन

नवजोत सिंह सिद्धू ने की तारीफ

# ‘विराट कोहली 10 से 15 शतक और लगाएंगे’



**दुबई , एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह बल्लेबाज अपने करियर में 10 से 15 शतक और लगा सकता है। दरअसल, रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी बनाई थी। भारत के पावरप्ले में एक विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाकर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई।

साथ ही उन्होंने अपना 51वां वनडे शतक भी बनाया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है, जिनके वनडे में 50 शतक हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, कैरेक्टर संकट में नहीं बनता बल्कि प्रदर्शित होता है। यह एक ऐसा व्यक्ति (विराट कोहली) है, जो जोश और जुनून से भरा हुआ है और इस शतक के बाद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह व्यक्ति अगले 2 या 3 साल तक खेलेगा और वह 10 या 15 शतक और लगाएगा। आप मेरी बात पर यकीन कर सकते हैं, क्योंकि, आप देखिए किसी के लिए भी सबसे बड़ा परीक्षण यह है कि वह कठिन समय से कैसे गुजरता है और वह कैसे कठिनाइयों को अपनाता है। सिद्धू ने जियो हॉटस्टार पर कहा, पिछले छह महीनों में इतना कुछ हुआ है कि उसने अपना पल चुन लिया। जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाए तो लोग इसे 10 साल तक नहीं भूलेंगे। 36 वर्षीय कोहली ने साल 2008 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था।



रोहित शर्मा को हैमस्ट्रिंग में चोट, बोले-

# फिलहाल ठीक हूं, विराट पर कही यह बात

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी फिटनेस को लेकर आशंकाओं को खारिज किया जो पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के अहम मुकाबले के दौरान बीच में उनके मैदान से बाहर जाने के कारण पैदा हुई थी। रोहित फील्डिंग करते समय परेशानी में नजर आए थे और लग रहा था कि हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाने वाले रोहित ने पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पूछे जाने पर कहा कि वह ठीक हैं। 37 वर्ष के कप्तान ने भारत की 6 विकेट से जीत के बाद कहा कि हैमस्ट्रिंग अभी ठीक है। रोहित ने वनडे क्रिकेट में 51वां शतक लगाने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि विराट को देश के लिए खेलना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पसंद है और उसने आज वही किया। ड्रेसिंग रूम में बैठे लोगों को उसके इस प्रदर्शन से कोई हैरानी नहीं हुई। रोहित ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने वही किया जिसकी उनसे अपेक्षा थी। उन्होंने कहा कि हमने शानदार गेंदबाजी की। हमें पता था कि विकेट धीमा हो जाएगा लेकिन हमने अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर भरोसा रखा। कुलदीप, अक्षर और जडेजा को भी जीत का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने अच्छी साझेदारी की लेकिन मैच पर पकड़ बनाए रखना जरूरी था। मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या और हर्षित राणा ने भी अच्छी गेंदबाजी की। पूरी टीम ने उम्दा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि खराब शॉट्स के कारण उनकी टीम को पराजय का सामना करना पड़ा।

# उम्मीद है कि अब कोई नहीं पूछेगा कि क्या विराट फॉर्म में हैं:कोहली के बचपन के कोच




**दुबई, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की साहसिक पारी से बेहद खुश और राहत महसूस कर रहे उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत के इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म पर अब सवाल उठने बंद हो जाएंगे। कोहली ने फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे में अपना 51वां शतक जमाया, जिससे भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत हासिल करके चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शर्मा ने कहा, ‘अब तो नहीं पूछोगे कि विराट फॉर्म में नहीं है। कोहली ने इससे पहले वनडे में अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था। पिछले कुछ वर्षों से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण इस स्टार बल्लेबाज की काफी आलोचना हो रही थी। शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं। उन्होंने कहा, ‘मैं हमेशा कहता रहा हूं कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया। वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। शर्मा ने कहा, ‘वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। शर्मा ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा, ‘वनडे में 51वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 82वां शतक लगाने के अलावा उसने वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। यह बड़ी उपलब्धि है। मुझे उसे पर गर्व है कि उसने पूरे देश का गौरव बढ़ाया। हम सब बहुत खुश हैं कि उसने देश को जश्न मनाने का मौका दिया।

# सेबेस्टियन बाएज ने लगातार दूसरी बार जीता रियो ओपन का खिताब

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बाएज ने लगातार दूसरी बार रियो ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया। ऐसे करने वाले पहले वह पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने फाइनल मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-2, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही बाएज दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े टेनिस टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत कायम रखने में सफल रहे।

बाएज ने पूरे मैच के दौरान शानदार खेल दिखाया और 26 विनर्स लगाए। उन्होंने मुलर की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए एक घंटे 27 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बाएज ने कहा, मुझे पूरे सप्ताह अपने प्रदर्शन पर बहुत गर्व है। मैं हर मैच से बहुत खुश हूं। उन्होंने आगे कहा, फाइनल हमेशा अलग होते हैं क्योंकि आप टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं। मैं मैच



पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं और यही सबसे मुश्किल हिस्सा होता है, लेकिन मेरे कोच और टीम ने मुझे पूरा समर्थन दिया, जिससे मैं अपना ध्यान बनाए रख सका। रिपोर्ट के अनुसार, यह 24 वर्षीय खिलाड़ी का सातवां एटीपी टूर खिताब है, जिसमें से छह खिताब उन्होंने क्ले कोर्ट पर जीते हैं। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुलर को बाएज के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करना पड़ा। 28 वर्षीय मुलर की सर्विस मैच में कमजोर रही। उन्होंने तीन डबल फॉल्ट किए और अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ 60 प्रतिशत अंक जीते, जबकि दूसरी सर्विस पर यह आंकड़ा 32 प्रतिशत ही रहा।

दुनिया के 60वें नंबर के खिलाड़ी मुलर ने मैच के बाद कहा, वह शारीरिक रूप से मुझसे बेहतर थे। कल मेरा मुकाबला शानदार रहा, लेकिन आज का दिन मुश्किल था। मैंने आक्रामक खेलने की कोशिश की, लेकिन वह बहुत गहराई से खेल रहे थे और उनसे निपटना आसान नहीं था। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, मैंने रियो में अपने समय का भरपूर आनंद लिया। यह एक शानदार सप्ताह था, शानदार मैच खेले और मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल फिर यहां वापसी करूंगा। रियो ओपन दक्षिण अमेरिका का एकमात्र एटीपी 500 टूर्नामेंट है और ब्राजील में एकमात्र एटीपी टूर इवेंट भी है।

# व्यूवरशिप के टूटे रिकॉर्ड, भारत-पाकिस्तान मैच के लिए जियोहॉटस्टार पर जुड़े 60 करोड़ से अधिक फैंस

**दुबई, एजेंसी।** भारत पाकिस्तान मैच को विराट कोहली के शतक ने और मजेदार बना दिया. काफी समय से आउट ऑफ़ फॉर्म चल रहे कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय पारी खेली. कोहली ने विजयी चौका लगाकर अपने शतक को पूरा किया. इस दौरा जियोहॉटस्टार ने व्यूवरशिप का रिकॉर्ड बनाया. इस समय ओटीटी प्लेटफॉर्म ने 60.2 की व्यूवरशिप को छुआ. जियो और हॉटस्टार मर्ज होने के बाद ये इस प्लेटफॉर्म पर पहला भारत पाकिस्तान मैच




था. दोपहर ढाई बजे मैच शुरू हुआ तो व्यूवरशिप 6.8 करोड़ पहुंच गई. इसके बाद मैच जैसे जैसे बढ़ता गया, व्यूवरशिप भी तेजी से बढ़ी. पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. पाकिस्तान की पारी के अंतिम ओवर में व्यूवरशिप 32.1 करोड़ पहुंच गई थी.

मन की बात में बोले पीएम मोदी

# वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत, खेलो इंडिया ने दी खिलाड़ियों को पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं।

पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।

## खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।

# मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा : कुलदीप यादव

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।

कुलदीप ने कहा, ‘चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। बांग्लादेश के खिलाफ भी मेरी लय अच्छी थी। कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट



हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, ‘लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।

कुलदीप ने कहा, ‘मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा। कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। अपनी रणनीति के बारे में कुलदीप ने कहा, ‘अपने पहले स्पैल में मैंने काफी चाइनामैन की। अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के लिए मैं गुगली भी करता हूं। इसके अलावा मैंने टॉप स्पिन भी की। कुलदीप ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के बारे में कहा, ‘मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए पहली पसंद का गेंदबाज बनने में सक्षम हूं।

यहां तक कि कप्तान का भी मानना है कि अगर आपके पास विविधता है तो स्पिनर पर शॉट मारना मुश्किल होता है। सौभाग्य से यह मेरे लिए अच्छा था। विकेट भी धीमा था।

## न्यूज बाइट्स

### पूर्व पंचायत सचिव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बारुण प्रखंड के बरौली निवासी पूर्व पंचायत सचिव समाजसेवी माधव मिश्रा के निधन पर आयोजित श्राद्ध के मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अजीत मिश्रा के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने माधव मिश्रा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि माधव मिश्रा ने सेवाकाल में ईमानदारीपूर्वक लोगों की सेवा की। वें जरूरतमंदों की हमेशा मदद करते थे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। श्रद्धांजलि सभा में ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, रेडक्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, औरंगाबाद नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय प्रसाद गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पांडेय, शिक्षक नेता अशोक पांडेय, ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह, बारुण की पूर्व प्रमुख अर्चनाचंद्र, पूर्व प्रमुख रंजन सिंह, जिला पार्षद राधेश्याम सिंह, अधिवक्ता राजाराम चौधरी, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, प्रो. ओम प्रकाश सिंह, पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, घटराईन पंचायत के मुखिया संजय यादव, शिक्षक उज्ज्वल रंजन, शिक्षक मनोज कुमार सिंह, चाणक्य परिषद के कोषाध्यक्ष शंभू मिश्रा, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, योगेंद्र दुबे राजीव सिंह, अशोक मिश्रा, सुनील दुबे, औरंगाबाद के नगर पार्षद अशोक सिंह चौहान एवं जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### चौपाल को ऐतिहासिक बनाने में जुटा राजद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के चौबड़ा पंचायत के भैंसासुर गांव में युवा राजद का प्रखंड स्तरीय चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में युवा राजद के जिलाध्यक्ष राहुल यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने चौपाल के प्रभारी पंकज कुमार को अंगवस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया। अध्यक्षता युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि रोजगार, महंगाई के मुद्दे पर डबल इंजन की सरकार विफल है। सूबे में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है। जिलाध्यक्ष राहुल यादव ने कार्यकर्ताओं से 5 मार्च को पटना में प्रस्तावित युवा चौपाल में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। इस अवसर पर युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष विकास यादव, पंचायत अध्यक्ष तारा, प्रखंड महासचिव आदिल, रोबिन, रंजीत, आरिज खान, मनीष कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कोटवारा पैक्स का चुनाव स्थगित

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के कोटवारा पैक्स के चुनाव के लिए मतदान 25 फरवरी को निर्धारित था। लेकिन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आदेश के आलोक में चुनाव प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। आदेश में दो डीम्ड सदस्यों का मतदाता सूची में नाम नही जोड़ने से मतदान से वंचित रखने संबंधी आरोपों की जांच प्रक्रियाधीन रहने को कारण बताया गया है। ऐसी परिस्थिति में अगले आदेश तक निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित रखने का निर्देश दिया गया। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आदेश के आलोक में कोटवारा पैक्स निर्वाचन की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित की गई है।

# डीएलएसए के सचिव ने की थानाध्यक्षों के साथ बैठक, सुलह योग्य मामलों की पहचान पर जोर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने सोमवार को प्राधिकार के कॉन्फ्रेंस हॉल में औरंगाबाद जिले के सभी थानाध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सचिव ने सभी थानाध्यक्षों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में लंबित मामलों की पहचान करें और अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निपटाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्राधिकार ने सभी न्यायालयों में लंबित सुलह योग्य वादों की सूची तैयार कर थानावार भेज दी है, जिससे पुलिस प्रशासन की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे पक्षकारों से संपर्क कर उन्हें लोक अदालत में अपने मामले सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे समाज में भाईचारा, प्रेम और शांति बनी रहे।

सचिव ने यह भी कहा कि यदि किसी पक्षकार को काउंसिलिंग की आवश्यकता हो, तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय भेजा जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि लोक अदालत के संबंध में जारी किए गए नोटिस संबंधित पक्षकारों तक समय पर पहुँचें। नोटिस की तामील कराते समय पक्षकारों का नाम और संपर्क नंबर अवश्य दर्ज कराया जाए, ताकि न्यायालय और विधिक सेवा प्राधिकार अपने स्तर से भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सके। बैठक में थानाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया गया कि यदि किसी पक्षकार का निवास थाना क्षेत्र के बाहर है, तो संबंधित थाने से संपर्क कर सूचक को सूचित कराया जाए और इसकी जानकारी विधिक सेवा प्राधिकार या न्यायालय को दी जाए। इसके अलावा, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस पहल से जोड़ने का निर्देश दिया गया, ताकि वे अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक कर सकें और अपने गाँव-मोहल्ले को विवाद मुक्त बनाने में योगदान दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कर लोगों को त्वरित न्याय दिलाना है। इस बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्षों ने भाग लिया और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# दहेज के लिए महिला की हत्या, परिजनों ने पति और ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**



दहेज के लिए हत्या का एक और मामला औरंगाबाद के दाउदनगर शहर स्थित शिवपुरी कॉलोनी से सामने आया है। 25 वर्षीय निशु कुमारी की हत्या कर दी गई, और उसके बाद शव को पंखे से लटका दिया गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि निशु की हत्या उसके पति रवि प्रकाश और ससुराल के अन्य सदस्यों ने दहेज के लिए की है। मृतका के परिजनों के अनुसार, 2021 में निशु की शादी बिरई गांव के निवासी रवि प्रकाश से हुई थी। शादी के समय सभी दान-दहेज की चीजें दी गई थीं, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले निशु को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। निशु के पिता गोपाल ने आरोप लगाया कि अंत में ससुराल वालों ने उनकी बेटी को गला घोटकर मार डाला। घटना की सूचना मिलने के बाद गोपाल अन्य परिजनों के साथ निशु के ससुराल पहुंचे, जहां ससुराल वालों की ओर से उनके साथ मारपीट भी की गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है, और एफएसएल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और मामले की उचित जांच की जाएगी।

निशु के पिता ने अपने आवेदन में रवि प्रकाश, उसके पिता राम लखन शर्मा, माता मन इंदु देवी और भाई मनीष कुमार पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम-एसपी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा, वादों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**





सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में त्वरित न्यायालय और सामान्य वादों की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें जिला पदाधिकारी ने अधिक वाद लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने सभी अभियोजन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह कम से कम पांच वादों का अनिवार्य रूप से निष्पादन कराया जाए। साथ ही, लंबित मामलों को कम करने के लिए कुल लंबित वादों का 30 प्रतिशत निपटाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी कहा गया कि हर माह दर्ज किए गए नए वादों से अधिक संख्या में वादों के निपटारे का प्रयास किया जाए, जिससे लंबित वादों की संख्या में कमी आ सके। यदि किसी मामले के निष्पादन में कोई कठिनाई हो, तो उसे लिखित रूप में सूचित करने का निर्देश दिया गया ताकि इसे जिला समन्वय समिति की बैठक में एजेंडा के रूप में शामिल किया जा सके।

सभी सहायक सरकारी अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि अगली बैठक में वाद वार सरकारी भूमि की सन्निहीत रकवा (संबंधित क्षेत्र) का जिक्र करते हुए प्रतिवेदन भेजें।

**वादों के निष्पादन में सुधार, लेकिन और प्रयास की जरूरत**

जिला पदाधिकारी ने पिछले दो महीनों में वादों के निष्पादन में हुई वृद्धि की सराहना की, लेकिन उन्होंने अभियोजन अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने का निर्देश दिया। इस समीक्षा बैठक में विधि शाखा प्रभारी रितेश कुमार, लोक अभियोजक, सभी अपर लोक अभियोजक, सभी सहायक सरकारी अधिवक्ता, सभी विशेष लोक अभियोजक और जिला अभियोजन पदाधिकारी मौजूद थे। सरकार के निर्देशों के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज करना और न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना था।

# देवकुंड महोत्सव की तैयारी को ले थाना परिसर में बैठक संपन्न



**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**

गोह के देवकुंड में देवकुंड महोत्सव के आयोजन को लेकर थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ मनोज कुमार, बीडीओ राजेश कुमार, दिनकर मठाधीश कन्हैयानंद पुरी और थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे। बैठक के दौरान देवकुंड महोत्सव के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। आयोजन स्थल की देखरेख की गई और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। देवकुंड महोत्सव दो दिनों तक, 28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ सांसद राजाराम सिंह करेंगे। यह देवकुंड महोत्सव का दूसरा संस्करण है, जो पिछले वर्ष की सफलता के बाद आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के आयोजन में कई नए और रोमांचक कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, जो दर्शकों को आकर्षित करेंगे।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने देवकुंड महोत्सव के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम है और इसके आयोजन के लिए हमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करनी होंगी। आयोजकों को उम्मीद है कि इस वर्ष के महोत्सव में लाखों लोगों की भीड़ होगी, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगी।

# पुनपुन नदी के संगम तट पर दो अज्ञात महिलाओं के शव बरामद



**निज संवाददाता | गोह**

गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव के समीप भृगुरारी धाम स्थित पुनपुन एवं मदार नदी के संगम तट पर सोमवार को दो अज्ञात महिलाओं के सड़े-गले शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव कब से वहां पड़े थे, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी, लेकिन शवों से उठ रही तेज दुर्गंध से वहां मौजूद लोगों को इसका पता चला। सोमवार को बड़गांव गांव में बुढ़वा महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली जा रही थी। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नदी में जलभरने पहुंचे थे। जैसे ही भक्तों ने जलभराई के लिए नदी के किनारे कदम रखा, उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई। पहले तो लोगों ने इसे सामान्य समझा, लेकिन जैसे-जैसे बदबू बढ़ी, श्रद्धालुओं में बेचैनी फैल गई। जब कुछ स्थानीय लोग बदबू के स्रोत की जांच करने लगे, तो उन्हें नदी के किनारे सड़ी-गली अवस्था में दो महिलाओं के शव पड़े मिले। शव मिलने की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोह पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया।

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के खिलाफ वकीलों का विरोध



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व वरीय अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने अधिवक्ताओं से अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 का विरोध करने का आह्वान किया है। कहा कि सरकार को संशोधन नहीं करना चाहिए। यदि संशोधन हो तो, वह अधिवक्ताओ के हित में हो। अभी जो प्रारूप आया है, वह अधिक्ता समाज के कल्याण के प्रतिकूल है। झूठी शिकायत पर जुर्माना है। इसमें अधिवक्ताओं की सुरक्षा के उपाय नहीं है।प्रस्तावित संशोधन के अनुसार बार काउंसिल ऑफ इंडिया किसी भी अधिवक्ता को तुरंत निलंबित कर सकता हैं। अधिवक्ताओ पर तीन लाख तक जुर्माना लगा सकता है, यह क्यों? वकीलों को अपनी मांगों और समस्याओं को

उठाने के लिए हड़ताल और कोर्ट बहिष्कार एक महत्वपूर्ण हथियार है, इसे छीन लेना आवाज दबाने जैसा है। यह संशोधन अधिवक्ताओं के खिलाफ पक्षपातपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण हो सकता है। न्याय प्रणाली में अधिवक्ताओ की भूमिका को कमजोर कर सकता है। इसलिए इसका विरोध जरूरी है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के अधिवक्तागण खुद को 25 फरवरी को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। हम अधिवक्ता समाज वर्षों से अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग कर रहे हैं जिसे पूरा नहीं किया जा रहा है लेकिन जो अधिकार अधिवक्ता अधिनियम 1961 में समाज के लिए है, उसे तो सुरक्षित रहना चाहिए।

# एनएच-120 दाउदनगर बाईपास निर्माण, मुआवजा भुगतान के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

एनएच-120 दाउदनगर-बाईपास पथ के निर्माण हेतु अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान के लिए संबंधित रैयतों को अधिकांश एल०पी०सी० (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) निर्गत किया जा चुका है। परंतु जिला भू-अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद में मुआवजा भुगतान के लिए आवश्यक अभिश्रव (बैंक खाता संबंधी जानकारी एवं अन्य दस्तावेज) अब तक जमा नहीं किया जा रहा है, जिससे भुगतान प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए 26 एवं 27 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से पंचायत सरकार भवन, तरार में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में तरार एवं तरारी मौजा के रैयतों को एलपीसी निर्गत करने और अभिश्रव प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में संबंधित अंचल/मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी और अन्य राजस्व अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे। साथ ही, पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव भी मौजूद रहेंगे और वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

जिला प्रशासन ने तरार एवं तरारी मौजा के सभी रैयतों से अपील की है कि वे समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी जमीन संबंधी दस्तावेज जमा करें, ताकि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके। इस विशेष शिविर का उद्देश्य रैयतों को मुआवजा भुगतान में आ रही देरी को दूर करना और भूमि अर्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करना है।

# मैट्रिक : ऐच्छिक विषयों की हुई परीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2025 के सातवें दिन सोमवार को दोनों पाली में ऐच्छिक विषयों की परीक्षा राज्य भर के 1677 परीक्षा केन्द्रों पर शांतपूर्ण तरीके से कदाचारमुक्त संपन्न हुई। सातवें दिन राज्य के किसी भी जिले से कदाचार के आरोप में निष्कासन का मामला सामने नहीं आया। प्रथम पाली की परीक्षा 9:30 बजे से 12:45 बजे तक चली। प्रथम पाली में ऐच्छिक विषयों के अंतर्गत उच्च गणित, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, फारसी, संस्कृत, अरबी और मैथिली विषयों और ललित कला, गृह विज्ञान, नृत्य और संगीत विषय विषयों की परीक्षा 9:30 बजे से 12:15 बजे तक चली। दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से 5:15 बजे तक चली। दूसरी पाली में भी ऐच्छिक विषयों के अंतर्गत गणित, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, फारसी, संस्कृत, अरबी और मैथिली विषयों और ललित कला, गृह विज्ञान, नृत्य और संगीत विषय विषयों की परीक्षा 2 बजे से 4:45 बजे तक चली। पटना जिले में 73 केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। मंगलवार को मैट्रिक की अंतिम परीक्षा : मंगलवार को मैट्रिक की अंतिम परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन केवल प्रथम पाली में होगा।

# डॉल्फिन बचाने के लिए गंगा किनारे गावों में चलेगा अभियान

**निज संवाददारता | पटना**



डॉल्फिन को बचाने के लिए गंगा किनारे के गावों में अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। देश में सबसे ज्यादा बिहार की गंगा नदी डॉल्फिन में पाई जाती है, लेकिन दिनोंदिन इसकी संख्या घटती जा रही है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जलीय पक्षी डॉल्फिन को बचाने और उसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तैयारी की जा रही है। गंगा किनारे के सभी गावों में अभियान चलाया जाएगा। विभाग की ओर से डॉल्फिन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गंगा किनारे के सभी गावों में 'जन जागरण अभियान की शुरुआत होगी। अभियान अगले महीने शुरू होगा। मंत्री ने बताया कि गावों में जाकर लोगों बात करेंगे और उनसे सहयोग करने की अपील की जाएगी। आखिर ये डॉल्फिन गई कहां? इसका जवाब देते हुए डॉल्फिन मैन ऑफ इंडिया आरके सिन्हा ने कहा कि डॉल्फिन का भोजन नदी में पाई जाने वाली छोटी- छोटी मछलियां होती हैं, लेकिन उनके शोषण और तस्करी की वजह से अब वह भी पाई नहीं जाती। तो जब उनके भोजन बचेगा ही नहीं ता वो खाएंगी क्या? जहां भोजन रहेगा वहीं चली गई होंगी या फिर संख्या घटने का दूसरा कारण उनका शिकार हो सकता है। सिन्हा ने बताया कि डॉल्फिन के शरीर में लगभग 30 प्रतिशत फैट पाया जाता है जिसका तेल निकाल कर छोटी-छोटी मछलियों को फंसाने में इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने बताया कि आजकल इतना अधिक हनन हो रहा है कि मछलियों के रहने के लिए जगह रहने ही नहीं दिया गया है। 3मछुआरों का कहना है कि जो बंसपत्ता मछली जो कि डॉल्फिन का भोजन होता है वो अब दिखती ही नहीं हैं।

# 32 एकड़ में लगे करोड़ों रुपए के अफीम की खेती नष्ट

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिला में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सुरक्षा बलों के सहयोग से औरंगाबाद पुलिस ने आज 32 एकड़ में लगी अफीम फसल को विनष्ट कर दिया। मामला मदनपुर थानांतर्गत के सुदूरवर्ती इलाका सागरपुर, ढ़कपहरी जंगली क्षेत्र का है, जहां अज्ञात नक्सलियों द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी। सुरक्षा बलों ने जंगल में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर चला कर एवं लाठी डंडे से पीट कर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी रूचि सिह के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार तथा सीआरपीएफ के 47 वीं बटालियन के नेतृत्व में की गई। जब्त अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में छह करोड़ रूपये से अधिक आंकी गयी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप सोमवार को 32 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। मामले में वन विभाग के द्वारा अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं स्थानीय लोगों को चेतावनी दी कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खेती में लिप्त न हों अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं लोगों से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। कहा कि इस छापामारी अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों और अफीम माफिया का भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिहार की भूजलीय स्थिति का अध्ययन करेंगे प्रशिक्षु वैज्ञानिक

**निज संवाददाता | पटना**

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के प्रशिक्षु वैज्ञानिक बिहार की भूजलीय स्थिति का अध्ययन करेंगे। साथ ही वे भूजल संबंधित विभिन्न आयामों की भी विस्तृत जानकारी लेंगे। इन सबके अध्ययन के लिए 27 प्रशिक्षु वैज्ञानिक सोमवार को पटना पहुंचे। ये अधिकारी 28 फरवरी तक बिहार के दौरे पर रहेंगे। दरअसल, विभिन्न राज्यों के ये नवनियुक्त अधिकारी एक वर्षीय प्रशिक्षण के अंतर्गत देश के विभिन्न भूजलीय क्षेत्रों के अध्ययन के दौरे पर हैं। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के मध्य-पूर्वी क्षेत्र के दफ्तर में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने इनका स्वागत किया।

# पीएम-सीएम के नेतृत्व में विकास का केंद्र बनेगा बिहार : विजय सिन्हा

**निज संवाददाता | पटना**



उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदहाली नहीं, बल्कि वैभव का प्रतीक बनने की राह पर है। भागलपुर कार्यक्रम के दौरान मोदीजी ने बिहार को जो 'समृद्धि की सौगात दी है उसके दूरगामी परिणाम होंगे। निश्चित रूप से इससे बिहार पूर्वी भारत के आर्थिक विकास का चालक बनकर उभरेगा। सोमवार को जारी बयान में कहा कि पीएम और सीएम, दोनों विकास के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्वकर्ता हैं। यही कारण है कि इनके शासन में देश और राज्य में निरंतरता के साथ सबका साथ सबका विकास सुनिश्चित हुआ है। जहां 2005 से अब तक एनडीए सरकार के प्रयासों से राज्य का बजट 28 हजार करोड़ से बढ़कर 3 लाख करोड़ तक पहुंचा है। वहीं मोदीजी के शासन में बीते एक दशक में कृषि बजट में चारगुना वृद्धि हुई है। आज देश के साथ बिहार में बुनियादी ढांचे से लेकर सोशल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के स्कोप और स्केल में सतत बढ़ोतरी हो रही है। भागलपुर में जहां प्रधानमंत्री ने सीमांत किसानों को सम्मान निधि देने के साथ प्रदेश के पशुपालकों के लिए उन्नति के रास्ते खोले, वहीं दूसरी ओर खगड़िया के कृषि उत्पादक संघ का उद्घाटन किया। राज्य को विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में बड़ी सौगात देने की भी घोषणा की।

